जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



The Story Of Two Brothers In India And Pakistan

When Yunus realized that the injured man was his brother, he reportedly shouted, "Don't be sad, 'little one,' we are soldiers, and we have done our duty."

The Tough Making Of A Bridge

Sweeter Than Candy And Nearly Extinct

# सतीशन मु.मंत्री बने केरल के

## अन्ततोगत्वा राहुल ने भी अपना समर्थन वापस लिया, वेणुगोपाल की उम्मीदवारी से

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 मई। 10 दिनों तक चली लंबी और कठिन लड़ाई के बाद वी.डी. सतीशन केरल के नए मुख्यमंत्री बन गये। इस प्रक्रिया में के.सी. वेणुगोपाल ने हर संभव चाल चलकर सतीशन को मात देने की कोशिश की, लेकिन अंततः उन्हें हार माननी पड़ी, जब राहुल गांधी ने, प्रियंका और सोनिया गांधी के दबाव के बाद, वेणुगोपाल का समर्थन वापस ले लिया।

यह दबाव उस समय आया, जब कांग्रेस की प्रमुख सहयोगी पार्टी आईयूएमएल अपने रुख पर अड़ गई और उसने नेतृत्व को चेतावनी दी कि वे वायनाड को अमेठी जैसी स्थिति में नहीं देखना चाहते। इसके चलते प्रियंका गांधी के कार्यालय पर पोस्टर लगाए गए और उन पर कालिख पोती गई। आईयूएमएल सतीशन की बेहद करीबी है।

- राहुल गांधी ने प्रातः साढ़े आठ बजे सतीशन को बुलाकर अपना निर्णय सुनाया। उसके बाद वेणुगोपाल ने दो घंटे और लगाए राहुल को अपनी खुद की उम्मीदवारी के "प्लस पॉइंट" समझाने में।
- वेणुगोपाल को 10 महीने बाद कांग्रेसाध्यक्ष के चुनाव में अध्यक्ष बनने की "गाजर" लटका के शांत किया गया।

वरिष्ठ नेता, जैसे ए.के. एंटनी और अन्य ने सतर्क रहने की सलाह दी और राहुल गांधी से कहा कि राज्य इकाई की भावनाओं, जनता की पसंद और पार्टी की इच्छाओं का ध्यान रखें।

सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी ने सुबह 8:30 बजे सतीशन को फोन किया। जब यह खबर वेणुगोपाल तक पहुंची, तो उन्होंने 2 घंटे राहुल गांधी के साथ बिताए, यह समझाने की कोशिश

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हद है चाकरी की

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 मई। कांग्रेस में चापलूसी और चाटुकारिता अकल्पनीय हदों तक पहुँच चुकी है, वास्तव में स्थिति हास्यास्पद बनती जा रही है।

संदर्भित मामला कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से संबंधित नहीं है, जिसे कुछ हद तक समझा जा सकता है, बल्कि यह केसी वेणुगोपाल से जुड़ा है, जो कांग्रेस पार्टी के नए हाईकमान हैं।

अधिकांश वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने वीडी सतीशन को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई देने वाला ट्वीट तक नहीं किया है। मुख्य रूप

- वेणुगोपाल की नाराज़गी के भय से कांग्रेस के अधिकतर नेताओं ने सतीशन के मु.मंत्री बनने की खुशी में शामिल होने की हिम्मत नहीं दिखाई तथा बधाई के संदेश भी नहीं भेजे।

से इसलिए कि वे वेणुगोपाल के पक्ष में दिखना चाहते हैं, जो राहुल गांधी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आयात बिल घटाने के लिए कोयला गैस पर फोकस

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 मई। जमीन के अंदर छिपा एक ऊर्जा स्रोत फिर से नीति के केन्द्र में लौट आया है।

बुधवार को, भारत की केन्द्रीय कैबिनेट ने कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण के लिए 37,500 करोड़ रुपये की समर्थन योजना मंजूर की। केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह योजना 3 लाख करोड़ रुपये के निवेश को आकर्षित कर सकती है।

- भारत सरकार ने इसके लिए 37,500 करोड़ रूपए की सपोर्ट स्कीम को मंजूरी दी।

समय का यह चयन संयोग नहीं है। ईरान संघर्ष के कारण तेल की आपूर्ति श्रृंखलाओं पर भारी दबाव है। भारतीय रिज़र्व बैंक ने चेताया है कि अगर युद्ध लंबा चलता है तो ईंधन की कीमतें बढ़ सकती हैं।

जैसे ही नई दिल्ली आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने की कोशिश कर रही है, वह ऊर्जा निर्भरता कम करने की दीर्घकालिक रणनीति भी तैयार कर रही है। ऊर्जा स्रोतों की खोज में, सरकार ने निर्णय लिया है कि घरेलू

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# शी-ट्रंप वार्ता कोई "न्यूज़ ब्रेकिंग" घटना नहीं, बल्कि एक अस्थाई "पोज़" है

## दोनों नेताओं को देश के आंतरिक दबावों के कारण "शांतिपूर्ण स्थिरता" का दिखावा करना पड़ रहा है

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 मई। बीजिंग में ट्रम्प-शी की बैठक को ज्यादा से ज्यादा कूटनीतिक शिष्टाचार का इज़हार कहा जा सकता है, जो शी द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए दिए गए सरकारी भोज में डिनर टेबल तक नज़र आ रहा था। वैश्विक स्तर पर इसे किसी बड़े ऐतिहासिक समझौते के रूप में नहीं, बल्कि दो ऐसी महाशक्तियों के बीच एक रणनीतिक विराम के रूप में देखा जा रहा है, जो एक-दूसरे को अस्थायी प्रतिद्वंदी के बजाय, दीर्घकालिक प्रतिद्वंदी के रूप में देखती हैं।

तीन मुख्य निष्कर्ष सामने आते हैं। पहला, दोनों पक्षों को स्टेबिलिटी के दिखावे की जरुरत थी। अमेरिकी अर्थव्यवस्था चुनावी वर्ष के राजनीतिक दबाव, महँगाई की चिंताओं और सप्लाई चेन की समस्याओं से जूझ रही है, जबकि चीन धीमी वृद्धि, संपत्ति क्षेत्र के तनाव, कमजोर उपभोक्ता विश्वास और विदेशी निवेश में गिरावट से संघर्ष कर रहा है। वर्तमान में न तो वॉशिंगटन और न ही बीजिंग को अनियंत्रित संघर्ष से

- ट्रंप पर अमेरिका में चुनावी वर्ष होने का पूरा दबाव है, जिसमें महँगाई की चिंता व औद्योगिक उत्पादन में "सप्लाई श्रृखंला" टूटने या अवरूद्ध होने का दबाव कोई राजनीतिज्ञ बर्दाश्त नहीं करना चाहता।
- दूसरी ओर चीन भी घटती ग्रोथ रेट और कम होते विदेशी पूँजी के निवेश से परेशान सा है।
- अतः दोनों देशों के लिए "झूठी-सच्ची" स्थिरता का आभास दिलाना जरूरी है।
- अतः दोनों नेताओं की बातचीत में दिखावा व अस्थाई ठंडे छींटे देने से उत्पन्न हुई स्थिति से तत्कालिक सुख का आभास तो होगा, कोई दीर्घकालीन समझौता होने की गुंजाइश नहीं है।

कोई लाभ है। इसलिए यह बैठक एक महत्वपूर्ण संकेत देने का काम करती है: प्रतिस्पर्धा जारी रहेगी, लेकिन दोनों पक्ष सीधे आर्थिक या सैन्य टकराव को रोकने के लिए कुछ सीमाएं रखना चाहते हैं।

दूसरा : अमेरिका ने यह महसूस कर लिया है कि चीन के साथ दोस्ती का व्यवसायिक रिश्ता नहीं चल सकता है और दोनों के बीच प्रतिद्वंद्विता है, जिसे व्यवहारिक रुप से "मैनेज" करना है। दशकों तक अमेरिकी नीति यह मानती रही थी कि गहरा व्यापार और इंटिग्रेशन धीरे-धीरे चीन को अधिक सहयोगी स्टेकहोल्डर बना देगा। यह आम सहमति अब रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक, दोनों ही व्यवस्थाओं में टूट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दिल्ली में स्लीपर बस में महिला का गैंग रेप

## आम आदमी पार्टी ने इसे एक और "निर्भया कांड" की संज्ञा दी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 मई। दिल्ली में सोमवार को एक स्लीपर बस के अंदर कथित रूप से एक महिला के साथ गैंगरेप किया गया। इस मामले में आरोपी ड्राइवर और कंडक्टर को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया।

शिकायत के अनुसार, महिला ने आरोप लगाया कि दो पुरुषों ने बस के अंदर उसका बलात्कार किया। यह घटना सोमवार रात दिल्ली के रानी बाग क्षेत्र में हुई। पीड़िता, पीतमपुरा की एक झुग्गी बस्ती में रहती है और मंगलपुरी में एक फैक्ट्री में काम करती हैं।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि कथित अपराध में इस्तेमाल वाहन जब्त कर लिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि जांच जारी है और सभी संभावित पहलुओं की समीक्षा की जा रही है।

प्राप्त समाचारों के अनुसार, 11 मई की रात, महिला अपने काम से घर लौट रही थी, जैसे वह आमतौर पर करती हैं, उसी समय स्लीपर बस सरस्वती विहार बस स्टॉप पर रुकी।

- आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठाया और कहा, स्लीपर बस में गैंग रेप की घटना सन् 2012 के निर्भया मामले की याद दिलाती है।
- सूत्रों के हवाले से बताया गया, महिला फैक्ट्री से काम कर घर लौटने के लिए सरस्वती विहार बस स्टॉप पर खड़ी थी, जहाँ उसे जबरन बस में घसीट लिया गया और नांगलोई ले जाकर बस में ही बलात्कार किया गया। पुलिस ने बस जब्त कर ली है और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

महिला कथित रूप से बस के दरवाजे पर खड़े एक पुरुष से समय पूछने के लिए बस के समीप गई, जिसके बाद कथित रूप से उसे जर्बदस्ती वाहन के अंदर खींच लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी बस को नांगलोई की ओर ले गए, जहां कथित रूप से बलात्कार किया गया।

पुलिस के अनुसार, महिला विवाहित हैं और उनके तीन बच्चे हैं। उनका मैडिकल परीक्षण करने के बाद एफआईआर दर्ज की गई और आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं।

मामले की आगे की जांच जारी है।

आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को इस घटना पर भाजपा सरकार की कड़ी आलोचना की, इसे निर्भया मामले का दोहराव बताते हुए राष्ट्रीय राजधानी में महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठाया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एयर इंडिया फ्लाइट में हलवा पूड़ी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 मई। हाल ही में एक एयर इंडिया की एक उड़ान ने यात्रियों को कुछ ऐसा अनुभव कराया, जिसकी किसी ने उम्मीद नहीं की थी। एक यात्री के सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, दिल्ली से बाली जाने वाली इस उड़ान में यात्रियों को हलवा पूड़ी चना परोसा गया।

- एक विमान यात्री के सोशल मीडिया पोस्ट में बताया गया कि एयर इंडिया की दिल्ली से बाली जा रही फ्लाइट में हलवा पूड़ी और चना परोसा गया। अधिकांश यात्रियों ने इस पर सुखद आश्चर्य जताया।

यह पल बेहद चौंकाने वाला था,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सोशल मीडिया पर प्र.मंत्री और राहुल की विदेश यात्राओं की तुलना शुरु

## भाजपा और कांग्रेस ने एक दूसरे पर आरोप लगाए

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 मई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई नागरिकों से बचत और संयम बरतने की अपील पर नकारात्मक प्रतिक्रिया के बीच, भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की विदेश यात्राओं पर सवाल उठाए हैं और कहा है कि पिछले 22 वर्षों में इन यात्राओं पर 60 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। भाजपा नेता संबित पात्रा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ऐसा खर्च उनके ज्ञात आय स्रोतों से मेल नहीं खाता।

जैसी कि उम्मीद थी, कांग्रेस ने पलटवार किया और पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्राओं का विवरण देते हुए एक पोस्टर जारी किया। पोस्टर में कहा गया कि मोदी की विदेश यात्राओं पर 815.42 करोड़ रुपये खर्च हुए।

हाल के दिनों में, मोदी ने नागरिकों से ऊर्जा संकट का सामना करने के लिए खर्च घटाने की दो बार अपील की है,

- भाजपा ने राहुल गांधी की विदेश यात्राओं पर सवाल उठाया और कहा, 22 साल में उन्होंने विदेश यात्राओं पर 60 करोड़ रूपए खर्च किए, यह खर्च उनकी आय के स्रोतों से मेल नहीं खाता है।
- कांग्रेस ने पलटवार किया और पोस्टर लगवाए जिनमें लिखा था कि 12 साल में प्र.मंत्री मोदी की विदेश यात्राओं पर 815.42 करोड़ रूपए खर्च हुए हैं।

जो पश्चिम एशिया के युद्ध के कारण उत्पन्न हुआ है। उनकी इस अपील को विपक्षी नेताओं ने गंभीरता से नहीं लिया, जबकि नागरिकों की भी प्रतिक्रियाएं नकारात्मक रहीं। शुक्रवार को पांच देशों के दौरे पर प्रधानमंत्री के जाने के फैसले के लिए उन्हें तीखी आलोचना का सामना करना पड़ा है।

नकारात्मक प्रतिक्रिया को कम करने के स्पष्ट प्रयास में, सरकार ने हाल के दिनों में कई उपायों की घोषणा की, जिनमें प्रधानमंत्री के सरकारी काफिले का आकार 50 प्रतिशत घटाने का निर्णय भी शामिल है। बताया गया है कि प्रधानमंत्री ने अधिकारियों से इलेक्ट्रिक वाहन उपयोग करने और जितना संभव हो, वर्क फ्रॉम होम (घर से कार्य) व्यवस्था अपनाने का अनुरोध किया है।

जहां भाजपा ने राहुल गांधी की "रहस्यमय यात्राओं" पर सवाल उठाए हैं और उनकी विदेश यात्राओं के वित्तीय स्रोतों की घोषणा की मांग की है, वहीं कांग्रेस ने इन हमलों को "ध्यान भटकाने वाली रणनीति" करार दिया है, ताकि सरकार की आर्थिक और विदेश नीति प्रबंधन की विफलताओं को छिपाया जा सके। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मोदी को "समझौता कर लेने वाला प्रधानमंत्री" (क़म्प्रोमाइज़्ड पी एम) बताया, "जो चीन के आगे झुक गए और अपने आप को दुनिया के सामने बेनकाब कर लिया। विश्वगुरु होने के उनके दावे खोखले साबित हुए हैं।"

इसी बीच, पात्रा ने राहुल गांधी पर हमला किया और कहा कि उनकी संपत्ति, जो वर्ष 2004 में 11 करोड़ रुपये थी, बढ़कर 2024 में 29.39 करोड़ रुपये हो गई है। साथ ही, उनकी विदेश यात्राओं पर 60 करोड़ रुपये खर्च किए गए। पात्रा ने कहा, "कांग्रेस को राहुल गांधी की विदेश यात्राओं के वित्तीय स्रोतों की विस्तृत जानकारी देनी चाहिए।"

# ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों से प्र.मंत्री ने मुलाकात की

नई दिल्ली, 14 मई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से गुरुवार को ब्रिक्स देशों तथा अन्य भागीदार देशों के विदेश मंत्रियों और वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने मुलाकात की। उन्होंने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो विएरा, दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्री रोनाल्ड लामोला, ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अरागची, इथियोपिया के विदेश मंत्री गेदियन तिमोथियोस हेसेबोन और इंडोनेशिया के विदेश मंत्री सुगियोनो सहित, अन्य प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की।

- दिल्ली के भारत मंडपम में 14-15 मई को ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों का सम्मेलन हो रहा है।

दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 14-15 मई तक जारी ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक की अध्यक्षता विदेश मंत्री डॉ सुब्रह्मणयम जयशंकर कर रहे हैं। इस वर्ष का विषय है- लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सतत विकास के लिए निर्माण। इसका उद्देश्य भारत की बढ़ ती कूटनीतिक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# यूपी में आँधी-तूफान में 89 मरे

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 मई। उत्तर प्रदेश के बरेली से आंधी -तूफान की कई चौंकाने वाली तस्वीरें व वीडियो आए, इनमें से एक वीडियो में तेज तूफान में एक व्यक्ति टिन शेड के साथ, हवा में करीब 50 फीट ऊपर तक उड़ता दिखा। यह तूफान बुधवार को राज्य के कई हिस्सों में भारी तबाही लेकर आया। पीड़ित ने बताया कि जब तेज हवा का झोंका आया, तब वह रस्सी पकड़े हुये था, जिससे वह और टिन दोनों हवा में उड़ गए।

- सोशल मीडिया पर यूपी के आँधी-तूफान की कई तस्वीरें व वीडियो वायरल हुए। बरेली के एक वीडियो में एक आदमी टिन शेड के साथ हवा में 30-40 फीट ऊपर उड़ता भी दिखाई दे रहा है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 20 साल बाद खत्म हुआ तीन फोटोग्राफ का आपराधिक मामला

## प्रकरण में पुलिस की लापरवाही और साक्ष्यों के पूर्ण अभाव के कारण आरोपियों को बरी किया अदालत ने

जयपुर, 14 मई (कास.)। राजधानी जयपुर में वर्ष 2006 में तीन 'फोटोग्राफ' के संबंध में तथा जालसाजी करने के एक मामले में आरोपी को न्याय मिलने में 20 साल लगे, क्योंकि गृह विभाग के एक वरिष्ठ अफसर, जो स्वयं शिकायतकर्ता थे, ने जांच को बुरी तरह प्रभावित किया। यह मामला वर्ष 2006 में दर्ज किया गया था, जिसमें आरोपी अनिल रूप माथुर और जितेन्द्र मोहन माथुर पर आरोप लगाया गया था उन्होंने परिवादी एन एल जवेरिया से वर्ष 2005 में 122 फोटोग्राफों का ब्रोशर बनाने के लिये करार किया था। एक सीडी में आरोपी अनिल रूप माथुर और जितेन्द्र मोहन माथुर को परिवादी एन एल जवेरिया ने फोटोग्राफ दिए थे। जवेरिया का कहना है कि ब्रोशर बनाने के लिये उन्होंने शर्त रखी थी कि इसके डिजाइन व प्रिंटिंग के बाद वे फोटोग्राफ को डिलिट कर देंगे। इस मामले में आरोपियों की तरफ से अधिवक्ता भरत यादव और कुलदीप शर्मा पैरवी के लिये पेश हुए थे।

परिवादी का आरोप था कि दशहरा-दीपावली उत्सव 2005 पर राजस्थान पर्यटन विभाग जयपुर द्वारा जारी किये गये रंगीन ब्रोशर के पृष्ठ 7 पर उसके तीन फोटोग्राफ जयपुर शहर, अल्बर्ट हॉल और हवामहल जयपुर के मौजूद थे, जो कथित रूप से परिवादी द्वारा दिए गए 122 फोटोग्राफ में से थे।

जयपुर महेश नगर थाने में उक्त मामले में वर्ष 2007 में एफआईआर दर्ज की गई थी, जिस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट दीक्षा गुप्ता ने पूरे मामले की सुनवाई की थी। सुनवाई के दौरान सामने आया कि इस मामले में पहला गवाह स्वयं शिकायककर्ता ही है। बाकी गवाहों की भी छानबीन की गई तो सामने आया कि उन्होंने एफआईआर में दर्ज आरोपों की पुष्टि करने के लिये कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किये थे। हैरानी की बात है कि इस मामले की जांच महेश नगर थाने में की जानी थी, क्योंकि वहीं एफआईआर दर्ज की गई थी। परंतु बिना किसी आधिकारिक आदेशों के, यह जांच श्याम नगर थाने भेज दी गई। सुनवाई के दौरान यह भी सामने आया कि श्याम नगर थाने में इस मामले की कोई जांच नहीं की गई। हैरानी की बात यह भी है कि गवाह नंबर 10 सुरेश कुमार सांवरिया प्रकरण में अनुसंधान अधिकारी है, उनके द्वारा अदालत में विवादित फोटोग्राफरों के संबंध में फोटोग्राफों की कोई कॉपी नहीं दी गई। उन्होंने यह भी स्पष्ट नहीं किया कि फोटोग्राफरों पर कोई कॉपीराइट या पेटेन्ट है। अनुसंधान में यह भी स्पष्ट नहीं हुआ कि परिवादी स्वयं द्वारा खींची गई फोटोग्राफ का व्यापार करता था या नहीं। अनुसंधान में वह कैमरा भी जब्त नहीं किया गया, जिससे फोटो खींची गई थी।

- बताया जा रहा है कि इस मामले में 20 साल पहले प्रभाव के चलते एफआईआर दर्ज की गई थी, क्योंकि परिवादी गृह विभाग में एक वरिष्ठ अफसर था।
- इस एफआईआर में बिना आदेश के पहले जांच अधिकारी बदले गये, और फिर एफआईआर को एक थाने से दूसरे थाने भेजा गया परंतु जांच के नाम पर एक भी सबूत इकट्ठा नहीं किया गया।

अदालत ने कहा कि परिवादी यह तो साबित कर सकता है कि उसने 122 फोटो का ब्रोशर बनाने के लिये आरोपियों के साथ समझौता किया था, परंतु यह कहीं प्रमाणित नहीं होता कि वह 122 फोटोग्राफ कौनसी थीं और यह 3 फोटो इन 122 फोटो में से ही थीं। इस एफआईआर में परिवादी के केवल कथनों का ब्यौरा है, किसी साक्ष्य की जांच नहीं की गई है।

इस मामले के निस्तारण से पूर्व आरोपी जितेन्द्र मोहन माथुर की मृत्यु हो गई थी। इसलिये उनके खिलाफ कार्यवाही पूर्व में ही खत्म कर दी गई थी। वही साक्ष्यों के अभाव में अदालत ने दूसरे अभियुक्त अनिल रूप माथुर को भी दोष मुक्त घोषित कर दिया था।

मामले में जानने वाले एक वकील

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

हम यहाँ किसी विशेष कारण से हैं। इसीलिए अपने भूत का कैदी बनना छोड़िये। अपने भविष्य के निर्माता बनिए। –रोबिन शर्मा

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने काफिले को आधा कर पेश की आमजन के सामने मिसाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देशवासियों के नाम आव्हान के साथ ही राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने काफिले में कमी कर स्पष्ट संदेश दे दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान की अपनी अहमियत है और इसको धरातल पर उतारने का संदेश सत्ता के शीर्ष से ही दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वयं पर लागू करने के साथ ही अपने मंत्रीमण्डल के सहभागियों और ब्यूरोक्रेसी को भी स्पष्ट संदेश दे दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान की गंभीरता से पालना की जानी है। मुख्यमंत्री ने अपने स्तर से पालना सुनिष्चित करके यह संदेश दे दिया कि प्रधानमंत्री का यह आव्हान पर उपदेश कुशल बहुतेरे ना होकर स्वयं से ही क्रियान्वयन से जुड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल का ही परिणाम है कि ब्यूरोक्रेसी के प्रमुख मुख्यसचिव वी. श्रीनिवास ने भी स्वयं आव्हान के अनुसार कदम उठाने के साथ ही नीचले स्तर तक सरकार की मंशा और भावना को पहुंचा दिया है। इसके लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश भी जारी कर दिये हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तो काफिले में कारकेड की संख्या आधी कर दी है जिसका असर तत्काल प्रभाव से दिखाई देने लगा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा स्वयं की पहल पर प्रस्तुत की गई मिसाल का असर दूर-दूर तक जाएगा, इसमें किसी तरह का संदेह नहीं हो सकता।

वैश्विक संकट के चलते देश-दुनिया की इकोनोमी पर पड़ने वाला संभावित असर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को साफ दिखाई दे रहा है। यही कारण है कि देशवासियों से दूरदृष्टिपूर्ण अपील करने के साथ ही वाहनों के अपने काफिले में भी कमी कर दी है। अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध समाप्ति के आसार अभी दिखाई नहीं दे रहे हैं तो दूसरी और दोनों ही देशों की हठधर्मिता के कारण हार्मुज जलडमरुमध्य से परिवहन बाधित होने का परिणाम सामने हैं। अब यह भी साफ हो गया है कि अमेरिका-ईरान युद्ध केवल दो या तीन देशों के बीच युद्ध तक सीमित ना होकर इसके असर से आज कोई देश दूर दूर तक अछूता नहीं दिखाई दे रहा है। यह दो देशों की अहम् की लड़ाई ना होकर समूची मानवता को प्रभावित करने वाले हालात है। आर्थिक उदारीकरण के बाद से ही दुनिया के देशों की एक दूसरे पर निर्भरता अधिक हो गई है। विकास के साथ साथ दुनिया के देशों की एक दूसरे पर निर्भरता बढ़ी है। बिना किसी अन्य देश के सहयोग के कोई भी देश अपने स्तर पर अपने देशवासियों की जरुरतों को पूरा करने की स्थिति में नहीं है। आर्थिक उदारीकरण के बाद से आज विश्व विश्व ग्राम में परिवर्तित हो गया है। एक बात यह भी साफ हो जानी चाहिए कि आज अमेरिका-इजरायल और ईरान संकट का हल निकल भी आता है तब भी वैश्विक हालात सामान्य होने में लंबा समय लग जाएगा। युद्धरत देश यह समझने की कोशिश नहीं कर रहे कि उनके अहम् के चलते दुनिया आज सालों पीछे जा रही है। विकास बाधित हो रहा है, आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हो रही है और हालात दिन प्रतिदिन बिगड़ते ही जा रहे हैं।

> **यह साफ हो जाना चाहिए कि हालातों को देखते हुए और आसन्न संकट से निपटने की पूर्व तैयारियों के हमेशा दीर्घकालीन सकारात्मक परिणाम प्राप्त होते हैं। एक बात और साफ हो जानी चाहिए कि प्रधानमंत्री के आव्हान का एक भी ऐसा बिन्दु नहीं है जो कहीं बाधक बन रहा हो। इनकी पालना से हमारे दैनिक जीवन में सकारात्मक प्रभाव ही पड़ेगा। विदेशी पूंजी बचेगी, आयात कम होगा, फिजूलखर्ची रुकेगी और विदेशी देशों को भी सबक मिलेगा।**

प्रधानमंत्री के आव्हान के साथ ही राजस्थान की सरकार ने आवश्यक फैसलें भी कर लिए है। राज्य सरकार के फैसले के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने काफिले को आधा करने के साथ ही सुरक्षा के नाम पर अनावश्यक वाहनों का उपयोग नहीं करने का निर्णय कर लिया है। इसी तरह से मंत्रीमण्डल सहयोगियों और अधिकारियों को भी वाहनों के उपयोग में मितव्ययता बरतने के निर्देश दे दिए हैं। इससे वाहनों में उपयोग होने वाले ईंधन की बचत हो सकेगी। इसके साथ ही समय और धन की बचत के लिए हाईब्रिड मोड पर मीटिंग्स आयोजित करने का निर्णय किया गया है। जिलों में अधिकारियों को वाहन पूल करके उपयोग में लेने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार के स्तर पर मितव्ययता के निर्देश जारी होने का संदेश नीचले स्तर तक जाता है। इसका असर आने वाले समय में साफ-साफ दिखाई देने लगेगा। सरकारी स्तर पर जब प्रधानमंत्री के आव्हान का क्रियान्वयन उच्च स्तर से होने लगा है तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आमजन से किए गए आव्हान पर भी सकारात्मक संदेश जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वाहनों के काफिले में भी दो वाहन ही दिखाई देना गंभीरता को दर्शाता है। अब आम जनता से जुड़े संदेश का क्रियान्वयन भी इसी भावना के साथ आमजन द्वारा किया जाना चाहिए। सोना नहीं खरीदने, सार्वजनिक वाहनों का उपयोग, वाहन पूलिंग, ईवी का उपयोग, विदेशी यात्राएं टालना और शानों शोकत और दिखावे के लिए विदेशों में शादियां नहीं करने के आव्हान पर गंभीरता से क्रियान्वयन करना होगा। यह साफ हो जाना चाहिए कि हालातों को देखते हुए और आसन्न संकट से निपटने की पूर्व तैयारियों के हमेशा दीर्घकालीन सकारात्मक परिणाम प्राप्त होते हैं। एक बात और साफ हो जानी चाहिए कि प्रधानमंत्री के आव्हान का एक भी ऐसा बिन्दु नहीं है जो कहीं बाधक बन रहा हो। इनकी पालना से हमारे दैनिक जीवन में सकारात्मक प्रभाव ही पड़ेगा। विदेशी पूंजी बचेगी, आयात कम होगा, फिजूलखर्ची रुकेगी और विदेशी देशों को भी सबक मिलेगा।

अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने देश के सामने मिसाल पेश कर दी है। सरकार ने भी अपने स्तर पर जो निर्णय किये जाने हैं वह कर दिए हैं तो ऐसे में आमजन को भी आगे आकर प्रधानमंत्री के आव्हान के क्रियान्वयन के लिए आगे आना होगा। निश्चित रुप से भजनलाल शर्मा की पहल सराहनीय है तो इससे प्रेरणा लेकर प्रत्येक प्रदेशवासी को आगे आना होगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल शुक्रवार 15 मई, 2026



पंडित अनिल शर्मा

प्रथम ज्येष्ठ मास (शुद्ध), कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2083, अश्विनी नक्षत्र रात्रि 8:15 तक, आयुष्मान योग दिन 2:21 तक, वणिज करण प्रातः 8:32 तक, चन्द्रमा आज मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-मेष, मंगल-मेष, बुध-वृष, गुरू-मिथुन, शुक्र-वृष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 8:15 तक है। भद्रा प्रातः 8:32 से सायं 6:52 तक रहेगी। आज ज्येष्ठ संक्रांति, सूर्य वृष में प्रवेश प्रातः 6:22 पर करेगा। पुण्य काल दिन 12:46 तक है। आज मास शिवरात्रि, सावित्री चतुरदशी है। आज चतुरदशी तिथि का क्षय हुआ है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:23 तक, लाभ-अमृत 7:23 से 10:43 तक, शुभ 12:23 से 2:03 तक, चर 5:23 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 5:43, सूर्यास्त 7:03

**मेष**
मानसिक तनाव से राहत मिल सकती है। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**वृष**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है।

**सिंह**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**कन्या**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में दुर्घटना का भय है।

**तुला**
व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक/वित्तीय मामलों में प्रगति होगी। आज परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**वृश्चिक**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**धनु**
आज आवश्यक और महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी हो सकती है। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**मकर**
घर-परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेंगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मीन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

# निजी आस्था में आजादी, सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता, यही भारतीयता का नारा हो



मदन सिंह काला

15 अगस्त 1947 को हमने राजतंत्र को अलविदा कहा। 26 जनवरी 1950 को संविधान ने हमें जनता का शासन दिया। संविधान सभा ने दूरदर्शिता दिखाते हुए अनुच्छेद 15 और 27 के माध्यम से साफ कर दिया कि राज्य धर्म-जाति-वंश के आधार पर भेद नहीं करेगा और टैक्स का पैसा किसी धर्म विशेष के प्रचार पर नहीं लगेगा। इसे ही पंथ-निरपेक्षता कहते हैं। एक लोकसेवक के रूप में 36 साल से अधिक समय से सिस्टम के अंदर रहकर मैंने देखा है कि समस्या नीयत में नहीं, पारदर्शिता में है।

1. टैक्स का हिसाब : सरकार का खाता जनता से कब लिंक होगा?

आज गरीब सुबह चाय की दुकान पर जाता है तो चाय, दूध, चीनी – सब पर जीएसटी देता है। केंद्र सरकार को 2025-26 में करीब 42 लाख करोड़ टैक्स से मिले। पर RTI से 6 महीने बाद पता चलता है कि प्रधानमंत्री के विदेश दौरे पर कितना खर्च हुआ। जब स्वीडन का प्रधानमंत्री मेट्रो से जाता है और रोज का खर्च वेबसाइट पर डालता है, तो भारत में क्यों नहीं?

**माँग:** हर अखबार में रोज सरकारी बही-खाता छपे – "कल कुल टैक्स 7,100 करोड़ आया, राष्ट्रपति-PM-CM पर 4.2 करोड़ खर्च, विकास पर 5,000 करोड़"। टैक्स चोरी रोकने को हम सबका बैंक खाता, आधार, पैन लिंक कर सकते हैं, तो सरकारी खाता जनता से क्यों नहीं?

2. 70 प्रतिशत भारत अखबार के 8वें पन्ने पर क्यों? गाँव तभी खबर बनता है जब किसान आत्महत्या कर ले या बेटी से दरिंदगी हो। बीकानेर मंडी में आज मूँग 8200 रु. क्विंटल है। कल 12 मजदूरों को ठेकेदार ने मजदूरी नहीं दी – ये खबर नहीं बनती। श्इइ मिला या नहीं, नहर में पानी आया या नहीं, नरेगा का पैसा अटका क्यों है- ये मुख्यधारा कब बनेगा?

**माँग:** हर समाचार पत्र को पहला पन्ना श्रम-किसान डायरी के लिए अनिवार्य किया जाए। मंडी भाव, मौसम, फसल बीमा, पशु-टीका – ये मुख्य खबर हो, नेता का उद्घाटन नहीं।

3. धर्म निजी, सड़क सरकारी हो।

काँवड़ यात्रा, मेले, जागरण पर करोड़ों का सरकार खर्च कर रही है। आए दिन समाचार पत्रों में धार्मिक आयोजनों के बड़े-बड़े विज्ञापन अखबारों सरकारें छपवा रही हैं जिनमें प्रधानमंत्री व अन्य नेताओं की आकर्षक रंगीन फोटो होती हैं। वीआईपी दर्शन के लिए पुलिस, बैरिकेड, हेलिकॉप्टर। आम श्रद्धालु भगदड़ में मरता है। संविधान का अनुच्छेद 27 स्पष्ट है। सरकार का काम बिजली, पानी, सड़क देना है, मोक्ष नहीं। फ्रांस ने 1905 में Church-State अलग किया, तभी विकास हुआ। धार्मिक आयोजन आयोजक खुद करें, चंदे से करें।

4. कल्चर लोकतंत्र का दीमक है

प्रधानमंत्री से लेकर चपरासी तक – सबका खर्च सार्वजनिक होना चाहिए। जब खर्च गुप्त होता है, तो जनतंत्र धीरे-धीरे नया राजतंत्र बन जाता है। पारदर्शिता से ही VIP कल्चर मरेगा।

**निष्कर्ष:** "निजी आस्था में आजादी, सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता"

यही भारतीयता का नया नारा होना चाहिए। जब तक हर बच्चे को स्कूल, हर गाँव को सड़क, हर खेत को पानी नहीं मिलता, तब तक एक भी रुपया धर्म-प्रचार या वीआईपी ठाठ-बाट पर खर्च न हो।

जिस दिन मंत्री की थाली का बिल और किसान की मंडी की पर्ची एक ही पन्ने पर छपेगी, उस दिन 1950 का वादा पूरा होगा। वरना 15 अगस्त आजादी है, 26 जनवरी सिर्फ छुट्टी है।

टैक्स हमारा, राज हमारा, हिसाब भी हमारा।

**-मदन सिंह काला, सेवानिवृत्त आई.ए.एस.**

# प्लास्टिक की बोतलों में पानी पीने के खतरे – सरकारें नीतियां बनायें



डॉ. दिनेश द्विवेदी

हाल ही में कोलंबिया यूनिवर्सिटी की एक स्टडी में पाया गया कि एक लीटर बोतलबंद पानी में औसतन 2.4 लाख नैनोप्लास्टिक के कण हो सकते हैं।

आपके दोनों सवालों का विस्तृत विश्लेषण यहाँ दिया गया है:

1. मानव शरीर में नैनोप्लास्टिक और बीमारियों के प्रमाण

वैज्ञानिकों को अब शरीर के अलग-अलग हिस्सों में प्लास्टिक के कण मिलने लगे हैं, लेकिन बीमारियों के साथ उनके सीधे संबंध पर शोध अभी जारी है। अब तक के प्रमाण इस प्रकार हैं:–रक्त और अंगों में मौजूदगी: रिसर्च में इंसानी खून, फेफड़ों के ऊतकों और यहाँ तक कि गर्भनाल में भी माइक्रो और नैनोप्लास्टिक के कण पाए गए हैं।

कोशिका स्तर पर नुकसान: लैब टेस्ट बताते हैं कि नैनोप्लास्टिक कोशिकाओं में प्रवेश करके उन्हें क्षति पहुँचा सकते हैं और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस पैदा कर सकते हैं, जिससे शरीर में सूजन बढ़ सकती है।

हृदय रोग का खतरा: मार्च 2024 में The New England Journal of Medicine में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, जिन लोगों की धमनियों में माइक्रोप्लास्टिक पाया गया, उनमें हार्ट अटैक, स्ट्रोक या मृत्यु का जोखिम उन लोगों की तुलना में 4 गुना अधिक था, जिनके रक्त में ये कण नहीं थे।

हार्मोनल असंतुलन: प्लास्टिक में एंडोक्राइन डिसरप्टर्स (जैसे BPA और Phthalates) होते हैं, जो शरीर के हार्मोन सिस्टम को बिगाड़ सकते हैं, जिससे प्रजनन क्षमता और मेटाबॉलिज्म पर असर पड़ता है।

2. सरकारें इन्हें तत्काल बंद क्यों नहीं कर रही हैं?

यह एक जटिल नीतिगत मामला है। सरकारों के सामने कुछ बड़ी चुनौतियाँ और तर्क हैं:–

पुख्ता वैज्ञानिक डेटा की कमी: हालांकि प्रमाण मिल रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य नियामक (जैसे WHO और FDA) अक्सर लॉन्ग टर्म क्लिनिकल डेटा की मांग करते हैं जो यह साबित कर सके कि प्लास्टिक की एक निश्चित मात्रा ही बीमारी का कारण है। वर्तमान में इसे 'संभावित खतरा' माना जा रहा है, 'निश्चित' नहीं।

सुरक्षित पेयजल का विकल्प: कई विकासशील क्षेत्रों में बोतलबंद पानी ही सुरक्षित और साफ पानी का एकमात्र स्त्रोत है। यदि इसे अचानक बंद कर दिया जाए, तो हैजा और टाइफाइड जैसी जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

आर्थिक और लॉजिस्टिक प्रभाव: प्लास्टिक उद्योग और पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर एक विशाल वैश्विक अर्थव्यवस्था है। इसे बंद करने के लिए कांच या एल्युमीनियम जैसे विकल्पों को बड़े पैमाने पर सस्ता और सुलभ बनाना होगा, जिसमें समय और भारी निवेश लगेगा।

प्रतिबंध बनाम प्रबंधन: फिलहाल सरकारों का ध्यान सिंगल यूज प्लास्टिक (जैसे स्ट्रॉ या पतली थैलियों) पर प्रतिबंध लगाने और रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देने पर है, बजाय इसके कि पूरे बोतलबंद पानी उद्योग को बंद किया जाए।

**निष्कर्ष--** प्रमाण स्पष्ट रूप से एक बड़े खतरे की ओर इशारा कर रहे हैं। वैज्ञानिक समुदाय अब 'सावधानी के सिद्धांत' (Precautionary Principle) की वकालत कर रहा है-यानी भले ही पूरी तरह साबित न हुआ हो, लेकिन खतरे को देखते हुए बचाव शुरू कर देना चाहिए।

व्यक्तिगत स्तर पर, स्टेनलेस स्टील या कांच की बोतलों का उपयोग करना और प्लास्टिक की बोतलों को धूप या गर्मी से बचाना सबसे सुरक्षित कदम है।

**–डॉ. दिनेश द्विवेदी,**
**सेवानिवृत कार्यकारी निदेशक आरएमएससीएल एवं अतिरिक्त अधीक्षक एसएमएस अस्पताल जयपुर।**

# 'स्वच्छ सहकार, समृद्ध सहकार' अभियान : कार्य संस्कृति में सकारात्मक बदलाव की अभिनव पहल



दिनेश कुमार शर्मा

राजकीय कार्यालय केवल प्रशासनिक कार्यों के संचालन का माध्यम नहीं होते, बल्कि वे शासन की कार्यसंस्कृति, पारदर्शिता और जनसेवा के दृष्टिकोण का प्रतिबिंब भी होते हैं। जब कार्यालय स्वच्छ, सुव्यवस्थित और तकनीकी रूप से सक्षम होते हैं, तब न केवल कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ती है, बल्कि आमजन को भी बेहतर और त्वरित सेवाएं प्राप्त होती हैं। इसी सोच को साकार करने की दिशा में सहकारिता मंत्री श्री गौतम कुमार दक की मंशा के अनुरूप तथा शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार डॉ. समित शर्मा के निर्देशन में सहकारिता विभाग द्वारा 'स्वच्छ सहकार, समृद्ध सहकार' अभियान का संचालन किया जा रहा है। यह अभियान विभागीय कार्य संस्कृति में सकारात्मक परिवर्तन लाने की एक महत्वपूर्ण पहल बनकर उभर रहा है।

4 मई से 29 मई 2026 तक चलने वाला यह विशेष अभियान सहकारिता विभाग के प्रधान कार्यालय सहित अधीनस्थ कार्यालयों में चरणबद्ध रूप से संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य केवल साफ-सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि कार्यालयों में सुव्यवस्थित रिकॉर्ड प्रबंधन, अनुपयोगी सामग्री के निस्तारण, डिजिटल कार्यप्रणाली को बढ़ावा देने और बेहतर प्रशासनिक वातावरण तैयार करने पर भी विशेष जोर दिया गया है। अभियान के माध्यम से संदेश दिया जा रहा है कि स्वच्छ एवं व्यवस्थित कार्यालय ही प्रभावी प्रशासन की आधारशिला हैं। अव्यवस्थित रिकॉर्ड, अनुपयोगी सामग्री और अस्वच्छ वातावरण न केवल राजकार्य में बाधा उत्पन्न करते हैं, बल्कि विभाग की छवि को भी प्रभावित करते हैं। इसके विपरीत, साफ-सुथरे और व्यवस्थित कार्यालय सकारात्मक कार्य वातावरण का निर्माण करते हैं, जिससे कार्यों के निष्पादन में गति और पारदर्शिता आती है।

अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से रिकॉर्ड प्रबंधन को दुरुस्त करने, पुराने दस्तावेजों का नियमानुसार वर्गीकरण एवं निस्तारण करने तथा फाइलों को स्कैन कर ई-फाइल प्रणाली अपनाने पर जोर दिया जा रहा है। अनुपयोगी कबाड़, पुराने वाहनों और खराब फर्नीचर के शीघ्र निस्तारण के साथ-साथ कार्यालयों की दीवारों के रंग-रोगन, शौचालयों की नियमित सफाई और स्टोर व्यवस्था को बेहतर बनाने पर भी फोकस किया जा रहा है।

इस अभियान की सबसे विशेष बात यह है कि इसमें जापान की प्रसिद्ध `5 Sme' कार्यप्रणाली को अपनाया गया है। 'Seiri' अर्थात छंटाई के माध्यम से अनुपयोगी सामग्री को अलग किया जाएगा, 'Seiton' के तहत आवश्यक फाइलों और उपकरणों को सुव्यवस्थित रखा जाएगा, 'Seiso' में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाएगी, 'Seiketsu' के माध्यम से एक समान कार्य मानक विकसित किए जाएंगे तथा 'Shitsuke' के जरिए कर्मचारियों में अनुशासित और व्यवस्थित कार्य संस्कृति विकसित की जाएगी। यह प्रणाली केवल कार्यालयों की भौतिक स्वच्छता तक सीमित नहीं है, बल्कि सोच और कार्यशैली में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम भी है।

अभियान को तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है। पहले चरण में अनुपयोगी रिकॉर्ड एवं सामग्री की पहचान, दूसरे चरण में व्यापक साफ-सफाई और व्यवस्था सुधार तथा तीसरे चरण में चिह्नित सामग्री का नियमानुसार निस्तारण किया जाएगा। सभी कार्यालयाध्यक्षों को नियमित मॉनिटरिंग एवं साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान की प्रगति को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए सभी कार्यालयों को बिफोर एवं आफ्टर फोटो साझा करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

'स्वच्छ सहकार, समृद्ध सहकार' अभियान वास्तव में सहकारिता विभाग में आधुनिक, उत्तरदायी और जनोन्मुखी प्रशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल न केवल कार्यालयों को अधिक सुव्यवस्थित बनाएगी, बल्कि कर्मचारियों में जिम्मेदारी और सकारात्मक कार्य दृष्टिकोण विकसित कर आमजन को अधिक प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराने में भी सहायक सिद्ध होगी। यह अभियान केवल कार्यालयों की सफाई अथवा पुराने रिकॉर्ड के निस्तारण तक सीमित पहल नहीं है, बल्कि यह सहकारिता विभाग में नई कार्य संस्कृति, जिम्मेदारी, पारदर्शिता और सकारात्मक सोच विकसित करने का व्यापक प्रयास है। 'स्वच्छ सहकार, समृद्ध सहकार' का मूल भाव यह है कि जब कार्यस्थल स्वच्छ, सुव्यवस्थित और तकनीकी रूप से सक्षम होंगे, तब कर्मचारियों में कार्य के प्रति उत्साह और उत्तरदायित्व की भावना भी स्वतः विकसित होगी।

**–दिनेश कुमार शर्मा,**
**सहायक जनसम्पर्क अधिकारी,**
**सहकारिता विभाग**

# स्कूल व आबादी क्षेत्र के बीच शराब ठेका खोलने का विरोध

## पावटा के ग्राम मांजूकोट के लोगों ने शराब ठेका हटाने को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**पावटा, (निसं)।** ग्राम मांजूकोट में शराब की दुकान खोले जाने को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों ने बुधवार को उपखंड अधिकारी पावटा डॉ . साधना शर्मा को ज्ञापन सौंपकर शराब की दुकान को तत्काल हटाने की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि दुकान आबकारी नियमों को दरकिनार कर स्कूल और आबादी क्षेत्र के नजदीक संचालित की जा रही है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि दुकान कोड 4504032 पहले पंडितपुरा क्षेत्र में स्थित थी, लेकिन अब इसे बदलकर मांजूकोट में स्वीकृत कर दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह परिवर्तन आबकारी नियम 1956 के नियम 75/2 के विपरीत किया गया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि शराब की दुकान गांव के बीच आबादी क्षेत्र में तथा स्कूल से करीब 200 मीटर के दायरे में संचालित हो रही है, जिससे बच्चों और ग्रामीणों पर गलत प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दो वर्ष पूर्व भी इसी स्थान पर शराब की दुकान खोली गई थी, जिसे नियमों के उल्लंघन के कारण निरस्त कर दिया गया था, लेकिन अब पुनः आबकारी अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से दुकान स्थापित कर दी गई है। ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच करवाने, दुकान को पूर्व लोकेशन पर स्थानांतरित करने तथा आबकारी नियमों की पालना सुनिश्चित करने की मांग की है। ज्ञापन पर पंडितपुरा व मांजूकोट के कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर मौजूद रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो गांव स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। वहीं ग्रामीणों द्वारा उठाए गए विरोध के बाद अब आबकारी विभाग हरकत में आ गया है। जिला आबकारी अधिकारी बहरोड़ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आबकारी निरीक्षक, वृत्त कोटपुतली को जांच के निर्देश जारी किए हैं। कार्यालय से जारी आदेश में आबकारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया है कि मामले की नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए जांच रिपोर्ट शीघ्र जिला कार्यालय को भेजी जाए।

> ■ **जिला आबकारी अधिकारी ने आबकारी निरीक्षक को निर्देश दिए**

# कर्मचारी एवं आमजन मंडल रेल प्रबंधक से करेंगे संवाद

**कोटा, (निसं)।** पश्चिम-मध्य रेलवे के कोटा मंडल में कर्मचारियों एवं आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की गई है। मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा के निर्देशानुसार अब प्रत्येक गुरुवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि इस व्यवस्था के अंतर्गत कोटा मंडल के कर्मचारी एवं सामान्य शिकायतकर्ता प्रत्येक गुरुवार सायं 5 बजे से 6 बजे तक पूर्व निर्धारित पंजीकरण के आधार पर मंडल रेल प्रबंधक से मिल सकेंगे। यदि किसी कारणवश गुरुवार को यह बैठक संभव न हो सके, तो उसी सप्ताह शुक्रवार को निर्धारित समय पर शिकायतकर्ताओं को अवसर प्रदान किया जाएगा। शिकायत निवारण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के लिए यह अपेक्षित होगा कि शिकायतकर्ता पहले संबंधित शाखा अधिकारी अथवा अपर मंडल रेल प्रबंधक स्तर पर अपनी समस्या प्रस्तुत कर चुके हों। तत्पश्चात निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन प्रस्तुत कर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में समय प्राप्त किया जा सकेगा। मंडल प्रशासन द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया है कि शिकायतों पर संबंधित विभागों द्वारा समयबद्ध कार्रवाई की जाए एवं शिकायतकर्ताओं को उनकी समस्याओं के समाधान की प्रगति से निरंतर अवगत कराया जाए। इसके लिए वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है।

> ■ **कोटा मंडल के कर्मचारी एवं शिकायतकर्ता प्रत्येक गुरुवार सायं 5 बजे से 6 बजे तक पंजीकरण के आधार पर मंडल रेल प्रबंधक से मिल सकेंगे**

# ‘आमजन तक पहुँचे सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ’

## 23 से 25 मई तक जयपुर में आयोजित होगा ‘ग्राम’




उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी बस्सी विधानसभा की ग्राम पंचायत अनंतपुरा में संध्या चौपाल एवं जनसुनवाई कार्यक्रम में शामिल हुई।

**जयपुर।** राजस्थान सरकार द्वारा संचालित ग्राम रथ अभियान के अंतर्गत गुरुवार को बस्सी विधानसभा की ग्राम पंचायत अनंतपुरा में संध्या चौपाल एवं जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में राजस्थान सरकार की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने

> ■ उन्होंने 23 से 25 मई तक जयपुर में आयोजित हो रहे ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम) 2026 में अधिक से अधिक कृषकों, पशुपालकों एवं निवेशकों की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही

मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता कर आमजन से संवाद किया तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कार्यक्रम के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे पात्र व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जाए।

उन्होंने राज्य सरकार की विभिन्न उपलब्धियों एवं जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए आमजन से योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आव्हान किया। उन्होंने इस दौरान 23 से 25 मई तक जयपुर में आयोजित हो रहे ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम) 2026 में अधिक से अधिक कृषकों, पशुपालकों एवं निवेशकों की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही।

कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा गोद भराई रस्म का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सरकार के प्रति विश्वास व्यक्त किया।

# पतंजलि का शोध : दालचीनी में छिपा है मधुमेह नियंत्रण का प्राकृतिक सूत्र

**हरिद्वार/जयपुर।** पतंजलि के वैज्ञानिकों की दिन-रात की मेहनत एक बार फिर वैश्विक स्तर पर चमक बिखेर रही है। पतंजलि के वैज्ञानिकों की ओर से दालचीनी को लेकर किए जा रहे अनुसंधान को अमेरिका के प्रसिद्ध जर्नल एल्सवियर के फूड रिसर्च इंटरनेशनल ने न केवल स्वीकार किया है अपितु इस बात पर भी मुहर लगा दी है कि दालचीनी में मिलने वाले जैव सक्रिय तत्व से मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी को भी नियंत्रित किया जा सकता है। यह शोध वैश्विक स्तर पर आयुर्वेद को जहां बड़ा बल देती है,वहीं,मधुमेह के इलाज में दालचीनी की भूमिका को लेकर इलाज के नये आयाम खोल देती है। यानि दालचीनी वायु व पित्त का हरण करके शुक्र और बल के रूप को बढ़ाने वाला होता है। वैसे भी हम दालचीनी

> ■ पतंजलि के वैज्ञानिकों के शोध को अमेरिकी जर्नल ‘एल्सवियर’ ने लगाई मुहर

के गुणों को वर्षों से जानते और समझते आ रहे हैं लेकिन जो पतंजलि के वैज्ञानिकों के पुरुषार्थ से वैश्विक स्तर पर निकलकर सामने आया है और जिसे विज्ञान ने अब मान्यता दे दी है,वह आयुर्वेद में मील का पत्थर साबित होगा।

दरअसल,दालचीनी को लेकर पतंजलि के वैज्ञानिक लंबे समय से अनुसंधान कर रहे थे। अनुसंधान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी प्रमाणिक तथ्यों को अमेरिका के प्रसिद्ध जर्नल ‘एल्सवियर’ के फूड रिसर्च इंटरनेशनल को भेजा गया। जहां उन्होंने न केवल पतंजलि के रिसर्च को स्वीकार किया बल्कि उस तथ्य को भी माना,जिसमें पतंजलि के वैज्ञानिकों ने अपने रिसर्च में दालचीनी से मधुमेह नियंत्रण की बात कही। अंतर्राष्ट्रीय जर्नल ने दालचीनी के जैव सक्रिय तत्वों (बायो एवैलेबिलिटी) व मधुमेह के नियंत्रण में उसकी भूमिका (हाइपोग्लाइसेमिक) व विभिन्न खाद्य पदार्थों के साथ प्रयोग करने पर उसकी प्रभावशीलता के संदर्भ में पतंजलि की ओर से किए गए अनुसंधान को स्वीकार किया है। पतंजलि के वैज्ञानिकों ने दालचीनी के विविध खाद्यान्न के साथ व स्वतंत्र व सुरक्षित उपयोग से संबंधित वैज्ञानिक पहलुओं का विस्तृत विश्लेषण किया गया।

# पाटोत्सव संपन्न

**जयपुर।** प्रथम ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष प्रदोष के दिन गुरुवार को चांदपोल बाजार के नींदड़ राव जी का रास्ता स्थित मंदिर श्री नृसिंह जी अग्रवाल पंचायत समिति का पाटोत्सव भक्तिभाव से मनाया गया। मंदिर श्री नृसिंह अग्रवाल पंचायत समिति के अध्यक्ष चेतन अग्रवाल ने बताया कि मंदिर श्री नृसिंह अग्रवाल पंचायत समिति के मंत्री कैलाश चंद अग्रवाल, संरक्षक रतन लाल अग्रवाल, रामेश्वर चौधरी ने विधि विधान से पूजा-अर्चना की। सत्यनारायण घी वाला, समिति के सांस्कृतिक मंत्री जुगल किशोर अग्रवाल, सदस्य अरुण अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, विकास अग्रवाल, सुनील रिंगस्या, डिम्पल , अमित, रूपेश, समिति उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक राधा गोविन्द अग्रवाल सहित सभी सदस्यों ने भगवान की महाआरती की। पाटोत्सव के दौरान मंदिर महंत पं. मनमोहन शर्मा के सान्निध्य में व उमेश व्यास के आचार्यत्व में नृसिंह भगवान सहित अन्य विग्रहों का सुबह भगवान नृसिंह का वेद मंत्रोच्चार किया।

# सफारी ने स्कूटी सवार महिला को मारी टक्कर

**जयपुर।** मानसरोवर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। यहां एक सफेद रंग की सफारी कार ने स्कूटी सवार महिला को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि महिला उछलकर सड़क पर जा गिरी और उसकी जांघ की हड्डी टूट गई। घायल महिला का निजी अस्पताल में उपचार जारी है। गुरुवार सुबह मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

पुलिस के अनुसार हादसा वरुण पथ क्षेत्र में रजत पथ चौराहे के पास हुआ। गोलियांवास स्थित क्षीर सागर कॉलोनी निवासी मेवा देवी स्कूटी से चौराहा पार कर रही थीं। इसी दौरान वीर तेजाजी रोड की ओर से तेज गति से आ रही सफारी कार के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार में चालक के साथ एक महिला भी बैठी थी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

# नीट पेपर लीक मामले में धर्मेंद्र प्रधान और मदन दिलावर दोनों जवाबदेही से भाग रहे : जूली

**जयपुर ।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर देश के तकरीबन 22 लाख बच्चों के भविष्य के साथ जो खिलवाड़ हुआ है, उसने भारतीय जनता पार्टी के असली चेहरे को बेनकाब कर दिया है। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने इस पूरे घटनाक्रम पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा है कि नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार आरोपी भाजपा नेता खुद सीबीआई हिरासत में यह कबूल कर रहे हैं कि बड़े लोगों को बचाया जा रहा है। जूली ने सीधे शब्दों में सवाल दागा है कि आखिर कौन हैं भाजपा के वे ‘बड़े लोग’, जो देश के मासूम बच्चों के भविष्य और उनकी मेहनत के साथ सरेआम खिलवाड़ कर रहे हैं? केंद्र से लेकर राज्य तक, भाजपा सरकारें सिर्फ और सिर्फ अपराधियों को संरक्षण देने और अपनी जवाबदेही से भागने में लगी हुई हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आज पूरे देश में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की कार्यशैली और विश्वसनीयता की घोर

> ■ ‘शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की संवेदनहीनता का आलम यह है कि वे लाखों युवाओं के भविष्य से जुड़ी पेपर लीक जैसी गंभीर घटना को ''कोई बड़ी बात नहीं'' बताकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं’

निंदा हो रही है, अख़बारों में इसके ऊपर सम्पादकीय लिखे जा रहे हैं ,लेकिन इसके बावजूद शिक्षा मंत्री हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। वो नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पर कोई ठोस कार्रवाई करने और देश के छात्रों को न्याय देने के बजाय सिर्फ और सिर्फ अपनी जवाबदेही से बचने के बहाने ढूंढ रहे हैं।

जूली ने कहा कि केंद्र की नाकामी तो जगजाहिर थी ही, लेकिन राजस्थान में तो स्थिति और भी बदतर है। यहां ''बड़े मियां तो बड़े मियां, छोटे मियां सुभान अल्लाह'' वाली कहावत पूरी तरह चरितार्थ हो रही है। राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर इस बेहद गंभीर और संवेदनशील मुद्दे पर इतने संवेदनहीन हो चुके हैं कि वे पेपर लीक जैसी भयानक घटना को ''कोई बड़ी बात नहीं'' बताकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। लाखों युवाओं के सपनों के टूटने का इन लोगों में तनिक सा भी अहसास या पछतावा नहीं है। यह बयान प्रदेश के युवाओं के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है।

नेता प्रतिपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जो नेता मंचों से ''पेपर लीक-पेपर लीक'' चिल्लाते नहीं थकते थे, आज जब उनके राज में देश की सबसे बड़ी परीक्षा का पेपर लीक हो गया, तो दोनों ने रहस्यमयी चुप्पी साध ली है।

# राज्य में 2 लाख से अधिक रूफ टॉप सौर ऊर्जा संयंत्र इंस्टॉल

**जयपुर।** पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में राजस्थान ने गुरूवार को एक महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया। करीब 26 माह पूर्व शुरू हुई इस योजना के अन्तर्गत राज्य में 2 लाख से अधिक रूफ टॉप सौर ऊर्जा संयंत्र इंस्टॉल किए जा चुके हैं। जयपुर की इमली वाला फाटक नटराज नगर निवासी तारा शर्मा प्रदेश की ऐसी विद्युत उपभोक्ता बन गई हैं जिन्होंने इस योजना में 2 लाख की संख्या वाला रूफ टॉप संयंत्र लगाया। इसके लिए जयपुर डिस्कॉम की अधीक्षण अभियंता (पीएम सूर्यघर) महिमा साराभाई तथा जयपुर शहर सर्किल (दक्षिण) के अधीक्षण अभियंता अनिल टोडवाल ने उनके घर पर जाकर उन्हें बधाई दी और योजनान्तर्गत सोलर कुक टॉप भी भेंट किया।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह महत्वपूर्ण पहल देशवासियों को न केवल प्रदूषणरहित सौर ऊर्जा से जोड़ रही है बल्कि उन्हें ऊर्जा सुरक्षा भी प्रदान कर रही है। भारत सरकार द्वारा दी जा रही 78 हजार रूपए की सब्सिडी तथा 150 यूनिट निशुल्क बिजली योजना में राजस्थान सरकार द्वारा मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना में रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं को दी जा रही 17 हजार रूपए की अतिरिक्त सब्सिडी से प्रदेश में रूफ टॉप ऊर्जा संयंत्रों के लगने की रफ्तार बीते समय में तेजी से बढ़ी है।

अब तक इस योजना में प्रदेश में 771 मेगावाट क्षमता के संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं और स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्रों की संख्या गुरूवार को 2 लाख 416 के स्तर पर पहुंच गई। रूफ टॉप लगाने पर भारत सरकार से उपभोक्ताओं को सब्सिडी के रूप में 1354 करोड़ रुपए से अधिक की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है।

हाल ही अप्रेल माह में प्रदेश में 22822 रूफ टॉप सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित हुए हैं जो इस योजना में प्रदेशवासियों की तेजी से बढ़ रही भागीदारी को दर्शाता है। यह प्रदेश में अब तक किसी भी माह में लगे सर्वाधिक सौर ऊर्जा संयंत्र हैं। इस योजना में प्रदेश में जयपुर जिले में सर्वाधिक 41296, सीकर में 12104, हनुमानगढ़ में 11530 तथा झुंझुनूं में 10,185 रूफ टॉप सोलर इंस्टॉल किए जा चुके हैं।

# सैलरी बनाने की एवज में रिश्वत लेते स्वास्थ्य निरीक्षक ट्रैप



एसीबी ने आरोपी दिनेश कुमार स्वास्थ्य निरीक्षक तथा दलाल साथी प्रकाश चन्द को परिवादी से रिश्वत लेते हुए पकड़ा।

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जयपुर नगर-द्वितीय इकाई ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए जयपुर नगर निगम के स्वास्थ्य निरीक्षक और एक निजी व्यक्ति को पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।

एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता ने बताया कि आरोपित दिनेश कुमार स्वास्थ्य निरीक्षक वार्ड नम्बर-99 नगर निगम जयपुर तथा दलाल साथी प्रकाश

> ■ सैलरी बनाने के बदले प्रतिमाह 5 हजार रुपए रिश्वत की मांग कर रहे

चन्द को परिवादी से रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया।

एसीबी जयपुर नगर-द्वितीय इकाई को शिकायत मिली थी कि स्वास्थ्य निरीक्षक दिनेश कुमार और निजी व्यक्ति प्रकाश चन्द आपसी मिलीभगत कर परिवादी की मार्च 2026 की सैलरी बनाने के बदले प्रतिमाह 5 हजार रुपए रिश्वत की मांग कर रहे हैं और लगातार दबाव बना रहे हैं। मामले की शिकायत मिलने पर उप महानिरीक्षक पुलिस-द्वितीय ओमप्रकाश मीणा के सुपरविजन में शिकायत का सत्यापन कराया गया। सत्यापन के दौरान आरोपियों द्वारा परिवादी से प्रतिमाह 5 हजार रुपए लेने पर सहमति सामने आई। इसके बाद एसीबी टीम ने ट्रैप की कार्रवाई की।

एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र तथा पुलिस उप अधीक्षक अभिषेक पारीक की मौजूदगी में कार्रवाई करते हुए वार्ड नम्बर-99 नगर निगम कार्यालय के पास रेलवे स्टेशन क्षेत्र में दोनों आरोपियों को 5 हजार रुपए रिश्वत गिरफ्तार कर लिया।

# ऑपरेशन ‘गरिमा’ में 4 मनचले गिरफ्तार

**जयपुर।** सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं और युवतियों से छेड़छाड़, फब्तियां कसने और पीछा करने जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जयपुर दक्षिण पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण श्री राजर्षि राज के निर्देशन में गुरुवार को ऑपरेशन गरिमा के तहत शिप्रापथ थाना इलाके में डिकॉय ऑपरेशन चलाकर 4 असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही दो दोपहिया वाहन भी जब्त किए गए।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) जयपुर राजर्षि राज आईपीएस ने बताया कि हाल के दिनों में सार्वजनिक स्थानों, पार्कों, बाजारों तथा स्कूल-कॉलेजों के आसपास महिलाओं से छेड़छाड़ की घटनाएं लगातार सामने आ रही थीं। इन घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए 13 मई 2026 को जयपुर दक्षिण क्षेत्र में विशेष अभियान ऑपरेशन गरिमा संचालित किया गया।



दिनभर तेज़ धूप के बाद शाम को मौसम बदला और तेज़ हवाओ के साथ बारिस होने से गर्मी से राहत मिली। सरदार पटेल मार्ग पर बारिश हुई।

# आरजीएचएस भुगतान से जुड़े मामले में डॉ. सोनदेव को जमानत

**जयपुर ।** राजस्थान हाईकोर्ट ने आरजीएचएस स्कीम में अवैध बिलों के जरिए राशि प्राप्त करने से जुड़े मामले में निजी अस्पताल संचालक डॉ. सोनदेव बंसल को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस प्रवीर भटनागर की एकलपीठ ने यह आदेश आरोपी की जमानत याचिका को स्वीकार करते हुए दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी बीते 12 अप्रैल से अभिरक्षा में चल रहा है और उसके खिलाफ पूर्व में कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। ऐसे में आरोपी को जमानत देना उचित है।

> ■ अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी बीते 12 अप्रैल से अभिरक्षा में चल रहा है और उसके खिलाफ पूर्व में कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है

जमानत याचिका में वरिष्ठ अधिवक्ता माधव मित्र और अधिवक्ता जया मित्र ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ मानसरोवर थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। जिसमें कहा गया था कि परिवादी की मां का याचिकाकर्ता के अस्पताल में इलाज के दौरान गत 28 सितंबर को निधन हो गया। इसके अलावा इलाज के दस्तावेज, रसीद और बिल आदि भी उसे नहीं दिए गए। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि आरोपी ने आरजीएचएस स्कीम के अन्तर्गत अवैध रूप से बिल बनाते हुए भुगतान उठाया है। इस पर राज्य सरकार के आदेश पर उसके अस्पताल को योजना से हटा दिया गया, जिसकी अपील लंबित चल रही है। उसकी न्यायिक अभिरक्षा की अवधि को देखते हुए जमानत पर रिहा किया जाए। जिसका विरोध करते हुए सरकारी वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता ने आरजीएचएस स्कीम का दुरुपयोग कर लाखों रुपए का भुगतान उठाया है। याचिकाकर्ता के ससुर की ओर से इस संबंध में राज्य सरकार को दी गई शिकायत पर ही अस्पताल को आरजीएचएस योजना से बाहर किया गया था। इसके अलावा अभी जांच पूरी नहीं हुई है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने आरोपी को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं।

# राज्यपाल ने अपने आधिकारिक काफिले में कटौती की

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने आम जन से ईंधन संरक्षण के लिए स्वत: प्रेरणा से कम से कम वाहनों के उपयोग और सार्वजनिक परिवहन के उपयोग का आव्हान किया है। उन्होंने स्वयं इस पर पहल करते हुए यात्राओं के दौरान अपने आधिकारिक काफिले (कारकेड) में वाहनों की संख्या भी कम कर दी है। गुरुवार को लोकभवन से एयरपोर्ट जाते समय उन्होंने अपने काफिले के साथ पायलट कार, एंबुलेंस फायर ब्रिगेड और दूसरे वाहनों का उपयोग मना कर दिया। इस सम्बन्ध में उनके निर्देश पर आदेश भी जारी किया गया है। इसमें साथ चलने वाले अन्य वाहनों की संख्या सीमित रखे जाने को सुनिश्चित किए जाने की सख्त हिदायत दी गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन संरक्षण की अपील पर उन्होंने अपने आधिकारिक काफिले के साथ अन्य स्तरों पर भी सरकारी स्तर पर कम से कम वाहनों का उपयोग किए जाने, सार्वजनिक परिवहन का प्रयोग करने की अपील की है। उन्होंने आम जनता से भी इसी तर्ज पर वाहनों का उपयोग सीमित करने और ईंधन संरक्षण की अपील की है।

# पुलिस के विशेष ऑपरेशन में 19 अपराधी गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की दक्षिण जिला पुलिस ने संगठित अपराधियों, आदतन बदमाशों और वांछित आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन दिवसीय विशेष अभियान में 19 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस अभियान के दौरान जिला स्तर के टॉप-10 अपराधियों, इनामी बदमाशों तथा आर्म्स एक्ट के आरोपियों को दबोचा गया।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस एजीटीएफ और पुलिस कमिश्नर जयपुर के निर्देश पर संगठित अपराधों की रोकथाम के लिए दक्षिण जिले में विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान की मॉनिटरिंग अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ललित शर्मा के सुपरविजन में की गई। इसके लिए दक्षिण जिले के सभी सहायक पुलिस आयुक्त, थाना अधिकारी, डीएसटी एवं साइबर सेल की टीमों का गठन किया गया था।

इस अभियान के दौरान चाकसू थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित मुख्य आरोपी मनीष बैरवा पुत्र भंवरलाल बैरवा निवासी देवकीनंदनपुरा, चाकसू को गिरफ्तार किया।

# प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों में प्रशासक लगाने पर रोक

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने जिला दुग्ध संघों व उनकी प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों में राज्य सरकार की ओर से प्रशासक लगाने वाले 21 अप्रैल के आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है। वहीं राज्य सरकार और को-ऑपरेटिव चुनाव ट्रिब्यूनल को नोटिस जारी कर यह पूछा है कि समितियों के चुनाव समय पर क्यों नहीं कराए गए। अदालत ने यह भी बताने को कहा है कि जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघों एवं प्राथमिक दुग्ध सहकारी संघों में प्रशासक नियुक्ति का निर्णय किस आधार पर लिया।

अदालत ने को-ऑपरेटिव चुनाव ट्रिब्यूनल को निर्देश दिया कि वह उचित समझे तो जिला संघों और प्राथमिक संघों में जल्द चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू कर सकता है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश जयपुर डेयरी की प्राथमिक सदस्य गणेशपुरा दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति सहित 10 अन्य प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों की याचिका पर दिया।

याचिका में अधिवक्ता डॉ. अभिनव शर्मा ने बताया कि राज्य के सभी जिला दुग्ध संघों और प्राथमिक संघों के चुनाव 2021 में हुए थे। उनका कार्यकाल गत फरवरी माह में खत्म हो

> ■ अदालत ने को-ऑपरेटिव चुनाव ट्रिब्यूनल को निर्देश दिया कि वह उचित समझे तो जिला संघों और प्राथमिक संघों में जल्द चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू कर सकता है

गया। इसके बाद रजिस्ट्रार, सहकारी संस्थाओं ने सभी जिला संघों और उनकी प्राथमिक समितियों में प्रशासक नियुक्त करने के निर्देश जारी कर दिए। प्रार्थियों का कहना है कि कानूनी तौर पर समय पर चुनाव कराना को-ऑपरेटिव चुनाव ट्रिब्यूनल की जिम्मेदारी थी। ट्रिब्यूनल को कार्यकाल खत्म होने की पूरी जानकारी के बावजूद चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं किया। सहकारी समितियों के लोकतांत्रिक ढांचे में राज्य सरकार दखल नहीं कर सकती, इसलिए संघों के चुनाव होने तक प्रशासक नियुक्त करने पर रोक लगाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने प्रशासक लगाने के आदेश पर अंतरिम रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया।

## सार-समाचार

### गर्मियों की छुट्टियों में गायत्री परिवार चलाएगा निशुल्क बाल संस्कार शाला



**जयपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में गायत्री परिवार की ओर से ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों के नैतिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए जयपुर सहित प्रदेशभर में नि:शुल्क बाल संस्कार शालाओं का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान 21 मई से प्रारंभ होकर एक माह तक विभिन्न क्षेत्रों में संचालित होगा। गायत्री परिवार राजस्थान के मुख्य ट्रस्टी ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि बच्चों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं जीवनोपयोगी संस्कारों से जोडऩे के उद्देश्य से जयपुर शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर बाल संस्कार शालाएं प्रारंभ की जा रही हैं। इन संस्कार शालाओं में कक्षा 5 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश पूर्णत: नि:शुल्क रहेगा, किन्तु पंजीयन अनिवार्य होगा।

### विश्व शांति के लिए आहुतियां अर्पित



**जयपुर।** चेतना केन्द्र दुर्गापुरा की ओर से प्रताप नगर के सेक्टर 8 स्थित अंबेडकर पार्क में गुरुवार को पंच कुंडीय गायत्री महयज्ञ का आयोजन किया गया। राजकुमार विजयवर्गीय, विजय कुमार विजयवर्गीय ने प्रारंभ में देव पूजन किया। आचार्य पीठ से सुशील कुमार शर्मा और राजेश कुमार शर्मा ने प्रज्ञा गीतों के साथ हवन करवाया। सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ में विश्व शांति के लिए आहुतियां अर्पित कीं। सीताराम पुजारी, विजय कुमार शर्मा, अशोक प्रजापत, वैद्य सत्येंद्र शर्मा, राजकुमारी शर्मा, रविमोहन शर्मा ने यज्ञ कार्य में सहयोग किया।

### साइबर धोखाधड़ी व डेटा चोरी के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**जयपुर।** जयपुर मेट्रो-प्रथम की डीजे कोर्ट ने बीजेपी पदाधिकारियों के नाम से फर्जी लेटर हैड बनाकर फर्जीवाड़ा और साइबर धोखाधडी करने के आरोपी पुलकित गुप्ता की जमानत अर्जी खारिज कर दी। डीजे ब्रजेन्द्र जैन ने कहा कि मौजूदा डिजिटल युग में साइबर अपराध न केवल एक व्यक्ति, बल्कि पूरे समाज के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुका है। आरोपी पुलकित गुप्ता के खिलाफ जयपुर के अशोक नगर थाना में बीएनएस और आईटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज है। उस पर आरोप है कि उसने फर्जीवाडा से 30 करोड़ रुपये का फर्जी टेंडर तैयार कर सोशल मीडिया पर प्रसारित किया था। आरोपी की ओर से कहा कि उसे गलत तरीके से फंसाया है, वह पुलिस जांच में पूर्ण सहयोग के लिए तैयार है। वहीं सरकार की ओर से कहा कि यह मामला सीधे तौर पर गंभीर साइबर अपराध से जुड़ा है। मामले में अनुसंधान जारी है, ऐसे में आरोपी को जमानत देना उचित नहीं है। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनकर आरोपी की जमानत अपील खारिज कर दी।

### इनोवा ने स्कूल वैन को मारी टक्कर

**जयपुर।** नारायण विहार थाना इलाके के मांग्यावास स्थित स्वर्ण पथ पर गुरुवार सुबह तेज रफ्तार टोयोटा इनोवा ने एक स्कूल वैन को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि स्कूल वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से जा टकराई। टक्कर के कारण पोल करीब एक फीट तक खिसक गया।इस हादसे के समय स्कूल वैन में चालक सहित तीन स्कूली बच्चे सवार थे।

# चिकित्सा मंत्री कोटा पहुंचे, अस्पताल में प्रसूताओं और परिजनों से मुलाकात की

## घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए हर दृष्टिकोण से जांच की जा रही है : खींवसर



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कोटा के अस्पताल में जानकारी ली।

- स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि एम्स की टीम भी कोटा आकर प्रकरण में विस्तृत एवं निष्पक्ष जांच करेगी

**कोटा,** (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि कोटा में प्रसूताओं की मौत एवं स्वास्थ्य बिगड़ने के प्रकरण में राज्य सरकार बेहद गंभीर हैं और पूरी संवेदनशीलता, तत्परता एवं निष्पक्षता के साथ मामले की गहन जांच पड़ताल की जा रही है। दिल्ली एम्स की टीम भी शनिवार को कोटा आकर इस प्रकरण में जांच एवं अनुसंधान करेगी। अंतिम रिपोर्ट प्राप्त होने पर ही इस घटना के सही कारणों तक पहुंचा जा सकेगा। रिपोर्ट के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चिकित्सा मंत्री ने गुरूवार को कोटा में न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल एवं जेके लोन अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने, प्रसूताओं एवं उनके परिजनों मुलाकात करने तथा कलैक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ प्रकरण की समीक्षा करने के उपरांत मीडिया के प्रतिनिधियों से संवाद के दौरान यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद दुःखुद और दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन राज्य सरकार हर पहलू पर बारीकी से जांच करवा रही है, ताकि वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके, क्योंकि एक साथ इतनी प्रसूताओं को लगभग समान जटिलताएं होना जांच की दृष्टि से एक चुनौतीपूर्ण विषय है। खींवसर ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रथम दृष्टया प्रसूताओं के इलाज एवं मॉनिटरिंग की प्रक्रिया से जुड़े चिकित्सकों एवं नर्सिंगकर्मियों को निलंबित किया गया है, लेकिन किसी भी निर्दोष को सजा नहीं दी जाएगी और जांच के बाद जो दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि इन दोनों अस्पतालों में एक साथ कई प्रसूताओं का स्वास्थ्य बिगड़ना चिंता का कारण है और गहन जांच का विषय है। हम इसकी तह तक जाएंगे।

खींवसर ने कहा कि राज्य सरकार के संज्ञान में जैसे ही यह प्रकरण आया, पूरी गंभीरता एवं तत्परता दिखाते हुए जयपुर से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम को उपचार के लिए कोटा भेजा गया। त्वरित एवं बेहतर उपचार मिलने से कई प्रसूताओं का जीवन बचाना संभव हो सका। इससे पहले चिकित्सा मंत्री ने न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचकर जायजा लिया और वहां भर्ती प्रसूताओं एवं उनके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिजनों को विश्वास दिलाया कि राज्य सरकार इलाज को लेकर किसी तरह की कमी नहीं रखेगी। खींवसर ने इसके बाद जेके लोन अस्पताल में भी स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया और वहां भर्ती प्रसूताओं एवं परिजनों से मिले। इस दौरान विधायक संदीप शर्मा, विधायक कल्पना देवी, संभागीय आयुक्त अनिल अग्रवाल, कलैक्टर पीयूष समारिया, कोटा मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. नीलेश जैन, जेके लोन अस्पताल की अधीक्षक डॉ. निर्मला शर्मा, न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक डॉ. आशुतोष शर्मा सहित अधिकारी उपस्थित थे।

# चरित्र पर संदेह को लेकर पति ने गर्भवती पत्नी की हत्या की

- पिटाई के दौरान महिला का गर्भपात हो गया और गर्भ में पल रहे मासूम की भी मौत हो गई
- पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया, मृतका के पीहर पक्ष को सूचना दी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के हमीरगढ़ थाना क्षेत्र स्थित चित्तौड़गढ़ हाईवे स्थित बीएसएल स्टाफ कॉलोनी में बीती रात एक वारदात सामने आई है। चरित्र पर शक की सनक में एक पति इतना अंधा हो गया कि उसने अपनी ही गर्भवती पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। हैवानियत का आलम यह था कि पिटाई के दौरान महिला का गर्भपात हो गया और दुनिया देखने से पहले ही मासूम की सांसें थम गईं। इस जघन्य हत्याकांड ने न केवल पूरी कॉलोनी को दहला दिया है, बल्कि चार मासूम बच्चों को अनाथ कर दिया है।

हमीरगढ़ थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि मूलतः उत्तर प्रदेश के हरदोई का निवासी गोपीसिंह राजपूत यहां बीएसएल फैक्टरी में मजदूरी करता था। वह अपनी 35 वर्षीय पत्नी रोली और चार बच्चों के साथ रह रहा था। बीती रात चरित्र पर संदेह को लेकर गोपीसिंह के सिर पर खून सवार हो गया। उसने रोली पर हमला किया। आरोपी ने उसे लात-घूंसों से पीटा और उसका सिर बार-बार दीवार से टकराया। गंभीर रूप से लहूलुहान रोली ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस पूरी वारदात में सबसे दर्दनाक पहलू वह मासूम रहा जो अभी दुनिया में आया भी नहीं था। लगातार प्रताड़ना और पेट पर लगी चोटों के कारण रोली का मौके पर ही गर्भपात हो गया। प्रसव वेदना और पति की क्रूरता के बीच रोली तड़पती रही। अस्पताल पहुंचने तक काफी देर हो चुकी थी। इस दौरान चार मासूम बच्चे भी थे, जिन्होंने अपनी आंखों के सामने पिता को वारदात करते देखा। दो बेटों और दो बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति गोपीसिंह को हिरासत में ले लिया है। शव को मोर्चरी में रखवाया गया है और मृतका के पीहर पक्ष को सूचना दे दी गई है।

# जोधपुर में 58 लाख की शराब पकड़ी, चालक सहित दो गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, गश्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में अवैध मदिरा जब्त करते हुए वॉश नष्ट कर अभियोग दर्ज किए गए।

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में अवैध शराब के विरूद्ध अभियान के तहत बुधवार रात्रि जोधपुर एवं पाली की संयुक्त कार्रवाई में मुखबिर की सूचना पर भारतमाला एक्सप्रेस वे जोधपुर के औसियां में एक 12 चक्का ट्रक की तलाशी लेने पर 675 पेटी विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब फोर सेल इन चंडीगढ़ बरामद की गई। बरामद मदिरा की अनुमानित कीमत 58 लाख रूपए है। मौक से ट्रक चालक सहित 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई जारी है। इस विशेष कार्रवाई में जोधपुर के साथ जिला आबकारी अधिकारी पाली मनोज बिस्सा सहित मनोज ढाका, महेश शर्मा एवं आबकारी टीम जोधपुर की अहम भूमिका रही।

# अलवर के राजगढ़ में ज्वैलरी शॉप में डकैती करने आए बदमाशों ने फायरिंग की

## जाग होने पर ज्वैलर के परिवार ने पत्थर फेंके तो एक करोड़ का माल छोड़कर भागे बदमाश

- 10 हथियारबंद बदमाश कैंपर गाड़ी में सवार होकर आए थे और दुकान का शटर उखाड़कर अंदर घुस गए
- पीड़ित ने बताया कि बदमाश जो जेवर ले गए, उनमें भी अधिकतर ग्राहकों का माल शामिल है, इसलिए उनको जेवर उपलब्ध कराना मुश्किल हो गया है

**अलवर,** (निसं)। अलवर में राजगढ़ के निकट ढिगावड़ा कस्बे में देर रात ज्वैलरी शॉप में डकैती की कोशिश का मामला सामने आया है। करीब 10 हथियारबंद बदमाश रात करीब साढ़े बारह बजे ज्वैलरी शॉप में डकैती के इरादे से घुसे। बदमाश कैंपर गाड़ी में सवार होकर आए थे, वह दुकान का शटर उखाड़कर अंदर घुस गए। भनक लगते ही ज्वैलर के परिवार ने बदमाशों पर पत्थर फेंके, जिस पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। दुकान के बाहर गोली के खोल भी मिले हैं। सूचना पर घटना के करीब एक घंटे बाद राजगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची।

दुकान मालिक नरेंद्र सोनी ने बताया कि बदमाशों ने आते ही दुकान का शटर तोड़ा और अंदर रखे करीब 4 से 5 लाख रुपए के जेवर समेट लिए। इसके बाद करीब साढ़े तीन क्विंटल वजनी तिजोरी उठाकर ले जाने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान तोड़फोड़ की आवाज सुनकर ऊपर रह रहा परिवार जाग गया। बाहर आकर देखा तो दुकान में बदमाश घुसे हुए थे। परिवार के लोगों ने साहस दिखाते हुए बदमाशों पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। जवाब में बदमाशों ने गोलियां चला दीं। मौके से गोली के खोल भी बरामद हुए हैं। परिवार के विरोध के चलते बदमाश तिजोरी छोड़कर मौके से फरार हो गए। दुकान मालिक के अनुसार तिजोरी में करीब एक करोड़ रुपए से ज्यादा के जेवर रखे हुए थे। उन्होंने बताया कि अधिकांश जेवर ग्राहकों के थे। हालांकि बदमाश जो जेवर ले गए, उनमें भी अधिकतर ग्राहकों का माल शामिल है, इसलिए उनको जेवर उपलब्ध कराना मुश्किल हो गया है।

# जालोर के पंसेरी गांव के लोगों के बीच पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल

## सीएम ने पंसेरी गांव में सुबह की सैर कर ग्रामीणों से बातचीत की



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जालोर के पंसेरी गांव के लोगों से संवाद किया। इस दौरान सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, राज्यमंत्री के. के. विश्नोई, विधायक छगन सिंह राजपुरोहित आदि मौजूद रहे।

- मुख्यमंत्री ने सुन्धा माता मंदिर में पूजा कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की

**जालोर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को जालोर के पंसेरी गांव में सुबह की सैर कर ग्रामीणों से रामा-श्यामा की। वहीं, कृषि एवं पशुपालन को लेकर आत्मीय बातचीत की। उन्होंने स्कूल जा रहे छोटे बच्चों से संवाद कर उन्हें चॉकलेट और टॉफी दी तथा अच्छी शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने गांव के मंदिरों में दर्शन भी किए। इस दौरान ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री का जगह-जगह साफा पहनाकर अभिनंदन किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने पंसेरी गांव की चौहटा (गांव की चौपाल का मुख्य केंद्र) पर ग्रामीणों से बातचीत की। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर जिला कलैक्टर को सुन्धामाता मंदिर से मालवाड़ा तक एवं पंसेरी गांव से नीलकंठ महादेव तक सड़क उन्नयन की कार्ययोजना बनाने, पंसेरी गांव में खेल स्टेडियम की जमीन का चिन्हीकरण करने, स्थानीय क्षेत्र की जल आवश्यकता की पूर्ति के लिए एनीकट निर्माण की व्यवहार्यता रिपोर्ट बनाने, मालवाड़ा में सब्जी मंडी निर्माण की कार्ययोजना बनाने, नवीन ट्रांसफार्मर लगाने एवं पंसेरी में पशु चिकित्सालय के लिए जमीन आवंटन के कार्य को गति प्रदान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जालोर जिले के लिए बजट में की गई घोषणाओं के तीव्र क्रियान्वयन के संबंध में भी विशेष दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सुन्धा माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के. के. विश्नोई, विधायक छगन सिंह राजपुरोहित सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

इस दौरान पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि सुंधा माता मंदिर के लिए पैदल आने वाले श्रृद्धालुओं को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जनभावनाओं को समझते हुए मुख्यमंत्री ने तुरंत सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तलब किया और पाथ-वे के खर्च का ब्यौरा लेकर मौके पर ही1.60 करोड़ रुपये की मंजूरी दे दी। नारायण सिंह देवल, पूर्व विधायक का कहना है कि मुख्यमंत्री जी द्वारा पाथ-वे की स्वीकृति देना क्षेत्र के विकास और श्रृद्धालुओं की सुरक्षा के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है। इसके लिए संपूर्ण क्षेत्र की जनता और श्रृद्धालु उनके आभारी हैं।

# भीलवाड़ाः ज्वैलरी शोरूम में भीषण आग लगी



भीलवाड़ा के डीपी ज्वैलर्स के शोरूम में आग लग गई।

- शोरूम की छत पर रखे स्क्रैप से अचानक काला धुआं बाहर निकलता देख ग्राहक और कर्मचारी जान बचाकर बाहर की ओर भागे

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भीलवाड़ा शहर के सबसे व्यस्ततम और संवेदनशील व्यापारिक क्षेत्र नगर निगम रोड स्थित डीपी ज्वैलर्स के शोरूम में अचानक भीषण आग लग गई। शोरूम से धुएं के गुबार उठते देख आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। हादसे की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की आधा दर्जन गाड़ियां और कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

जानकारी के अनुसार नगर निगम रोड पर स्थित इस नामी ज्वैलरी शोरूम में जब आग लगी, उस समय बाजार में भारी चहल-पहल थी। शोरूम की छत पर रखे स्क्रैप से अचानक काला धुआं बाहर निकलने लगा, जिसे देख ग्राहक और कर्मचारी जान बचाकर बाहर की ओर भागे। देखते ही देखते आग ने शोरूम के छत और आस पड़ोस की दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस ने मोर्चा संभाला और सुरक्षा की दृष्टि से शोरूम के आसपास जमा भारी भीड़ को हटाया ताकि दमकल की गाड़ियों को रास्ता मिल सके। आग की सूचना पर नगर परिषद और पास की अन्य इकाइयों से एक-एक कर करीब आधा दर्जन दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। भारी भीड़ के कारण दमकलकर्मियों को शुरुआत में दिक्कतों का सामना करना पड़ा, लेकिन टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए चारों तरफ से पानी की बौछारें शुरू की। लगभग 2 घंटे की मशक्कत और आधा दर्जन फेरे लगाने के बाद आग को पूरी तरह बुझाया गया और उसे पास की अन्य दुकानों में फैलने से रोका गया।

प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, हालांकि पुलिस और दमकल विभाग वास्तविक कारणों की तकनीकी जांच कर रहे हैं। ज्वैलरी शोरूम संचालक की बड़ी लापरवाही भी समाने आई है। शोरूम में फायर सेफ्टी के कोई उपकरण मौजूद नहीं होने के कारण चंद मिनटों ने ही आग ने विकराल रूप ले लिया।

# नशीले कैप्सूल बरामद

**पावटा,** (निसं)। विराटनगर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 188 ट्रोमोडोल नशीले कैप्सूल बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह के निर्देशानुसार थाना प्रभारी सोहन लाल के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस टीम ने विराटनगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 स्थित लापटनियों के मोहल्ले में दबिश देकर आरोपी राकेश सैनी उर्फ माल्या (26) पुत्र भीवाराम सैनी निवासी विराटनगर को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 188 ट्रोमोडोल नशीले कैप्सूल बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कोटा में व्यापारी ने आत्महत्या की

**कोटा,** (निसं)। अनंतपुरा थाना इलाके में एक व्यापारी ने फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। जानकारी के अनुसार व्यापारी प्रेम नारायण कोटा के अनंतपुरा इलाके में रह रहे बेटे के किराये के कमरे पर आया और इसकी सूचना बेटे को दी, व्यापारी ने बाद में कमरे में ही फांसी का फंदा लगा लिया, गेट नहीं खोलने पर घटना का पता चला। अनंतपुरा थानाधिकारी रमेश कविया ने बताया कि रामगंजमंडी निवासी व्यापारी प्रेमनारायण (52) ने बेटे के किराये के मकान में फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक का बेटा अनंतपुरा इलाके के दीनदयाल नगर में किराये के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहा है। थानाधिकारी ने बताया कि मामले में सामने आया कि व्यापारी आढ़त का काम करता था, आर्थिक तंगी से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया है।

# गीली लकड़ियों से भरा ट्रक पकड़ा

**डूंगरपुर,** (निसं)। शहर की वन विभाग की दोवड़ा रेंज टीम ने अवैध रूप से हरे पेड़ों की गीली लकड़ी से भरे एक ट्रक को जब्त किया है। इस मामले में विभाग ने ट्रक ड्राइवर सहित 2 लोगों को हिरासत में लिया है।

दोवड़ा वन क्षेत्र के रेंजर ने बताया कि अवैध रूप से हरे पेड़ों की कटाई और तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत उपवन संरक्षक के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। टीम ने आसपुर रोड पर पुनाली घाटा में नाकाबंदी की। वनपाल नाथूराम, चंद्रवीर सिंह, हर्षवर्धन सिंह और वन रक्षक नाथूलाल की टीम ने एक ट्रक को रोका। तलाशी लेने पर ट्रक में तिरपाल के नीचे गीली लकड़ी के बड़े और छोटे गट्टे भरे मिले। लकड़ी काटने और उसके परिवहन से संबंधित कोई वैध कागजात नहीं मिले। ड्राइवर ने पूछताछ में बताया कि लकड़ी आसपुर क्षेत्र से भरकर लाई जा रही थी। वन अधिकारियों के अनुसार, जब्त की गई लकड़ी में नीम और सिरस के पेड शामिल हैं, जिन्हें राजस्व भूमि से अवैध रूप से काटा गया था। वन विभाग ने लकडी से भरे ट्रक को जब्त कर लिया है।

# अलवर के देसूला गांव में 50 करोड़ की सरकारी जमीन पर भू-माफिया ने 150 फर्जी पट्टे बनाये

- पट्टों पर पूर्व ग्राम विकास अधिकारी के फर्जी साइन हैं, जो अब आरएएस की ट्रेनिंग कर रही हैं
- इस जमीन पर अलवर यूआईटी की नई आवासीय योजना आनी है, इससे पहले ही भू माफिया ने फर्जी पट्टे बनाकर बैंक से करोड़ों रुपए का लोन उठा लिया
- फर्जीवाड़े के सबूत मुख्यमंत्री ऑफिस पहुंचने पर 5 मई को मामले की जांच जिला परिषद के सीईओ को सौंपी गई, लेकिन अभी पट्टे कैंसिल नहीं किए गए हैं

**अलवर,** (निसं)। अलवर जिले में करीब 50 करोड़ रुपए कीमत की सरकारी और गोचर भूमि को भू माफिया ने हड़प लिया है। यह मामला अलवर के निकट रामगढ़ रोड पर देसूला का है। इस जमीन पर अलवर यूआईटी (अरबन इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट) की नई आवासीय योजना आनी है। इससे पहले ही भू माफिया ने इस जमीन पर 150 फर्जी पट्टे बनाकर बैंक से करोड़ों रुपए का लोन उठा लिया। पट्टों पर पूर्व ग्राम विकास अधिकारी के फर्जी साइन हैं, जो अब आरएएस की ट्रेनिंग कर रही हैं। जब कुछ लोगों को भनक लगी तो मामले की तह तक जाने की कोशिश की। पता चला कि ग्राम विकास अधिकारी के ऐसे साइन किए गए थे, जैसे कोई बहुत कम पढ़ा-लिखा व्यक्ति साइन करता है। हालांकि इस फर्जीवाड़े के सबूत मुख्यमंत्री ऑफिस पहुंचने पर 5 मई को मामले की जांच जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रविंद्र को सौंपी गई, लेकिन अभी न पट्टे कैंसिल किए गए हैं, न पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किसी को अरेस्ट किया है। पूरे मामले को दबाया जा रहा है।

देसूला में इस जमीन पर यूआईटी की आवासीय योजना लंबित है। आरोप है कि यूआईटी के अधिकारियों से मिलीभगत कर भू माफिया ने गांव के सरपंच प्रतिनिधि से मिलकर फर्जी पट्टे बना लिए। गांव के उपसरपंच को जब इसकी भनक लगी तो उन्होंने 54 पट्टों की कॉपी निकलवाई। इनमें से 6 पट्टे देसूला ग्राम पंचायत की सरपंच सावित्री देवी के परिवार के हैं। सरपंच के पोते दीपक के नाम तीन पट्टे हैं। सरपंच के बेटे सुभाष के नाम एक और सुभाष के बेटों के नाम दो पट्टे हैं।

जब उपसरपंच ने सरपंच और उसके प्रतिनिधि से इस बारे में पूछा तो जवाब मिला कि उनकी मुहर खो गई है और किसी ने उसका दुरुपयोग किया होगा।

इन पट्टों में से 15 पर बैंक लोन हो चुका है। यूआईटी की एक्वायर्ड (अवाप्तशुदा) और गोचर भूमि पर बने इन पट्टों पर बैंक ने भी लोन दे दिया, जिससे बैंककर्मियों की मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। देसूला ग्राम पंचायत के रिकॉर्ड के अनुसार, सितंबर 2025 से अक्टूबर 2025 के बीच ज्यादातर पट्टे बनाए गए। इन पट्टों पर वहां ग्राम विकास अधिकारी रही रेखा के हस्ताक्षर (साइन) हैं, जबकि रेखा का जुलाई 2025 में ही ट्रांसफर हो चुका था। इसके बाद रेखा आरएएस परीक्षा में सिलेक्ट हो गईं। फिलहाल जयपुर में ट्रेनिंग पर हैं।

इस मामले में आरएएस की ट्रेनिंग कर रही रेखा का कहना है कि यह मेरे साइन नहीं हैं। पट्टे जिस अवधि में जारी किए गए, उस समय मैं देसूला में नहीं थी। मेरी जानकारी में आया है कि पट्टों पर फर्जी हस्ताक्षर किए गए हैं। ऐसे में उप रजिस्ट्रार कार्यालय से पट्टे किस आधार पर जारी कर दिए गए, क्या कोई क्रॉस चेक नहीं किया गया?

मामले में उपसरपंच बलदेव सिंह ने मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत दी। इसके बाद उप शासन सचिव ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सालुखे गौरव रविंद्र को जांच के आदेश दिए हैं।

हालांकि, अभी तक किसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। जिला परिषद सीईओ सालुखे गौरव रविंद्र ने कहा कि यह गंभीर मामला है। हमारे पास जांच के लिए प्रकरण आया है। हम गंभीरता से जांच कर पूरी कार्रवाई करेंगे।

उपसरपंच बलदेव सिंह का कहना है कि हमने उप पंजीयक कार्यालय से पट्टों की नकल ली है। उसके बाद पूरा फर्जीवाड़ा सामने आया है। सीएमओ में शिकायत की है। करीब 150 पट्टे बनाकर उन पर करोड़ों रुपए का लोन उठाया है।

सरपंच के दो बेटे हैं। बड़े बेटे का नाम कन्हैयालाल है, जिसकी मौत हो चुकी है। उसका बेटा दीपक है। वह सरपंच प्रतिनिधि के रूप में भी काम करता है। सरपंच का दूसरा बेटा सुभाष है। उसके दो बेटे हैं।


**RajCOMP Info Services Limited (RISL)**

C-Block, 1st Floor, Yojana Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur

RISL द्वारा निम्न ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं :–

| NIB No./ Date/ Unique bid no. | Particulars | Estimated Cost/EMD | Start of sale / Last date |
| --- | --- | --- | --- |
| 689 / 11.05.2026 RIS2627WLRC00020 2026_RISL_558452_1 | RFP for Rate Contract of 2 years for Supply, installation and Commissioing of Surveillance equipment under Abhay Command and Control Project in the State of Rajasthan. | Rs. 160.00 Cr/ EMD as Per RFP | 12.05.2026 / 18.06.2026 |

विस्तृत जानकारी हेतु इन वेबसाईट पर सम्पर्क करें – http://sppp.rajasthan.gov.in, http://risl.rajasthan.gov.in, http://doitc.rajasthan.gov.in, and http://eproc.rajasthan.gov.in.

Raj.Samwad/C/26/2784 Additional Director

**कार्यालय नगर परिषद जालोर (राजस्थान)**

क्रमांकः / नपजा / लेखा / 2026 / 1033 दिनांकः 08.05.2026

**-:: ई-निविदा सूचना संख्या-02/2026-27 ::-**

नगर परिषद् जालौर द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु नगर परिषद क्षेत्र जालोर में जोन "ए" व जोन "बी" में श्रम, सामग्री एवं परिवहन सहित सम्पूर्ण सफाई कार्य दो जोन में पृथक पृथक के लिए अनुबंध पर सेवाऐं / ठेका देने हेतु इच्छुक विनिर्दिष्ट बोलीदाताओं / संवेदकों से वार्षिक दर संविदा करने बाबत दो रूपों में ई-निविदा / बोली प्रस्ताव यथा तकनीकी बोली प्रस्ताव एवं वित्तीय बोली प्रस्ताव ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर ऑनलाईन प्रकिया द्वारा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित कार्य की विस्तृत जानकारी निविदा की शर्तें, निविदा तिथि इत्यादि की सम्पूर्ण जानकारी / सूचना वेबसाईट http://eprocrajasthan.in & http://sppp.raj.nic.in व पर देखी तथा डाउनलोड़ की जा सकती है।

1. UBN-DLB2627WSOB04155 2. UBN-DLB2627WSOB04156

आयुक्त
नगर परिषद, जालोर

राज.संवाद / सी / 26 / 2764

## ‘नीट पेपर लीक में भाजपा के लोगों की मिलीभगत’

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के मुख्य सचेतक एवं आदर्श नगर विधायक रफीक खान ने –2026 पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह घटना देश की शिक्षा व्यवस्था पर लगा गंभीर कलंक है और भाजपा सरकार की पूर्ण विफलता को उजागर करती है।

बुधवार को जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर विरोध–प्रदर्शन किया गया तथा उनके इस्तीफे और को तत्काल भंग करने की मांग उठाई गई। इस अवसर पर रफ़ीक खान ने कहा कि लगातार तीसरे वर्ष परीक्षा विवादों और पेपर लीक के कारण चर्चा में है। वर्ष 2024 में भी पेपर लीक हुआ, 2025 में भी परीक्षा प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठे और अब 2026 में फिर वही शर्मनाक स्थिति सामने आई है। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट है कि भाजपा सरकार ने युवाओं के भविष्य को पूरी तरह भगवान भरोसे छोड़ दिया है। लाखों विद्यार्थी दिन–रात मेहनत करते हैं, परिवार आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करते हैं, लेकिन हर वर्ष पेपर लीक माफिया और भ्रष्ट तंत्र उनकी मेहनत पर पानी फेर देता है।

रफीक खान ने आरोप लगाया कि भाजपा की राज्य सरकार जानबूझकर इस मामले में सख्त कार्रवाई नहीं कर रही, क्योंकि पेपर लीक से जुड़े लोगों में भाजपा पदाधिकारियों के नाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सबूत सामने आने के बावजूद राजस्थान में दर्ज नहीं की गई, जो यह दर्शाता है कि सरकार दोषियों को बचाने का काम कर रही है।

# सीजीडी संस्थाएं 45 दिनों में 43 हजार घरों तक पहुंचाएं डीपीएनजी कनेक्शन : मुख्य सचिव

## सरकार का एलपीजी फ्री जोन घोषित करने पर जोर

- सोशल मीडिया पर अवेयरनेस कार्यक्रम चलाएं, शिविर लगाकर डीपीएनजी कनेक्शन जारी करें
- डीपीएनजी आधारभूत संरचना युक्त इलाकों में एलपीजी को डीपीएनजी में शिफ्ट करना प्राथमिकता




**मुख्य सचिव ( बांये ) वी. श्रीनिवास ने गुरुवार को सचिवालय के चिंतन कक्ष में राज्य स्तरीय सीजीडी समिति की बैठक ली।**

**जयपुर।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने राज्य की सीटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन संस्थाओं को औसतन प्रतिदिन पाइप लाइन से एक हजार घरों को घरेलू गैस कनेक्शन (डीपीएनजी) सुविधा से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। जून माह तक सीजीडी संस्थाओं को करीब 45 दिनों में 43 हजार घरों तक डीपीएनजी कनेक्शन पहुंचाने होंगे। उन्होंने कहा कि सीजीडी संस्थाओं द्वारा जिन इलाकों में डीपीएनजी आधारभूत संरचना विकसित कर ली है उन इलाकों के रहवासियों को प्राथमिकता से डीपीएनजी कनेक्शन जारी किए जाने हैं।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास गुरुवार को सचिवालय के चिंतन कक्ष में राज्य स्तरीय सीजीडी समिति की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सभी 13 सीजीडी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा एलपीजी कनेक्शनों को डीपीएनजी कनेक्शनों में शिफ्ट करने और एलपीजी फ्री जोन घोषित करने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीजीडी संस्थाओं को आमनागरिकों तक यह संदेश पहुंचाना होगा कि डीपीएनजी सेवाओं की 24 गुणा 7 दिवस उपलब्धता, सिलेण्डर बुकिंग व सिलेण्डर आने की प्रतीक्षा से मुक्ति, सस्ती और सुरक्षित व्यवस्था है। ऐसे में अवेयरनेस कार्यक्रम चलाने के साथ ही शिविर लगाकर क्षेत्रवासियों को डीपीएनजी कनेक्शन सुविधा से जोड़ा जाए। वी. श्रीनिवास ने बताया कि राज्य में 490 सीएनजी स्टेशन, 1380 व्यावसायिक और औद्योगिक कनेक्शन और एक लाख 53 हजार घरों तक डीपीएनजी कनेक्शन पहुंचाएं जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा पाइप लाइन से घरेलू गैस उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है और इसी को ध्यान में रखते हुए सीजीडी संस्थाओं का कार्य में तेजी लानी होगी।

उन्होंने राज्य की आईटीआई संस्थाओं को निर्देश दिए कि वे राजस्थान स्टेट गैस को 5 हजार प्रशिक्षण प्राप्त प्लंबरों की सूची तत्काल उपलब्ध कराएं ताकि सीजीडी संस्थाओं द्वारा उनका ओरियेंटेशन कराकर डीपीएनजी कनेक्शन जारी करने के काम में तेजी लाई जा सके। उन्होंने प्रगति की नियमित समीक्षा के निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम अपर्णा अरोरा ने सीजीडी संस्थाओं को एलपीजी फ्री इलाके चिन्हित करने के निर्देश दिए ताकि परस्पर समन्वय से उन इलाकों में प्राथमिकता से डीपीएनजी कनेक्शन जारी कराकर केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार एलपीजी फ्री जोन घोषित किया जा सके।

अपर्णा अरोरा ने सीजीडी संस्थाओं को सोशल मीडिया के सभी संभावित प्लेटफार्म का उपयोग करते हुए अवेयरनेस कार्यक्रम चलाने की आवश्यकता प्रतिपादित की ताकि नागरिकों को जानकारी प्राप्त होने से डीपीएनजी सुविधा से जुड़ सकेंगे। उन्होंने सीजीडी संस्थाओं को डीपीएनजी कनेक्शनों के साथ ही व्यावसायिक और औद्योगिक संस्थानों को भी प्राकृतिक गैस सुविधा से जोड़ने पर जोर दिया। अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह भास्कर सांवत और अतिरिक्त मुख्य सचिव नगरीय विकास आलोक गुप्ता ने डीपीएनजी सेवाओं के विस्तार पर जोर देने के साथ ही आवश्यक सुझाव दिए। आरएसजीएल के प्रबंध निदेशक विनय पाटनी ने प्रगति की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि आरएसजीएल द्वारा कोटा में आईआईटी से समन्वय बनाते हुए प्लंबरों की कार्यशाला भी आयोजित की गई है ताकि युवाओं को रोजगार और संस्थाओं को मानव संसाधन उपलब्ध हो सके। बैठक में रीको के प्रबंध निदेशक सुरेश ओला, विशिष्ट शासन सचिव माइंस नम्रता वृष्णि, निदेशक पेट्रोलियम अवधेश सिंह, वित, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, ट्रांसपोर्ट, पेट्रोलियम, आरएसजीएल आदि विभागों व 13 सीजीडी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के ने हिस्सा लिया।

## सार-समाचार

### लेट्स ग्रो टुगेदर के कार्यकारिणी का गठन



**जयपुर।** महिलाओं को आत्मनिर्भरता, नेतृत्व और उद्यिमता की दिशा में आगे बढ़ने के उद्देश्य से लेट्स ग्रो टुगेदर एंटरप्रेन्योर क्लब की ओर से आज जयपुर के गणपति नगर स्थित जयपुर क्लब में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें शहर की कई महिला उद्यमी, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोग शामिल हुए। फाउंडर–डायरेक्टर, डॉ. मेघा शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में रानू नाथानी श्रीवास्तव व निमिषा मिश्रा को संरक्षक; डॉ. दीप्ति सैनी को वाइस प्रेसिडेंट; ज्योति शर्मा को सचिव; प्रीति सचदेवा को ब्रांड एंबेसडर; आरजे देवांगना को ब्रांड फेस; प्रीति सक्सेना को ब्रांड आइकॉन; मीनू गुप्ता को एडवाइजर; डॉ. अपर्णा शर्मा को ट्रेज़र; नेहा जैन को इवेंट हेड और पूजा शर्मा को कोलाब्रेशन हेड की शपत दिलाई गई। कार्यक्रम में अखिल भारद्वाज और योगाचार्य तनु अमित देव भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को एक ऐसा प्लेटफार्म देना है, जहां वे एक–दूसरे से जुड़कर नए अवसरों, नेतृत्व और व्यावसायिक संभावनाओं को आगे बढ़ा सकें। समारोह में एम्पावर, कनेक्ट और सक्सीड थीम के तहत महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर चर्चा भी हुई।

### मुनि श्री 108 विनम्र सागर जी ''संतोष'' विला पर पधारे



**जयपुर।** सूक्ष्म लेखन कलाकार नीरू छाबड़ा चावल पर कैसे लिखती है देखा, साथ में उनकी बनाई कलाकृतियां भक्तामर स्तोत्र,अनेकता में एकता मेरा भारत महान,गणेश जी के 108 नाम का अवलोकन किया सारांश जैन( छाबड़ा )ने हस्त निर्मित कागज पर सूक्ष्म लेखन कृति ''संपूर्ण गीता'' दिखाई महाराज श्री ने पंजिका पुस्तिका में लिखा -- ''पुरुषार्थ और प्रभु कृपा का अद्भुत मेल देख रहा हूं ,देख रहा हूं साधना कहां–कहां से क्या–क्या बोलती है , कितना अच्छा और पवित्र बोलती है संवेदना के साथ , मोक्षगामी भव, गुरुदेव श्री का आशीर्वाद'' मुनि श्री के प्रदीप सारांश अभिनव दिव्यम छाबड़ा ने पद पक्षालन किया

### डमी अभ्यर्थी बैठाने वाला पन्द्रह हजार का इनामी एसओजी के हत्थे चढ़ा



**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने भर्ती परीक्षाओं में डमी अभ्यर्थी बैठाने वाले पन्द्रह हजार रुपए के इनामी आरोपित को गिरफ्तार किया है जो लंबे समय से फरार चल रहा था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। एसओजी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बंसल ने बताया कि आरोपित भभूताराम उर्फ रणजीत निवासी धनाऊ जिला बाड़मेर को गिरफ्तार किया गया। आरोपित पर एसओजी थाना में दर्ज प्रकरण में 15 हजार रुपए का इनाम घोषित था। जांच में सामने आया कि आरोपित भर्ती परीक्षाओं में मूल अभ्यर्थियों की जगह डमी अभ्यर्थी बैठाने का काम करता था। वर्ष 2022 की शारीरिक शिक्षा अध्यापक भर्ती परीक्षा में मूल अभ्यर्थी मुकेश सारण की जगह डमी अभ्यर्थी बैठाकर परीक्षा दिलाई गई थी। इस मामले में एसओजी थाना जयपुर में मामला दर्ज किया गया था। एसओजी के अनुसार आरोपित पहले भी राजस्थान पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा–2021 में डमी अभ्यर्थी बैठाने के मामले में गिरफ्तार हो चुका है। मामले की जांच के दौरान अब तक कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।आरोपित गिरफ्तारी से बचने के लिए पिछले करीब डेढ़ से दो वर्षों से राजस्थान से बाहर विभिन्न राज्यों में छिपकर रह रहा था। बाड़मेर पुलिस के सहयोग से उसे दबोचा गया। पूछताछ में आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि उसने अपने लिए फर्जी तरीके से ताइक्वांडो खेल प्रमाण पत्र भी हासिल किया था। इस संबंध में एसओजी थाना में अलग से मामला दर्ज है। गिरफ्तार आरोपित को न्यायालय में पेश कर 16 मई 2026 तक पुलिस रिमांड पर लिया गया है। एसओजी अब उससे अन्य आरोपियों और लाभार्थी अभ्यर्थियों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

### ट्रैवल एजेंट बिजनेस मीट आयोजित

**जयपुर।** भारत और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय पर्यटन बाजारों में समर ट्रैवल डिमांड तेजी से बढ़ने के बीच, प्रिज्म ने पीक वेकेशन सीजन से पहले ट्रैवल एजेंट कम्युनिटी के साथ सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से जयपुर के संडे होटल में ट्रैवल एजेंट पार्टनर बिजनेस मीट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 150 से अधिक क्षेत्रीय ट्रैवल एजेंट्स ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पार्टनर्स को समर ट्रैवेलर्स के लिए तैयार किए गए विभिन्न प्रकार के हॉस्पिटैलिटी और हॉलिडे ऑफर्स की जानकारी देना था। इस दौरान प्रिज्म ने अपने प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी ब्रांड्स संडे होटल्स, क्लबहाउस, पैलेट और टाउनहाउस को लॉन्च किया।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष ऑटो रिक्शा से कार्यालय पहुंचे

- प्रत्येक नागरिक को भी ईंधन की बचत के लिए अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिएः हमीद खान मेवाती
- हमीद खान मेवाती ऑटो रिक्शा से भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनके इस सराहनीय कदम की प्रशंसा

**जयपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से ईंधन बचाने, पेट्रोल–डीजल का कम उपयोग करने तथा अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन अपनाने की अपील को समर्थन देते हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती आज ऑटो रिक्शा से भाजपा प्रदेश कार्यालय जयपुर पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि देशहित में ऊर्जा संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक नागरिक को ईंधन की बचत के लिए अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने आमजन से भी निजी वाहनों का कम उपयोग कर सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने की अपील की। हमीद खान मेवाती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ''ईंधन बचाओ'' संदेश केवल आर्थिक बचत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से भी जुड़ा हुआ है।

## अष्टयाम सेवा महोत्सव मनाया

**जयपुर।** सुभाष चौक पानो का दरीबा स्थित श्री शुक सम्प्रदाय आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज में आयोजित अष्टयाम सेवा महोत्सव के अंतर्गत गुरुवार को श्री शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में ठाकुर श्री राधा सरस विहारी जू सरकार के विविध लाड़ लड़ाए गए। इनमें ब्यारु भोग और विवाह महोत्सव प्रमुख रहे। श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि ब्रज और वृन्दावन की परंपरा में श्री प्रिया–लाल (राधा–कृष्ण) को रात में अर्पित किए जाने वाले विशेष भोजन को ब्यारु भोग कहा जाता है। यह रात्रि में ठाकुर जी के शयन से पहले का मुख्य प्रसाद होता है। यह भक्ति और प्रेम का प्रतीक है। यह मुख्य रूप से निकुंज सेवा के अंतर्गत आने वाला एक आध्यात्मिक भाव है। इस मौके पर ब्यारु करत है घनश्याम दूध भात खोवा बासुंदी ले आई ब्रजबाल आशकरण प्रभु मोहन नागर अंग अंग अभिराम...जैसे पदों का गायन किया गया।

## ‘पत्रकारिता अंधेरे में टॉर्च का काम करती है’

- ‘टीआरपी बढ़ाने की होड़ में तिल को ताड़ और कंकड़ को पहाड़ बनाना उचित नहीं’




**वसुन्धरा राजे मनोज माथुर जर्नलिज्म अवार्ड समारोह में शमिल हुई।**

**जयपुर।** पूर्व सीएम वसुन्धरा राजे ने कहा है कि पत्रकारिता अंधेरे में टॉर्च का काम करती है,बशर्ते सच पर आधारित हो। टीआरपी बढ़ाने की होड़ में तिल को ताड़ और कंकड़ को पहाड़ बनाना उचित नहीं है। राजे गुरुवार को मनोज माथुर जर्नलिज्म अवार्ड समारोह में बोल रही थी।उन्होंने कहा कि न्यूज़ को न्यूज़ ही रखना चाहिए उसमें व्यूज़ शामिल न हो।वक्ता किस संदर्भ में बोल रहा है यह समझकर ही खबर लिखना चाहिए। कन्फ़्यूज़न हो तो संबंधित से पूछ लें,लेकिन ब्रेकिंग न्यूज़ के फेर में अर्थ का अनर्थ न करें। ये तो ठीक है कि–'खींचो न कमानों को, न तलवार निकालो, जब तोप मुक़ाबिल हो, तो अख़बार निकालो' लेकिन ये उचित नहीं कि ‘बन के एक हादसा बाज़ार में आ जाएगा, जो नहीं होगा वो अख़बार में आ जाएगा।’

अवार्ड से भास्कर रिपोर्टर अर्पित शर्मा,आजतक के रिपोर्टर देवांकुर वाधवान,भास्कर डिजिटल के रिपोर्टर सौरभ गृहस्थी,इंडिया टुडे के फ़ोटो पत्रकार पुरुषोत्तम दिवाकर को सम्मानित किया गया।फाउंडेशन की अध्यक्ष सुलक्षणा माथुर,पत्रकार अमित भट्ट,आशीष दत्ता और भाजपा नेता नीरज जैन ने भी संबोधित किया।

## 2.87 लाख रुपए की रिश्वत लेते थानाधिकारी डिटेन



**थाना अधिकारी प्रवीण कुमार**

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की डूंगरपुर टीम ने प्रतापगढ़ जिले में कार्रवाई करते हुए धोलापानी थाने के थानाधिकारी को रिश्वत प्रकरण में डिटेन किया है। एसीबी टीम ने आरोपित पुलिस निरीक्षक की निजी कार से 2 लाख 87 हजार 150 रुपए की रिश्वत राशि बरामद की है। आरोपित रकम के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया।

एसीबी महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी डूंगरपुर को शिकायत मिली थी कि परिवादी के भाई के खिलाफ धोलापानी थाने में दर्ज बलात्कार के मामले में मदद करने, मारपीट नहीं करने तथा परिवादी के पिता को मामले में नहीं फंसाने की एवज में थाना अधिकारी द्वारा रिश्वत मांगी जा रही है। एसीबी उदयपुर रेंज के उप महानिरीक्षक डॉ. रामेश्वर सिंह के सुपरविजन में एसीबी डूंगरपुर इकाई के पुलिस उप अधीक्षक रतनसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में टीम ने ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया। थाना अधिकारी प्रवीण कुमार चारण रिश्वत राशि परिवादी के परिचित से लेकर निजी वाहन से यात्रा कर रहा था।

## शासन सचिव ने संपर्क हेल्पलाइन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया

- पर्यटन, कला-साहित्य-संस्कृति एवं पुरातत्व विभागों के प्रकरणों की समीक्षा कर शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**जयपुर।** पर्यटन विभाग तथा कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की शासन सचिव शुचि त्यागी ने गुरुवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर विभागीय प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान शासन सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का त्वरित, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े प्रकरणों में संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य किया जाए ताकि परिवादियों को शीघ्र राहत मिल सके।

बैठक में पर्यटन विभाग, देवस्थान विभाग, कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, राजस्थान पर्यटन विकास निगम जवाहर कला केन्द्र तथा आमेर विकास एवं प्रबंधन प्राधिकरण से संबंधित शिकायतों की समीक्षा की गई। त्यागी ने लंबित प्रकरणों के शीघ्र समाधान के निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा परिवादियों की संतुष्टि सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग एवं प्रभावी फॉलोअप करने के भी निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने ई-पैक्स एवं सहकार से समृद्धि अभियान प्रगति की समीक्षा की

- पैक्स समितियों का कम्प्यूटरीकरण कर उन्हें ई-पैक्स घोषित करने के निर्देश दिए




**जिला कलक्टर संदेश नायक ने जिला सहकारिता विकास समिति की बैठक ली।**

**जयपुर।** जिला कलक्टर संदेश नायक की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सहकारिता विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने जयपुर जिले में राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2026–27 के अंतर्गत पैक्स विहीन ग्राम पंचायतों में पैक्स गठन करने एवं जिले की समस्त पैक्स समितियों का कम्प्यूटरीकरण कर उन्हें ई–पैक्स घोषित करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने इस दौरान पैक्स समितियों के माध्यम से सी.एस.सी., पी.एम.के.एस.के. सहित अन्य महत्वपूर्ण पहलों की प्रगति की समीक्षा की तथा इनके लिए मासिक लक्ष्य निर्धारित कर समयबद्ध रूप से लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए ।

उन्होंने विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के तहत निर्मित गोदामों की उपयोगिता सुनिश्चित करने एवं ‘सहकार से समृद्धि’ अभियान के विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए।

जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सहकारी योजनाओं का लाभ अधिकाधिक किसानों एवं ग्रामीणों तक पहुंचाया जाए तथा निर्धारित लक्ष्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

बैठक में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जयपुर उत्तर मुकेश मूण्ड, प्रबंध निदेशक द जयपुर सेंट्रल को–ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, जयपुर, उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां जयपुर (शहर, ग्रामीण), डी.डी.एम. नाबार्ड सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने मिठाइयों व फ्रूट शेक के नमूने लिए

**जयपुर।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग राजस्थान द्वारा चलाए जा रहे राज्य सरकार के शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के तहत गुरुवार को फागी और रेनवाल मांझी कस्बे में खाद्य पदार्थों की जांच को लेकर विशेष कार्रवाई की गई। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर मिठाइयों और पेय पदार्थों के नमूने लिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि कार्रवाई के दौरान मावा रबड़ी, मलाई बर्फ़ी, मावा बर्फ़ी तथा फ्रूट शेक के नमूने एकत्रित किए गए हैं।

सभी नमूनों को जांच के लिए खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला भेजा गया है। उन्होंने बताया कि यदि जांच रिपोर्ट में खाद्य पदार्थ मानकों के विपरीत पाए जाते हैं तो संबंधित फर्मों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चंद यादव, अवधेश गुप्ता तथा नंदकिशोर कुमावत शामिल रहे।

# वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान 25 मई से शुरू

## जल संरक्षण करने और प्लास्टिक उपयोग कम करने की आमजन शपथ लेंगे

- प्रदेशभर में 5 जून तक चलेगा अभियान
- जल संरक्षण में उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिलेगा जल गौरव सम्मान
- 26 मई को विशेष ग्राम सभाएं और 4 जून को होगी ‘रन फॉर एन्वायरमेंट’

**जयपुर।** प्रदेश में भू–जल स्तर और जल संचयन में जन भागीदारी बढ़ाने के लिए 25 मई (गंगा दशमी) से वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का शुभारंभ होगा। अभियान की शुरूआत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर से करेंगे। प्रदेशभर में अभियान 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) तक चलेगा।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में गुरूवार को अभियान की तैयारियों के लिए शासन सचिवालय के चिंतन सभागार में महत्वपूर्ण बैठक हुई। उन्होंने सभी विभागों के उच्चाधिकारियों को अभियान की व्यापक एवं प्रभावी क्रियान्विति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देकर प्रत्येक जिले में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, पारम्परिक जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के कार्यक्रमों को मिशन मोड पर करें, जिससे अभियान का सकारात्मक प्रभाव प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे। सभी विभाग आपसी समन्वय से प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय तक कार्ययोजना बनाकर गतिविधियों का संचालन सुनिश्चित करें।

जागरूकता रैलियां एवं सामाजिक सहभागिता आधारित कार्यक्रम आयोजित कराएं। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवी संगठनों, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों, युवा समूहों तथा आमजन की सक्रिय भागीदारी अभियान की सफलता का आधार बनेगी। उन्होंने हरियालो राजस्थान की तैयारियां शुरू करने के भी निर्देश दिए।

ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट–2026 के राज्य स्तरीय समापन समारोह के साथ वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान–2026 का राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह होगा। इस अभियान में जल संसाधन विभाग द्वारा नदी, वृहद एवं मध्यम बांध, सरोवर, नहरों की पूजा, नहरों एवं खालों की जल उपयोगिता संगम एवं किसानों के सहयोग से साफ–सफाई, जल शक्ति अभियानः कैच द रैन अंतर्गत कार्यक्रम, जल संचय जन भागीदारी कार्यक्रम, नए कार्यों का शिलान्यास, भूमि पूजन एवं पूर्ण कार्यों का अवलोकन व लोकार्पण जैसे विभिन्न कार्य होंगे। अभियान अंतर्गत वंदे गंगा प्रभात फेरी, वंदे गंगा कलश यात्रा, पीपल पूजन व पौधारोपण, ईको फ्रैंडली स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी एवं विक्रय, जल संरक्षण एवं जन भागीदारी के प्रति जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटकों का आयोजन, संकल्प कार्यक्रम, नवीन अमृत सरोवर का पूजन किया जाएगा। हरियालो राजस्थान अंतर्गत पौधारोपण कार्यों की अग्रिम तैयारी, औरण व चारागाहों का चिन्हिकरण, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत कार्यों का अवलोकन एवं नवीन स्वीकृति, वीबी जी राम जी योजना अंतर्गत जल संरक्षण जैसे कार्य किए जाएंगे।

ARBIT it happens here...

राष्ट्रदूत
FRIDAY
15 May 2026
A-B



## National Endangered Species Day: A Call to Protect Earth's Most Vulnerable Wildlife

National Endangered Species Day, observed on the third Friday of May, highlights the urgent need to protect plants and animals at risk of extinction. It reminds us that habitat loss, climate change, pollution, and illegal wildlife trade continue to threaten biodiversity across the planet. The day encourages conservation efforts, sustainable choices, and awareness about the fragile ecosystems that support life on Earth. From iconic species like tigers and elephants to lesser-known insects and plants, every organism plays a vital role. By supporting conservation programs, reducing waste, and respecting nature, individuals and communities can help safeguard endangered species for future generations.

#FRUITS

# Sweeter Than Candy And Nearly Extinct

While the common strawberry, pineapple, orange, Fuyu persimmon, and ordinary durian are familiar to most, these rare varieties showcase how nature can create sweetness far beyond sugar





Nature has a way of producing sweetness far beyond what candy can offer, but some of these fruits are incredibly rare or nearly extinct. Their unique flavours, textures, and compositions make them natural treasures, often surpassing the sweetness of familiar fruits.

The White Jewel Strawberry, native to Japan, is a tiny, creamy-coloured strawberry known for its delicate, vanilla-like sweetness. Unlike the common red strawberry, which balances sweetness with acidity, White Jewel strawberries are almost syrupy, with very low acidity and a soft, fragrant flesh. Their rarity is due to delicate cultivation requirements, as they need precise greenhouse conditions and careful soil management to thrive.

From tropical regions of Central and South America comes the Pink Pineapple, also known as Pinkglow. This pineapple boasts vibrant pink flesh and a tropical, floral sweetness that far exceeds that of the regular yellow pineapple. With lower acidity and a smoother texture, Pink Pineapple tastes almost like candy in comparison, offering a rich, honeyed flavour. Its long maturation period, up to two years per plant, combined with sensitivity to climate makes it an extremely rare fruit outside specialty farms.

The Golden Langset, originating from Southeast Asia, is a citrus fruit prized for its honeyed, almost caramel-like sweetness. Compared to ordinary oranges, which are tangy and citrusy, Golden Langset is far sweeter and low in acidity, with hints of apricot and natural honey. Its cultivation is challenging due to susceptibility to disease and climate sensitivity, making it nearly extinct.

Japan is also home to the Hachiya Persimmon, a fruit famous for its custard-like, syrupy sweetness when fully ripe. Unlike the common Fuyu persimmon, which is firm and mildly sweet, Hachiya melts in the mouth and develops a honeyed flavour that rivals mangoes and peaches in sweetness. The fruit's delicate flesh and precise ripening requirements have made heirloom varieties increasingly rare outside Japan.

Finally, the Durian Musang King, native to Malaysia, is known as the 'King of Fruits' for its rich, custardy, and intensely sweet flavour, with notes of caramel, almond, and vanilla. While ordinary durians are strong and sweet, Musang King is creamier, richer, and far more dessert-like. Its slow growth, vulnerability to pests, and deforestation in its native habitat have rendered wild populations nearly extinct, making cultivated Musang King fruits a prized luxury.

These fruits not only surpass their regular counterparts in sweetness but also in flavour complexity and texture. While the common strawberry, pineapple, orange, Fuyu persimmon, and ordinary durian are familiar to most, these rare varieties showcase how nature can create sweetness far beyond sugar, offering a luxurious, natural alternative to candy. Preserving these fruits is essential to maintain agricultural biodiversity and ensure that future generations can experience the pinnacle of natural sweetness.



By 1971, Yaqub Khan had become a Lieutenant General and was posted as the commander of the Pakistani forces in East Pakistan. When he was ordered to launch a military operation against Sheikh Mujibur Rahman's Awami League in March 1971, he advised General Yahya Khan, the military dictator, not to use military force against a democratically elected government. Knowing the impending crisis, Yaqub Khan chose to resign rather than participate in the operation. He submitted his resignation to General Yahya Khan on March 5, 1971. Although Yahya was initially angry, later events proved Yaqub was correct.










# The Story Of Two Brothers In India And Pakistan

#KIN

● Bulbul Joshi

Sir Abdus Samad Khan was the Chief Minister of the Rampur state. His eldest son, Yunus Khan, first studied at Colonel Brown School in Dehradun. Later, he was selected for the Indian Military Academy, from where he was commissioned into the Garhwal Rifles.

His younger son, Sahibzada Yaqub Khan, born in 1920, was also selected for the British Indian Army and was commissioned in 1940 into the 18th King Edward Cavalry.

Both brothers participated in World War II and were awarded the Indian General Service Medal.

Yaqub went to Africa to fight for the British Army during World War II. During the Battle of Tobruk, near the borders of Egypt and Libya, he was captured by the Italian army.

In Italy, he escaped from captivity with two future generals of Pakistan and India, Yahya Khan and P.P. Kumaramangalam. However, they were caught again, though Yahya and Kumaramangalam managed to escape again. While imprisoned, Yaqub learned Italian and German. After the war ended, he was released. During this time, his elder brother Yunus Khan was stationed in Burma.

### Family Partition and Choices in 1947

When India was partitioned in 1947, Yunus Khan decided to remain with the Indian Army, while his younger brother Yaqub Khan joined the Pakistani Army.

According to *Freedom at Midnight* by Dominique Lapierre and Larry Collins, Yaqub's mother was shocked when he announced his decision to move to Pakistan. She expressed her sorrow, saying, "We have lived here for two centuries, and our family graves are here. As a mother, my desires are selfish. I fear that we are parting forever." However, Yaqub remained firm, and the next morning, he left Rampur. Lapierre and Collins note that his mother, dressed in white as a symbol of mourning, bid him farewell with Quranic verses. Their servants, Ram Lal and Kundan Singh, said their goodbyes with teary eyes.

Yaqub promised to return soon to collect his belongings, but he never returned to his ancestral home or saw his mother again.

### Fighting on Opposing Sides in Kashmir

Within months of leaving India, Yaqub Khan was leading a Pakistani battalion in the snow-covered hills of Kashmir. Lapierre and Collins write that Pakistani soldiers tried to advance, but they were stopped by a company of the Garhwal Regiment, which was also led by a Muslim officer named Yunus Khan, who had decided to stay with the Indian Army in July 1947.

The two brothers found themselves facing each other in battle in Kashmir, both serving as Majors, leading their respective battalions.









### Details of Gunfire

Pakistani journalist, Hamid Mir, in his article *The Story of Two Khans*, writes, "A shot fired by Major Yunus Khan injured his younger brother Yaqub." When Yunus realized that the injured man was his brother, he reportedly shouted, "Don't be sad, 'little one,' we are soldiers, and we have done our duty." Later, Colonel Sam Manekshaw praised Yunus Khan for his bravery.

However, Yunus's daughter-in-law, Saman Ali Khan, disagrees with this version of events, stating, "Both brothers were indeed in Kashmir fighting on opposite sides, but Yunus never fired at Yaqub. I asked my husband and mother-in-law about this, and they confirmed that no such incident occurred. They only found out later that they were fighting on the same front."

### No Contact for 12 Years

For the next 12 years, the brothers had no contact and continued to serve in their respective armies. In 1960, when Yaqub married a Bengali girl from Calcutta, Tuba Khalili, Yunus sent him a congratulatory message.

Yaqub's niece, Muniza Shamsi, writes in her article *In Memoriam Sahibzada Yaqub Khan, My Uncle* that Yaqub was promoted to Major General after his wedding. In 1965, Yaqub led a Pakistani division during the war between India and Pakistan.

### Yaqub Opposed Military Action in 1971

By 1971, Yaqub Khan had become a Lieutenant General and was posted as the commander of the Pakistani forces in East Pakistan. When he was ordered to launch a military operation against Sheikh Mujibur Rahman's Awami League in March 1971, he advised General Yahya Khan, the military dictator, not to use military force against a democratically elected government.

Yaqub Khan's niece, Muniza Shamsi, writes, "At that time, when the talks failed, my uncle and the Governor Admiral Ahsan both advised that only a political solution could solve the problem. But Yahya and his advisers were committed to a military solution."

Knowing the impending crisis, Yaqub Khan chose to resign rather than participate in the operation. He submitted his resignation to General Yahya Khan on March 5, 1971. Although Yahya was initially angry, later events proved Yaqub was correct.

### Advising Against Bhutto's Hanging

Yaqub Khan, who was fluent in multiple languages, including French, German, Italian, Russian, Persian, and Arabic, was appointed as Pakistan's ambassador to France in 1972. When General Zia-ul-Haq took power in 1977 and overthrew Zulfikar Ali Bhutto, Yaqub advised Zia not to hang Bhutto, but his advice was ignored.

Despite differences, Zia appointed Yaqub Khan as Pakistan's foreign minister in 1982.

### Reunion After 35 Years

In the same year, Yaqub Khan, as the foreign minister, visited New Delhi, where, after 35 years, he was reunited with his elder brother Yunus. Yunus's daughter-in-law Saman Khan recalls, "I was there when they met. My father invited them to his house. They hugged each other and cried uncontrollably."

Saman continues, "Yunus called Yaqub by his old nickname, 'Natta,' meaning short. Although Yaqub was tall, he was shorter than his two brothers, which is why they called him 'Natta.' It was amazing to see two men who were considered tough soldiers openly weeping."

### Retirement and Later Years

After his military career, Yunus Khan worked as an administrative officer at Aligarh Muslim University and served as ADC to various prominent Indian leaders, including India's last Governor-General, C. Rajagopalachari, and India's first President, Dr. Rajendra Prasad. He passed away on January 30, 1984, and was buried in Aligarh.

Yaqub Khan, on the other hand, became Pakistan's longest-serving foreign minister. He played a significant role in the withdrawal of Soviet troops from Afghanistan. Yaqub was also a prominent voice against military actions, including the Kargil conflict in 1999. He died on January 26, 2016, about 32 years after his elder brother's death.

### Conclusion

Hamid Mir writes, "When I suggested that Yaqub Khan write his autobiography, he replied, 'I don't want to make a spectacle of my achievements and sufferings. I can't tell my story without mentioning my brother who served India. We fought against each other, but he did his duty and I did mine.'" This article portrays the deeply emotional and complex story of two brothers, separated by their choices but united in their shared heritage and service to their respective countries.

rajeshsharma1049@gmail.com



#GROUNDBREAKING

# The Tough Making Of A Bridge



The Brooklyn Bridge: A Monument of Innovation, Persistence, and Engineering Genius

The Brooklyn Bridge, one of the most iconic landmarks in New York City, stands as a testament to human ingenuity, perseverance, and vision. Connecting the boroughs of Manhattan and Brooklyn, it was the world's first steel-wire suspension bridge and remains an engineering marvel over 140 years after its completion. The story of its construction is as dramatic and groundbreaking as the bridge itself, with challenges, tragedies, and triumphs that are woven into the very fabric of this extraordinary feat.



### The Vision: A Bridge Across the East River

In the mid-19th century, the East River posed a significant barrier to the growth and development of New York City. At the time, ferries were the primary means of crossing between Manhattan and Brooklyn, but these were slow, unreliable, and vulnerable to weather and tides. The increasing population and rapid industrial growth on both sides of the river called for a better solution.

In 1852, John A. Roebling, a German immigrant and visionary civil engineer, proposed the idea of a suspension bridge. Roebling was already well-known for his work on the wire-rope technology that would be essential in building such a bridge. He envisioned a bridge that would not only serve as a means of transportation but also stand as a symbol of modern engineering and American progress.

### The Challenge of Building a Suspension Bridge

At the time of its conception, suspension bridges were not new, but none had been attempted on such a large scale. Suspension bridges work by using a set of cables to suspend a roadway between towers. The weight of the bridge and traffic is transferred to the towers, which are anchored deep into the ground or riverbed. While the concept was sound, building such a structure over the turbulent East River presented numerous challenges, both technical and practical. Roebling's plan called for a bridge with two massive stone towers, each over 270 feet tall, and a roadway suspended by steel cables. These cables would be made of thousands of steel wires, twisted together to create a structure capable of holding immense weight. The design was ambitious and would require cutting-edge materials and technology.



### Tragedy Strikes: John A. Roebling's Death

The construction of the bridge was an enormous undertaking, and tragedy struck before the project even began. In 1869, while surveying the site for the bridge, John A. Roebling was severely injured in an accident. His foot was crushed by a ferryboat while he was inspecting the riverbanks. The injury led to tetanus, and Roebling died shortly after.

The loss of John Roebling could have been a crushing blow to the project, but his vision was too powerful to die with him. His son, Washington Roebling, who had been working closely with his father, stepped up to continue the project.

### Washington Roebling: The Man Who Took the Reins

Washington Roebling took charge of the Brooklyn Bridge project, but he soon faced his own set of daunting challenges. The work required him to be on-site for much of the construction, and the initial step, constructing the bridge's foundation, was incredibly complex. The bridge's two towers needed to be anchored deep into the East River's bedrock, and this meant working underwater in what was known as 'caissons.'

The process of constructing the caissons was extremely dangerous, as workers had to spend long hours in compressed air environments. This created a condition known as "caisson disease," or decompression sickness, where nitrogen bubbles form in the bloodstream, causing pain, paralysis, or death. Washington Roebling faced the devastating reality of this condition firsthand. As he supervised the caisson work for the Brooklyn Bridge, he developed symptoms of caisson disease himself. He was unable to continue working on the site and was forced to oversee the project from his home in Brooklyn.

### Emily Roebling: The Bridge's Unsung Hero

With Washington Roebling unable to directly manage the construction due to his health, his wife, Emily Warren Roebling, stepped in to assist in the daily management of the project. Emily was highly educated and had a background in mathematics and engineering, which made her exceptionally qualified to help with the technical aspects of the bridge's construction.

### Construction and Innovation

The construction of the Brooklyn Bridge took 14 years and faced multiple setbacks, including financial difficulties, labor unrest, and ongoing health issues for both Washington and John Roebling. However, the project also saw numerous technological innovations. The use of steel wire for the suspension cables was groundbreaking and allowed the bridge to bear an immense amount of weight, setting a new standard for suspension bridges. Today, the Brooklyn Bridge remains one of the most recognized and beloved landmarks in the world. It serves not only as a vital transportation link but as a testament to the vision and perseverance of those who made it possible, John, Washington, and Emily Roebling. The bridge continues to stand as a symbol of human creativity, determination, and the ability to overcome seemingly insurmountable challenges.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# जोधपुर में पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत की प्रतिमा का अनावरण

## भैरोंसिंह शेखावत ने समाज और देश निर्माण के उद्देश्य से राजनीति की : राजनाथ सिंह

**जोधपुर, (कासं)।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को जोधपुर में रातानाडा चौराहे के पास पूर्व उपराष्ट्रपति एवं पूर्व मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि राजनीतिक क्षेत्र में काम करने वाले कई लोग केवल सरकार बनाने के लिए राजनीति करते हैं, लेकिन भैरोंसिंह शेखावत ने समाज और देश निर्माण के उद्देश्य से राजनीति की।

राजनाथ सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बिना नाम लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि आज कुछ नेता चुनाव हारने के बाद राजनीतिक कटुता के चलते इस्तीफा देने से भी इनकार कर देते हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मनभेद नहीं होने चाहिए। यही सीख अटल बिहारी वाजपेयी और भैरोंसिंह शेखावत से मिली है। वैश्विक हालात का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने विपरीत परिस्थितियों में भी 38 देशों के साथ ट्रेड एग्रीमेंट किए हैं। इसके चलते अमरीका को भी अपना टैरिफ कम करना पड़ा।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में मौजूद रहे।

- **मैं अपने राजनीतिक अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि आने वाले समय में एक सफल राजनीतिक के तौर पर भजनलाल शर्मा का नाम लिया जाएगा : केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज जब एक देश एक चुनाव की बात चल रही है। सबसे पहले भैरोसिंह शेखावत ने ही सुझाव दिया था कि लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ करवाया जाएं। इससे धन और समय की बचत भी होगी। ऐसा उनका मानना था। इससे विकास कार्यों में निरंतरता भी बनी रहे। उन्होंने कहा कि राजनीति में जनसंघ को स्थापित करने का श्रेय शेखावत को जाता है। राजस्थान में पर्यटन को प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंचाने का काम उन्होंने किया। उन्होंने कहा कि पहले अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत बोलता था तो बातों को गंभीरता से नहीं लिया जाता, लेकिन आज जब भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलता है। सारी दुनिया सुनती है कि भारत क्या बोल रहा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकास के नए आयाम छू रहा है। जिस तरीके से वो राज्य को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं अपने राजनीतिक अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि आने वाले समय में एक सफल राजनीतिक के तौर पर भजनलाल शर्मा का नाम लिया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, शहर भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, देहात जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह भाटी, शहर विधायक अतुल भंसाली सहित भाजपा नेता मौजूद रहे।

# भीलवाड़ा में न्यूज चैनल की आड़ में 10 करोड़ की सायबर ठगी

## जिले की रायपुर थाना पुलिस ने एक कथित न्यूज चैनल के मालिक को गिरफ्तार किया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले की रायपुर थाना पुलिस ने सायबर ठगों के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन म्यूल हंटर के तहत एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने एक कथित न्यूज चैनल के मालिक को गिरफ्तार किया है, जो पत्रकारिता की आड़ में देशभर के लोगों से करोड़ों की ठगी कर रहा था। आरोपी के बैंक खाते में महज चार माह के भीतर 10 करोड़ रुपये का संदिग्ध लेनदेन पाया गया है।

- **पत्रकारिता की आड़ में देशभर के लोगों से ठगी कर रहा था आरोपी, देश के विभिन्न राज्यों के अलग-अलग थानों में ठगी की 116 शिकायतें दर्ज मिलीं**

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी गोपाल लाल बलाई निवासी भीटा, रायपुर, टाइम्स लाइव भारत न्यूज प्राइवेट लिमिटेड का प्रोपराइटर और न्यूज रिपोर्टर बनकर काम कर रहा था। वह न्यूज चैनल के रौब और पत्रकारिता की आड़ में सीधे-साधे लोगों को ऊंचे रिटर्न और इन्वेस्टमेंट का प्रलोभन देकर ऑनलाइन सायबर ठगी का शिकार बनाता था। आरोपी की ठगी का जाल इतना बड़ा था कि राष्ट्रीय सायबर अपराध पोर्टल की जांच में उसके खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों के अलग-अलग थानों में ठगी की 116 शिकायतें दर्ज मिलीं। आरोपी हैकिंग, फिशिंग और स्मिशिंग जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों का उपयोग कर लोगों के खातों में सेंध लगाता था और ठगी की राशि अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करवा लेता था। पुलिस ने जब रायपुर स्थित एसबीआई बैंक की शाखा से आरोपी के खाता संख्या 20516572995 का रिकॉर्ड खंगाला, तो अधिकारी भी दंग रह गए। पिछले 4 महीनों में इस खाते के जरिए करीब 10 करोड़ रुपये का संदिग्ध लेन-देन किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# जोधपुर में तापमान 46 डिग्री पहुंचा

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर शहर में गर्मी का असर लगातार बढ़ रहा है। हीटवेव (लू) का अलर्ट भी जारी किया गया है। गर्मी के कारण अब दिन के साथ रात को भी आराम नहीं मिल रहा है। रात को भी शहर भट्टी की तरह तप रहा है। देर रात तक गर्म हवाओं का असर रहता है।

जोधपुर शहर में दिन के समय का तापमान 46 डिग्री के समीप दर्ज किया गया। वहीं तेज उमस और गर्मी की वजह से लोग भी काफी परेशान नजर आए और लोग गर्मी से बचने को लेकर तरह-तरह के जतन कर रहे हैं। शहर में हीटवेव की आशंका के चलते गर्मी के तेवर तीखे रहने की संभावना मौसम केंद्र ने जताई है। ऐसे में अब मई माह के शेष दिनों में आसमान से अंगारे बरसने और भीषण गर्मी का दौर जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस हफ्ते गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है। आने वाले दिनों में तेज गर्मी के साथ लू का दौर भी जारी रहेगा। चिकित्सकों ने बचाव के लिए सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक तेज धूप से बचने की सलाह दी गई है। बाहर निकलने पर छाते का उपयोग करें या सिर व बदन को ढंककर रखें।

# बीकानेर में आरजीएचएस योजना में फर्जीवाड़े की जांच तेज

**बीकानेर, (निसं)।** आरजीएचएस योजना में फर्जीवाड़े की जांच तेज हो गई है। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीम बुधवार को पीबीएम हॉस्पिटल पहुंची। हॉस्पिटल रोड से लेकर एक्स-रे गली तक मेडिकल स्टोर्स के रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं। इसे लेकर डॉक्टर्स और दवा विक्रेताओं में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार आरजीएचएस में अनियमितताओं की जांच के चलते एसओजी को बीकानेर संभाग के काफी मरीजों के रुक्कों की फोटो कॉपियां मिली हैं, जिन पर जांचों के क्लेम फर्जी तरीके से उठाने का संदेह है।

उन रुक्कों की तस्दीक के लिए एसओजी के इंस्पेक्टर नेमीचंद की टीम पिछले कुछ दिनों से बीकानेर में डेरा डाले हुए हैं। एसओजी का दल बुधवार सुबह पीबीएम हॉस्पिटल पहुंचा। टीम ने अधीक्षक डॉक्टर बीसी घीया को

- **पर्ची की फोटो कॉपी पर फर्जी जांचें लिख क्लेम उठाने का संदेह, एसओजी टीम पीबीएम हॉस्पिटल पहुंची**

मरीजों के कुछ रुक्कों पर डॉक्टर के साइन और मुहर की जांच के लिए पत्र सौंपा है। एसओजी यह जानना चाहती है कि आरजीएचएस की पर्चियों पर साइन करने वाले डॉक्टर कौन हैं और मुहर सही है या गलत। कहीं साइन फर्जी तो नहीं हैं। यह पर्चियां हृदय रोग और मेडिसिन विभाग से संबंधित बताई जा रही हैं। आरजीएचएस योजना में घोटाले को लेकर हॉस्पिटल रोड, एक्स-रे गली सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्थित आरजीएचएस काउंटर वाले करीब 25 मेडिकल स्टोर संदेह के घेरे में हैं। एसओजी जी की टीम इन काउंटरों पर ऑनलाइन जेनरेट टीआईडी और मरीज की पर्चियों की छानबीन कर रही है।

एसओजी को चूरू के एक मरीज की आरजीएचएस की पर्ची मिली थी। दरअसल यह मूल पर्ची की फोटो कॉपी थी, जिस पर कुछ जांचें भी लिखी हुई थीं, जो मरीज ने कराई ही नहीं थी। अब तक ऐसे एक दर्जन से अधिक मरीजों की पर्चियों की फोटो कॉपियां मिल चुकी हैं। फोटो कॉपियों के दुरुपयोग का संदेह होने पर एक्स-रे गली स्थित एक आरजीएचएस काउंटर पर इसकी तस्दीक की तो पता चला कि मूल पर्ची दवा विक्रेता रख लेते हैं और मरीज को फोटो कॉपी पकड़ाते हैं। संदेह के आधार पर अब अन्य मेडिकल स्टोर संचालकों से भी पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि गड़बड़ी किस स्तर पर हुई है।

# बाल विवाह रूकवाया

**डूंगरपुर, (निसं)।** बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को सूचना प्राप्त हुई कि चोरासी थाना क्षेत्र के गांव आकलिया फला, ग्राप गंधवा में एक बालिका जिसकी उम्र करीब 16 वर्ष है, उसका बाल विवाह करवाया जा रहा है, उसे मदद की आवश्यकता है। सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग डॉ. कल्पित शर्मा ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक मेहुल शर्मा ने इसकी सूचना जिला प्रशासन व चोरासी पुलिस थाना को दी जिसके बाद तहसीलदार झौथरी, चौरासी पुलिस, सृष्टी सेवा समिति व चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की संयुक्त टीम द्वारा उक्त बालिका के घर जाकर जांच की तो पता चला कि बालिका का बाल विवाह करवाया जाने की तैयारी हो चुकी थी और बारात भी आने वाली थी, जिस पर टीम ने दुल्हन के दस्तावेजों की जांच की तो दुल्हन की उम्र 15 वर्ष 10 माह पायी गयी जिस पर उक्त बाल विवाह को मौके पर रूकवाया गया।

# गांव के अंतिम गरीब का उत्थान करना ही ध्येय : राज्यपाल हरीभाऊ बागड़े

**डूंगरपुर, (निसं)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण रोजगार योजना का ध्येय ही गांव के अंतिम गरीब का उत्थान करना है। यह बात राज्यपाल हरीभाऊ बागड़े ने जनजाति क्षेत्र में कौशल विकास एवं महिला सशक्तिकरण आशीर्वाद समारोह कार्यक्रम में उपस्थित जन को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कही।

- **राज्यपाल ने वीरांगना कालीबाई को नमन किया**

गुरुकुल संस्थान बोरी में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि शिक्षकों को छोटे बच्चों को केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित नहीं रखना चाहिए। बच्चों के मानसिक विकास के लिए उन्हें प्रेरणादायक कहानियां भी सुनानी चाहिए। उन्होंने भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति का जिक्र करते हुए समृद्ध शैक्षिक विरासत के बारें में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने महापुरुषों के प्रेरक प्रसंगों को साझा करते हुए नैतिक मूल्यों के बढ़ावा देने पर बल दिया। प्रारंभ में राज्यपाल ने वीरांगना वीर बाला कालीबाई के भतीजे अमृत कलासुआ का शॉल ओढाकर विशेष सम्मान किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने वीरांगना कालीबाई की शहादत को याद करते हुए कौशल विकास में प्रशिक्षित बालिकाओं को





वीरांगना कालीबाई के भतीजे अमृतलाल कलासुआ का राज्यपाल ने सम्मान किया।

बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वीर बाला काली बाई की भूमि पर बेटियों की शिक्षा के प्रति विशेष जागरूकता है। उन्होंने गुरुकुल संस्थान के संस्थापक एवं निदेशक शरद जोशी द्वारा जनजाति क्षेत्र में शिक्षा के विकास के लिए शिक्षा संस्थान खोलने तथा कौशल विकास एवं महिला सशक्तिकरण जैसे प्रशिक्षण प्रदान करने और क्षेत्र के विकास में योगदान देने के लिए धन्यवाद का पात्र बताया।

उन्होंने महिलाओं को प्रशिक्षण प्राप्त कर आर्थिक समृद्धि से जुड़कर नई राहों का निर्माण करने तथा आगे बढ ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राज्यपाल के उच्च शिक्षा सलाहकार कैलाश सोढाणी ने अर्थोपार्जनमुखी शिक्षा का महत्व बताया तथा जनजाति क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा को अनिवार्य बताया। इस अवसर पर कुलगुरु जीजीटीयू प्रोफेसर केशव ठाकुर ने विश्वविद्यालय द्वारा महिला अध्ययन केंद्र खोले जाने के लिए किया जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। कार्यक्रम के प्रारंभ में गुरुकुल संस्थान के संस्थापक एवं निदेशक शरद जोशी ने स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल के उच्च शिक्षा सलाहकार कैलाश सोढाणी, संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवल, गुरु गोविंद सिंह जनजातीय विश्वविद्यालय के कुलपति केशव ठाकुर भी बतौर विशिष्ट अतिथि मंचासीन रहे।

# भिवाड़ी में जली हुई फाइबर फैक्टरी के मलबे में मजदूर का जला कंकाल मिला

**अलवर, (निसं)।** भिवाड़ी की एक फाइबर कंपनी में बुधवार को आग लग गई थी। अगले दिन मलबे में फैक्टरी के मजदूर का जला हुआ कंकाल दबा मिला। कंपनी के प्रोडक्शन यूनिट में बुधवार दोपहर को आग लगी थी, घटना के समय मजदूर ऊपर की तरफ बने स्ट्रक्चर पर चढ़कर काम कर रहा था और अचानक लगी आग की चपेट में आ गया।

भिवाड़ी एसएचओ सचिन शर्मा ने बताया कि बुधवार दोपहर को क्षेत्र की दुग्गर फाइबर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में आग लग गई थी। मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया और कंपनी के मजदूरों को बाहर निकाला। साथ ही आसपास का इलाका खाली कराया

- **कंपनी के प्रोडक्शन यूनिट में बुधवार दोपहर को आग लग गई थी**

गया। करीब ढाई घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया था। घटना के बाद मजदूर राजेंद्र (41) पुत्र रामाधार के रिश्तेदार अखिलेश मौके पर पहुंचा, लेकिन राजेंद्र कहीं नहीं मिला।

अखिलेश ने बताया कि बुधवार सुबह 9 बजे राजेंद्र काम पर कंपनी आया था। दोपहर करीब 1 बजे आग लगने की सूचना मिली। मैं जब कंपनी पहुंचा तो राजेंद्र वहां नहीं मिला। कंपनी में कार्यरत कुछ मजदूरों ने बताया कि आग लगने के समय प्रोडक्शन यूनिट में चार मजदूर थे, जिनमें राजेंद्र भी था। राजेंद्र मशीन चलाने के लिए ऊपर बने स्ट्रक्चर पर था। ऐसे में आग लगने पर बाकी मजदूर तो भाग निकले और ऊंचाई पर होने के चलते राजेंद्र भाग नहीं पाया और आग की चपेट में आ गया।

अखिलेश कुमार ने आरोप लगाया कि उन्होंने कंपनी प्रबंधन से राजेंद्र की तलाश के लिए कई बार गुहार लगाई, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। पुलिस और प्रशासन को भी सूचित किया गया, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। गुरुवार सुबह तक राजेंद्र का कहीं पता नहीं चला तो आग ठंडी होने पर कंपनी में तलाशी ली गई। इस दौरान दोपहर करीब 1 बजे मलबे में एक शव दबा मिला, जो कि पूरी तरह से जल चुका था। कंपनी के सभी मजदूरों में केवल एक मिसिंग था। ऐसे में कंकाल की पहचान राजेंद्र के रूप में की गई।

घटना की जानकारी मिलते ही भिवाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर भिवाड़ी जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। राजेंद्र मूल रूप से उत्तर प्रदेश का निवासी था और पिछले सात साल से भिवाड़ी की एक लेबर कॉलोनी में रहकर कंपनी में कार्यरत था। उनके परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं, जो उत्तर प्रदेश के गांव में रहते हैं।

# चार गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने चेन स्नेचिंग की वारदातों का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इस गैंग के सदस्यों ने डूंगरपुर, प्रतापगढ़ और बांसवाड़ा जिलों में चेन स्नेचिंग की आधा दर्जन से अधिक वारदातें कबूल की है। पुलिस फिलहाल आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

# गैंगरेप का 15 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्त में

## तीन साल से आरोपी फरार चल रहा था

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर ग्रामीण पुलिस की सायबर सेल ने वांछित एवं इनामी अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पिछले लगभग तीन वर्षों से फरार चल रहे 15 हजार रुपए के एक इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक पीडी नित्या ने बताया कि पुलिस थाना बोरून्दा में दर्ज सामूहिक दुष्कर्म के प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी भजनलाल विश्नोई को साइबर सेल ने दस्तयाब किया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ वर्ष 2023 में बोरून्दा थाने में मामला दर्ज किया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी पर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार अपने ठिकाने बदलता रहा और पहचान छुपाकर अलग-अलग स्थानों पर रह रहा था। पुलिस मुख्यालय जयपुर और जोधपुर रेंज के निर्देशानुसार जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भोपाल सिंह लखावत के सुपरविजन तथा उप अधीक्षक पुलिस रतन सिंह के निर्देशन में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। सायबर सेल के सहायक उप निरीक्षक मनफूल के नेतृत्व में कांस्टेबल किशोर दुकतावा की मुखबिर सूचना और तकनीकी डाटाबेस के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# पांचना बांध के पानी को लेकर दो गुट लामबंद

**करौली, (निसं)।** पांचना बांध के पानी को लेकर दो गुट लामबंद हुए।एक गुट कमांड एरिया की नेहरो में पानी खुलवाने के लिए तो दूसरा गुट गुडला पांचना लिफ्ट परियोजना से 39 गांवों को पहले पानी देने के लिए लामबंद हुए।

जानकारी के अनुसार पांचना बांध के पानी को लेकर वर्ष 2006 से यही विवाद चला आ रहा है। वर्ष 2006 से पांचना बांध से कमांड एरिया की नेहरो में पानी नहीं खोला गया जिसके लिए कमांड एरिया नहरों के गुट की ओर से राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर में कमांड एरिया की नहरों में पानी खुलवाने के लिए याचिका लगाई गई, जिस याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने कमांड एरिया की नहरे में पानी खोलने का फैसला दिया गया जिस फैसले को लेकर कमांड एरिया गुट के लोग कमांड एरिया की नहरों में पानी खुलवाने के लिए लामबंद हो गए हैं तो इधर गुडला पांचना लिफ्ट परियोजना को पूरा कर और परियोजना की नहरों की जांच कर एवं गुडला पांचना लिफ्ट परियोजना से जुडे 39 गांवों को पहले पानी देने की मांग को लेकर लामबंद हो गए हैं।

- **महापंचायत की तैयारी को लेकर बैठक हुई**

गुडला पांचना संघर्ष समिति अध्यक्ष अशोक सिंह धावाई की अध्यक्षता में पूर्व में आयोजित हुई महापंचायत के निर्णय अनुसार शुक्रवार को पांचना बांध पर आयोजित होने वाली सर्व समाज और किसान महापंचायत की तैयारी को लेकर 12 गांव गुडला क्षेत्र के और 39 गांव के प्रमुख पंच पटेलों की समिति अध्यक्ष अशोक सिंह धाबाई की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जिस बैठक में किसान महापंचायत की जिम्मेदारियां के लिए अलग-अलग कमेटी नियुक्त की विशेष तौर पर महापंचायत में अधिक से महिलाओं की भागीदारी पर जोर दिया। बैठक में रामस्वरूप एडवोकेट, हाकिम सिंह, सिद्धे पटेल, अरुण बैसला, धीरेंद्र बैसला, साहब सिंह सहित 12 गांव गुडला क्षेत्र के प्रमुख पंच-पटेल उपस्थित रहे।

# श्रीगंगानगर : पिकनिक पर गये स्कूल के 48 बच्चों को फूड पॉइजनिंग

## आशंका है कि लस्सी पीने के बाद उल्टी-पेट दर्द की शिकायत हुई, अस्पताल में भर्ती कराया

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले के जैतसर स्थित एक स्कूल के करीब 48 बच्चे फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। स्कूल स्टाफ के साथ नेतेवाला वाटर पार्क पिकनिक पर गए बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। सभी बच्चों को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला, पीएमओ डॉ. सुखपाल सिंह बराड़ और नर्सिंग ऑफिसर रविंद्र शर्मा अस्पताल पहुंचे और बच्चों के इलाज की मॉनिटरिंग शुरू की। डॉक्टरों की टीम लगातार बच्चों की स्थिति पर नजर रख रही है। फिलहाल सभी बच्चों की हालत स्थिर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, स्कूल प्रबंधन की ओर से गुरुवार सुबह बच्चों को पिकनिक के लिए नेतेवाला वाटर पार्क ले जाया गया

- **जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम मामले की जांच में जुटी, वाटर पार्क और आसपास के खान-पान विक्रेताओं से पूछताछ कर फूड सैंपल भी जांच के लिए भेजे गए**
- **घटना के बाद अभिभावकों में आक्रोश है, स्कूल प्रबंधन की लापरवाही पर सवाल उठा रहे हैं**

था। वहां पहुंचने के बाद कुछ बच्चों में उल्टी और पेट दर्द जैसे लक्षण दिखने लगे। इसके बाद स्टाफ ने तुरंत सभी बच्चों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि कुछ बच्चे वाटर पार्क में नहाए थे, लेकिन फूड प्वाइजनिंग सभी बच्चों में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बच्चों ने रास्ते में लस्सी पी थी, जिसके बाद तबीयत बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि मामले की जांच जारी है और सैंपल लिए जा रहे हैं। टीचर सोनाली शर्मा ने बताया कि बच्चे सुबह टूर पर निकले थे। सभी बच्चे कक्षा 1 से 8वीं तक के हैं। रास्ते में बच्चों ने स्नैक्स, चिप्स खाए और बुड्ढाजोहड़ में लस्सी पी थी। इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। घटना के बाद अभिभावकों में आक्रोश है और वे स्कूल प्रबंधन की लापरवाही पर सवाल उठा रहे हैं। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम मामले की जांच में जुट गई है। वाटर पार्क और आसपास के खान-पान विक्रेताओं से पूछताछ की जा रही है और फूड सैंपल भी जांच के लिए भेजे गए हैं।

# हनुमानगढ़ : 75 लाख की शराब से भरा कंटेनर पकड़ा, ड्राइवर गिरफ्तार

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जिले में टाउन थाना पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने करीब 75 लाख रुपए की अवैध अंग्रेजी शराब से भरा एक कंटेनर पकड़ा है। यह शराब हरी मिर्च के नीचे छिपाकर ले जाई जा रही थी। पुलिस ने इस मामले में कंटेनर ड्राइवर को गिरफ्तार किया है।

एसपी नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि पुलिस चौकी लखूवाली हेड की टीम ने रोही चक 1 केडब्लूयूएम क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध कंटेनर को रोका। तलाशी लेने पर कंटेनर में हरी मिर्च की आड़ में छिपाई गई 612 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। यह शराब चंडीगढ़ से गुजरात ले जाई जा रही थी।

- **हरी मिर्च की आड़ में अवैध अंग्रेजी शराब की तस्करी हो रही थी**
- **कंटेनर में 612 पेटी अवैध शराब चंडीगढ़ से गुजरात ले जाई जा रही थी**

पुलिस ने शराब और कंटेनर को जब्त कर लिया है। आरोपी ड्राइवर के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब इस शराब तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है। एसपी मीणा ने बताया कि इस कार्रवाई में जिला विशेष टीम सेक्टर हनुमानगढ़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस टीम में एएसआई किशोर सिंह, जसवंत सिंह, हैड कॉन्स्टेबल बेगाराम, कॉन्स्टेबल रामनारायण और राकेश कुमार शामिल रहे।

## संक्षिप्त

### स्मैक सहित एक गिरफ्तार

**शाहपुरा।** शाहपुरा पुलिस महानिदेशक द्वारा ड्रग्स तस्करों, सप्लायरों और उपभोक्ताओं के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन एंटी वेनम 3.0 अभियान के तहत गुरुवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ इसमें एक जप्त कर नशा कारोबारी राजवीर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनटीपीसी एक्ट की धारा में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।थाना प्रभारी रिया चौधरी ने बताया कि 12 मई मंगलवार को वे पुलिस जाप्ते के साथ कांट रोड पर गश्त कर रही थी तभी पानी की बड़ी टंकी के नीचे एक संदिग्ध व्यक्ति बैठा हुआ था। शक होने पर चेक किया तो उक्त व्यक्ति के पास प्लास्टिक की पारदर्शी थैली में मादक पदार्थ स्मेक होना पाया गया। जिसका कुल वजन 5 .14 ठाम था। आरोपी के पास लाइसेंस मांगा तो उनके पास लाइसेंस नहीं मिला। आरोपी की पहचान राजवीर पुत्र कैलाश चंद मीणा निवासी लेटकाबास के रूप में की गई।जिस पर पुलिस ने स्मेक के साथ आरोपी राजवीर को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी रिया चौधरी ने बताया कि नशा ड्रग्स मादक पदार्थ के अवैध कारोबार करने वाले अपराधी के विरुद्ध करवाई निरंतर जारी रहेगी।

### कॉलेज में प्रवेश की अन्तिम तिथि 15 मई

**कोटपूतली।** यहां के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में प्रवेश की अन्तिम तिथि 15 मई निर्धारित की गई हैं। प्राचार्य प्रो. आर.के. सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में सत्र 2026-27 हेतु स्नातक स्तर पर सेमेस्टर प्रथम हेतु (बी.ए., बी.कॉम., बी. एससी. (गणित), बी.एससी. (जीव विज्ञान) एवं बीएफएसआई) पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाईन माध्यम से प्रारम्भ हो चुकी है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि 15 मई तक ऑनलाईन आवेदन पत्र भरें। प्राचार्य ने बताया कि राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के विद्यार्थियों को आवेदन के समय अंकतालिका अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे विद्यार्थी केवल अपने रोल नंबर के आधार पर आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। नोडल अधिकारी डॉ. देशराज यादव ने बताया है कि आवेदन फॉर्म भरने हेतु टी.सी. (स्थानांतरण प्रमाण पत्र) की आवश्यकता नहीं है। टी.सी. एवं अन्य मूल दस्तावेज प्रवेश के पश्चात डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के समय जमा करवाने होंगे। एमबीसी, ओबीसी तथा ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों को ध्यान रखना होगा कि उनका जाति प्रमाण पत्र 03 वर्ष से अधिक पुराना नहीं होना चाहिये। निर्धारित अवधि से अधिक पुराने प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे। महाविद्यालय में लेट फीस का कोई प्रावधान नहीं है। सभी अभ्यर्थी निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व ही अपना ऑनलाईन आवेदन पूर्ण कर लें। आवेदन पत्र भरते समय अभ्यर्थी अपने आधार कार्ड, जनआधार कार्ड, फोटो एवं आवश्यक दस्तावेज तैयार रखें तथा आवेदन अंतिम रूप से सबमिट करने से पूर्व समस्त विवरण सावधानीपूर्वक जांच लें।

### बेहतर कार्य के लिए प्रगणक सम्मानित

**सांभरझील, (निसं)।** भारत सरकार के जनगणना 2027 अभियान के तहत फुलेरा तहसील ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। क्षेत्र के नौ प्रगणकों ने निर्धारित समय सीमा से पहले ही अपने-अपने क्षेत्रों में 100 प्रतिशत स्वगणना कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए उपखंड जनगणना अधिकारी ऋषि राज कपिल ने उन्हें सम्मानित किया। जनगणना कार्यक्रम के अनुसार, नागरिकों द्वारा पोर्टल पर स्वगणना का कार्य 1 से 15 मई तक निर्धारित है। इसके बाद, 16 मई से 14 जून तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर गणना की जाएगी। फुलेरा के प्रगणकों ने तय अवधि समाप्त होने से पूर्व ही अपने आवंटित क्षेत्रों में शत-प्रतिशत स्वगणना कार्य पूरा कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

### टॉप-10 अपराधी गिरफ्तार

**निवाई।** सदर थाना पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत राजस्थान गौवंशीय पशु अधिनियम के तहत फरार चल रहा टॉप-10 अपराधी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए गौवंशीय पशु अधिनियम के तहत पिछले छह महीने से फरार चल रहा टॉप-10 अपराधी आजाद पुत्र दीनु मुसलमान निवासी जोत गामेती, भरतपुर को गिरफ्तार किया है। उक्त आरोपी के विरुद्ध सदर थाने में गोवंशीय पशु अधिनियम व क्रूरता निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज था।

# पूर्व विधायक रामहेत यादव की मौजूदगी में वाटर प्लांट का लोकार्पण

**■ पिता की स्मृति में भामाशाह रामजीत गुर्जर ने लगाई उपखंड कार्यालय के सामने शीतल जल की मशीन**

**किशनगढ़ बास।** भीषण गर्मी में राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कांकरा निवासी भामाशाह रामजीत गुर्जर ने अपने पिता की स्मृति में उपखंड कार्यालय के सामने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की दीवार पर वाटर चिलर प्लांट और पानी की टंकी लगवाई। पूर्व विधायक एवं भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य रामहेत सिंह यादव ने फीता काटकर इसका लोकार्पण किया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए रामहेत यादव ने कहा, भारतीय संस्कृति में जलदान को महादान कहा गया है। प्यासे को पानी पिलाने से बड़ा कोई पुण्य नहीं। भामाशाह रामजीत गुर्जर ने अपने पिता की स्मृति को समाजसेवा से जोड़कर जो मिसाल पेश की है, वह हर व्यक्ति के लिए प्रेरणा है।

उन्होंने युवाओं का आव्हान करते हुए कहा कि गर्मी के इस दौर में हम सबकी जिम्मेदारी है कि न केवल इंसानों बल्कि बेजुबान पशुओं और पक्षियों का भी ख्याल रखें। हर घर, हर दुकान के बाहर पानी का एक मटका और परिंडा रखें। जब एक पंछी भी आपके परिंडे पर आकर पानी पीता है, तो समझिए आपकी सेवा सार्थक हो गई यादव ने भामाशाह परिवार को साधुवाद देते हुए कहा कि ऐसे कार्यों से ही समाज में संवेदनशीलता और आपसी सहयोग की भावना मजबूत होती है। उन्होंने उपस्थित लोगों से संकल्प लेने की अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्र में इस तरह की जल सेवा के लिए आगे आएं।



पूर्व विधायक रामहेत यादव ने किशनगढ़ बास उपखंड कार्यालय के सामने वॉटर चिलर प्लांट का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश बटवाड़ा, मंडल अध्यक्ष मनोज मित्तल, चेयरमैन सतीश सिंघल, पूर्व वाइस चेयरमैन बने सिंह नरुका, ईश्वर गुर्जर, पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट अमित गौड, एडवोकेट सुनील यादव, एडवोकेट अनिल गोयल, जेपी गुर्जर ठेकेदार, पार्षद शिवहरी गुर्जर, पार्षद हेमेन्द्र चौधरी, हरिओम गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष रामनिवास यादव, खैरथल अध्यक्ष मनीष शर्मा, मोठूका मंडल अध्यक्ष राजकुमार राजपूत, मंडल महामंत्री जगदीश यादव, जय सिंह सरदार, पूर्व सरपंच कृष्ण यादव, सरपंच अशोक झिरंडिया, जिला पार्षद प्रत्याशी एडवोकेट धर्मपाल, खुशीराम यादव, रामस्वरूप यादव कालू, सुरेश भेड़ी, सुगन गुर्जर, दीपू यादव, पीपी एडवोकेट रामजस यादव, पार्षद मनु शर्मा, रिंकेश गुप्ता, भवानी सिंह टहनोली सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### प्रेम प्रंसग में छात्र ने की आत्महत्या

**टोंक।** कोतवाली थाना क्षेत्र में गुरुवार को 17 वर्षीय छात्र ने आत्महत्या कर लिया। लड़के की मां का आरोप है कि बेटे की प्रेमिका और उसके माता-पिता उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहे थे, जिससे वह काफी परेशान चल रहा था। मां ने बताया कि गुरूवार सुबह करीब 8 बजे मां जगाने पहुंची तो कमरे का गेट बंद था, खिडकी से देखा तो लड़का फंदे से लटका था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा नाबालिग को सआदत अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली थाना क्षेत्र के महावीर नगर में रह रहे 17 वर्षीय छात्र ने आत्महत्या का मामला सामने आया है। शुरुआती जांच में मामला एक नाबालिग लड़की के साथ प्रेम प्रसंग, पारिवारिक विवाद और मानसिक परेशानी से जुडा सामने आया है। कोतवाली थानाधिकारी भंवर लाल वैष्णव ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों और साथ पढ़ने वाले छात्र ने बताया कि मृतक छात्र के निजी स्कूल में 12वीं कक्षा में पढ़ता था। उसका दो साल से साथ में पढ़ने वाली एक नाबालिग छात्रा से प्रेम-प्रसंग चल रहा था, दोनों के बीच आए दिन झगड़ा भी होता था। जानकारी के अनुसार नाबालिग इस बात को लेकर काफी परेशान रहता था, उसका पढाई में भी मन नहीं लग रहा था और कई बार वह खाना भी नहीं खाता था। छात्र की मां ने आरोप लगाया कि बेटे की नाबालिग प्रेमिका और उसके माता-पिता लगातार उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहे थे। इसी बात को लेकर घर में विवाद होता रहता था। मां ने कहा कि बेटा इस बात को लेकर काफी ज्यादा परेशान चल रहा था, पुलिस अब इन सभी बिंदुओं को लेकर जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलने पर टोंक वृताधिकारी मृत्युंजय मिश्रा भी सआदत अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

### हिताशी नरूका को 12 वीं में 98.6 प्रतिशत अंक मिले

**किशनगढ़ बास।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन द्वारा घोषित 12वीं के परिणाम में किशनगढ़ बास की बेटी हिताशी नरूका ने आर्ट्स संकाय में 98.6 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हिताशी की इस उपलब्धि से न केवल माता-पिता, बल्कि पूरे कस्बे में जश्न का माहौल है । हिताशी के पिता वीरेंद्र नरूका किशनगढ बास न्यायालय में सरकारी अधिवक्ता हैं, जबकि मां नीतू नरूका नगर पालिका की पूर्व वाइस चेयरमैन रह चुकी हैं। पिता वीरेंद्र नरूका ने बताया कि हिताशी शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रही है और अब उसका लक्ष्य आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना है। वीरेंद्र नरूका के बड़े भाई बने सिंह नरूका भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं। हिताशी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और कठिन परिश्रम को दिया। उसने कहा, लक्ष्य बड़ा हो तो रास्ते खुद बन जाते हैं। रोजाना समय-सारणी बनाकर पढ़ाई की और सोशल मीडिया से दूरी रखी। हिताशी ने बताया मैं प्रशासनिक सेवा में जाकर समाज के वंचित वर्ग के लिए काम करना चाहती हूं। हिताशी की इस उपलब्धि पर घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। सोशल मीडिया पर भी बेटी और परिजनों को शुभकामनाएं मिल रही हैं। क्षेत्र के लोगों ने कहा कि हिताशी ने साबित कर दिया कि बेटियां किसी से कम नहीं। उसकी सफलता कस्बे की हर बेटी के लिए प्रेरणा बनेगी।

### श्रीमद्भागवत सप्ताह 21 से

**फुलेरा।** जोबनेर रोड स्थित मीरा मैरिज गार्डन में 21 मई से 28 मई 2026 तक संगीतमय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 12:15 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। व्यवस्थापक कृष्णगोपाल गुप्ता व रमेशचंद्र गुप्ता ने बताया कि 21 मई गुरुवार को प्रात: 9:15 बजे गणपति पूजन के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा गोविंद देवजी मंदिर से प्रारंभ होकर मीरा मैरिज गार्डन पहुंचेगी। कथा के दौरान विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का वाचन किया जाएगा । जिसमें ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, कृष्ण जन्मोत्सव, गोवर्धन पूजा, सुदामा चरित्र, रुक्मणी विवाह सहित अन्य प्रसंग शामिल रहेंगे। कथा वाचन आचार्य पं. रामचरण शास्त्री (मण्डावर ऊकेरी वाले) द्वारा किया जाएगा।

## उपकार ने नदबई का नाम रोशन किया

**नदबई भरतपुर (निस)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी 12 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। इस बार पहली बार ऐसा देखने को मिला, जब 12 वीं का रिजल्ट 10 वीं के रिजल्ट के बाद जारी किया गया। इससे पहले 15 अप्रैल को 10 वीं कक्षा का परिणाम घोषित किया गया था। सीबीएसई ने इस बार परीक्षाओं की कॉपियों की जांच ऑन स्क्रीन मार्किंग प्रणाली से करवाई। बोर्ड ने करीब 52 दिनों में परिणाम जारी किया, जबकि पिछले वर्ष 49 दिनों में रिजल्ट जारी किया गया था। नदबई के उपकार सिंह राणा ने बढ़ाया क्षेत्र का मान भरतपुर जिले के नदबई निवासी छात्र उपकार सिंह राणा ने 12 वीं साइंस वर्ग में 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया है।

# एसडीएम डॉ. साधना शर्मा ने अवैध खनन पर कसी नकेल

**■ अधिकारियों की ली बैठक, एफआईआर बढ़ाने और गश्त तेज करने के निर्देश**

**पावटा।** उपखंड क्षेत्र में लगातार बढ़ रही अवैध खनन गतिविधियों पर रोक लगाने को लेकर प्रशासन अब सख्त नजर आ रहा है। बुधवार को उपखंड कार्यालय पावटा में उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा की अध्यक्षता में बुचारा बांध, भूरी भडाज एवं बनेडी बांध क्षेत्रों में हो रहे अवैध खनन को रोकने हेतु महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपखंड अधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ अवैध खनन की स्थिति पर विस्तृत चर्चा करते हुए प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसमें लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। बैठक में तहसीलदार पावटा, सहायक खनिज अभियंता कोटपुतली जल संसाधन विभाग शाहपुरा के सहायक अभियंता, वन विभाग कोटपुतली के रेंजर, पुलिस थाना प्रागपुरा के उप निरीक्षक, संबंधित पटवारी, सर्वेयर, फोरमेन एवं एमएफ-अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। उपखंड अधिकारी डॉ . साधना शर्मा ने खनन विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को अवैध खनन के मामलों में अधिक से अधिक एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस विभाग को संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाने एवं रात्रिकालीन निगरानी मजबूत करने के निर्देशित किया गया।

इसके साथ ही तहसीलदार पावटा को राजस्व विभाग के कर्मचारियों से अवैध खनन की नियमित रिपोर्ट तैयार कर प्रशासन को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए, ताकि समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में अधिकारियों ने अवैध खनन रोकने के लिए संयुक्त अभियान चलाने, निगरानी बढ़ाने और विभागों के बीच समन्वय बनाकर कार्य करने पर भी चर्चा की। प्रशासन की इस सख्ती से अवैध खनन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

## आवेदन की अंतिम तिथि आज

**निवाई।** राजकीय महाविद्यालय में व कन्या महाविद्यालय में प्रथम वर्ष के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 मई तक होंगे एवं 1 जुलाई से कक्षाओं का शुभारंभ होगा।

स्नातक प्रवेश प्रभारी प्रो. मदनमोहन महावर ने बताया कि कॉलेज शिक्षा आयुक्तलय ने सरकारी कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष सेमेस्टर प्रथम में प्रवेश प्रक्रिया का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि शैक्षिणक सत्र 1 जुलाई से शुरू होगा। सभी अभिभावकों एवं छात्रों को इस सत्र में विशेष ध्यान रखकर समय पर आवेदन करना है जिससे वह आवेदन से वंचित नहीं रहे। इसी प्रकार कन्या महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रीति जैन ने बताया कि महाविद्यालय में वर्तमान में हिंदी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, उर्दू साहित्य, संस्कृत, भूगोल, राजनीति विज्ञान एवं इतिहास विषयों का संचालन किया जा रहा है।

## भाजपा जिला प्रशिक्षण को लेकर बैठक आयोजित

**टोंक।** भारतीय जनता पार्टी के आगामी 23 व 24 मई को आयोजित होने वाले जिला प्रशिक्षण वर्ग को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने को लेकर गुरूवार को भाजपा कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने की, बैठक के दौरान संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं के वैचारिक प्रशिक्षण और प्रशिक्षण वर्ग को सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में भाजपा पदाधिकारीयो को प्रशिक्षण की अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चौहान ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा एवं कार्यशैली से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल ही नही,बल्कि राष्ट्र सेवा व अंत्योदय के संकल्प के साथ कार्य करने वाला संगठन है।

# सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश

**पावटा।** क्षेत्र में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने एवं आमजन को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा ने मंगलवार को विभिन्न सरकारी संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सामुदायिक भोनावास स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), भोनावास के झाड़ वाली ढाणी में आंगनबाड़ी केंद्र एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुनेड के पोषाहार व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएचसी निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, दवाई वितरण व्यवस्था, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं एवं रिकॉर्ड का निरीक्षण किया।

उन्होंने अस्पताल स्टाफ को निर्देश दिए कि मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए तथा परिसर में स्वच्छता व्यवस्था नियमित रूप से बनाए रखें। इसके बाद उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर बच्चों को दिए जा रहे पोषण आहार, उपस्थिति रजिस्टर एवं व्यवस्थाओं की जांच की। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र बच्चों तक सही तरीके से पहुंचना चाहिए। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुनेड का निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी डॉ . साधना शर्मा ने पोषाहार की गुणवत्ता, रसोईघर की स्वच्छता एवं भोजन वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय स्टाफ को निर्देशित किया कि बच्चों को निर्धारित मापदंड के अनुसार पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही विद्यालय परिसर में नियमित साफ-सफाई रखने एवं पेयजल व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए। उपखंड अधिकारी ने कहा कि सरकारी संस्थानों में स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को शीघ्र सुधारने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

## दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन जिले में अवैध खनन, निर्गमन और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दतवास और निवाई थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अलग-अलग स्थानों से अवैध पत्थरों और बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है।

थानाधिकारी हीरालाल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर दतवास मोड़ से एक बिना नंबर की ट्रैक्टर-ट्रॉली को पूछताछ के बाद जांच में ट्रॉली में अवैध चैजा पत्थर को परिवहन करने पर कार्यवाही कर ट्रैक्टर को जब्त कर चालक मनीष पुत्र छोटूराम गुर्जर निवासी सांवलिया, चाकसू को गिरफ्तार किया।

इसी प्रकार निवाई थाना पुलिस टीम ने भी अवैध बजरी खनन व परिवहन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पुलिस गश्त के दौरान अवैध बजरी परिवहन करते एक वाहन को पकडा गया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक व मालिक के खिलाफ एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

# अधिककाधिक ऋण बांटने पर चर्चा

**■ डीसीसी जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक एवं डीएलआरसी की बैठक जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई।**

**कोटपूतली ।** जिले में वित्तीय समावेशन और ऋण वितरण को गति देने के उद्देश्य से गुरूवार को डीसीसी जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक एवं डीएलआरसी की बैठक जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के एजीएम अक्षय गुम्बर, नाबार्ड के एजीएम दीपक जाखड़, पंजाब नेशनल बैंक के उप मंडल प्रमुख नरेश गढ़वाल, जिला उद्योग केंद्र के जीएम बी.एल. सैनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहे। जिले की बैंकिंग प्रगति में उल्लेखनीय सुधार : मुख्य अठाणी जिला प्रबंधक उमेद सिंह दहिया ने बैठक की शुरुआत करते हुये बताया कि दिसम्बर 2025 के 103 प्रतिषत सीडी रेश्यो के मुकाबले मार्च 2026 में यह बढ़कर 104 प्रतिषत हो गया है। यह 1 प्रतिषत की वृद्धि जिले में बेहतर क्रेडिट प्रवाह का संकेत है। साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 में मार्च तिमाही तक 7340 करोड की वार्षिक साख योजना के विरुद्ध 103 प्रतिषत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया हैं। अधिकांश सरकारी योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य हांसिल करने की स्थिति बन चुकी है।

कलक्टर ने दिए सख्त निर्देश : जिला कलक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि लक्ष्यों के मुकाबले 4-5 गुना गुणात्मक आवेदन तैयार कर बैंकों को भेजे जायें। लंबित प्रकरणों का 4-5 दिनों में निस्तारण बेहतर प्रगति सुनिश्चित किया जायें। योजनावार 100 प्रतिषत लक्ष्य प्राप्ति करना सुनिश्चित हो।

निजी बैंकों पर नाराजगी : बैठक में यह सामने आया कि कुछ निजी बैंकों द्वारा सरकारी योजनाओं और विगत एसीपी में शून्य प्रगति रही है, जिस पर कलक्टर ने गहरा असंतोष जताया। सभी बैंकों को आगामी बैठक में बैंकवार एवं बिंदुवार प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

छोटे ऋणों पर विशेष जोर : छोटे ऋण (पीएम स्वानिधि) एवं कृषि आधारित ऋणों (केसीसी, पशु केसीसी) की स्वीकृति में सिबिल रिपोर्ट के साथ आरबीआई नियमों का पालन करते हुए अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं (पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई एवं एपीवाई ) का अधिक से अधिक नामांकन किया जावे। जीएम डी. आई. सी. भंवर लाल सैनी द्वारा कार्यालय द्वारा संचालित सभी योजनाओं जैसे , , एवं के बारे में बताया गया और जिले के विभिन्न बैंकों में लंबित आवेदनों को जल्दी से जल्दी निपटाने को कहा। डीडीएम नाबार्ड दीपक जाखड़ ने जिले में क्रृषि आधारित ऋण (केसीसी, पशु केसीसी) के प्रवाह को बढ़ाने के लिए सभी बैंकों को निर्देशित किया साथ ही और ऋण योजनाओं में भी अधिक से अधिक ऋण स्वीकृति करने को कहा। डीडीएम ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में जिले के प्रथमिकता क्षेत्र इसमें भी क्रृषि क्षेत्र के सभी टारगेट पूरा करने के लिए सभी बैंकों को आठाह किया। अंत में मुख्य अठाणी जिला प्रबंधक उमेद सिंह दहिया ने अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुये बैठक का समापन किया।

# सात सूत्री मांगों को लेकर शिक्षकों का धरना-प्रदर्शन

**■ सरकार और अधिकारियों की उदासीनता के कारण लंबे समय से लंबित मांगों का समाधान नहीं हो पाया**

**पावटा।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (विद्यालय शिक्षा) के बैनर तले गुरुवार को उपशाखा अध्यक्ष रणजीत सिंह शेखावत के नेतृत्व में शिक्षकों ने उपखंड कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर सात सूत्री मांगों को लेकर उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। शिक्षक महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि संगठन द्वारा समय-समय पर शिक्षा एवं शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया, लेकिन सरकार और अधिकारियों की उदासीनता के चलते लंबे समय से लंबित मांगों का समाधान नहीं हो पाया है। इससे प्रदेशभर के शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बावजूद शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मजबूरन अब शिक्षक विभिन्न चरणों में आंदोलन करने को विवश हैं। संगठन ने शिक्षा, शिक्षक और शिक्षार्थियों से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग उठाई। ज्ञापन में शिक्षकों के अवकाश यथावत रखने एवं सत्र 2026-27 के शिविरा कैलेंडर में संशोधन करने, तृतीय वेतन श्रंखला सहित सभी संवर्गों के स्थानांतरण करने, तृतीय श्रेणी शिक्षकों की लंबित पदोन्नितयां जारी करने, क्रमोन्नत विद्यालयों में पदों की वित्तीय स्वीकृति एवं स्टाफिंग पैटर्न के अनुसार पद सृजित करने, वेतन विसंगतियां दूर करने तथा संविदा शिक्षकों को नियमित करने सहित विभिन्न मांगें शामिल रही। इस दौरान वरिष्ठ शिक्षक नेता गजानंद टीलावत, बजरंग सिंह राजपूत, जिला मंत्री ओमप्रकाश बुनकर, मंत्री धर्मपाल कनौजिया, कृष्ण कुमार मीणा, मनीष शर्मा, विनोद डांगी, भगवान दास, रामकुमार शर्मा, मयंक मीणा, लालचंद बेनीवाल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

## हैल्पलाइन से मिलेगी तत्काल मदद

**कोटपूतली ।** पुलिस मुख्यालय जयपुर के निर्देशानुसार जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह के मार्गदर्शन में एएसपी नाजिम अली खान के सुपरविजन एवं डीएसपी राजेन्द्र बुरडक के निकटतम सुपरविजन, थानाधिकारी राजेश शर्मा के नेतृत्व में कस्बे के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर विशेष टीमों का गठन कर डिकॉय ऑपरेशन चलाया गया। इस गुप्त अभियान का मुख्य उद्देश्य भीड भाड वाले ईलाकों, स्कूल, कॉलेज, भीड भाड वाले बाजार और पार्कों में महिलाओं व छात्राओं पर अश्लील फब्तियां कसने वाले मनचलों व असामाजिक तत्वों की पहचान कर उन पर नकेल कसना था। इसके लिये गठित टीमों द्वारा विशेष रणनीति तैयार की गई। जिले में संचालित एंन्टी रोमियो स्क्वायड की प्रभारी एएसआई कविता एवं इनकी सहायतार्थ महिला हैड कानि. मुकेश रानी ने डिकॉय ऑपरेशन के दौरान उनके साथ कालिका पेट्रोलिंग यूनिट, द्वारा अलग-अलग टीमों में बंटकर कस्बे में सघन निगरानी रखी।

## जिले के नए एडीएम बने विनोद कुमार मीणा

**टोंक।** राज्य सरकार की ओर से बुधवार देर रात्रि को जारी आरएएस अधिकारियों की स्थानान्तरण लिस्ट में जिले में भी बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। जिले के अति.जिला कलेक्टर, जिला परिषद सीईओ व निवाई और पीपलू उपखण्ड अधिकारी सहित कई अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इसके तहत मालपुरा एडीएम विनोद कुमार मीणा को टोंक जिले का नया एडीएम लगाया गया है। वहीं समरावता थप्पड़कांड से चर्चित टोडारायसिंह उपखण्ड अधिकारी अमित चौधरी का भी भीलवाड़ा जिले के बिजौलिया में तबादला किया गया है। लंबे समय से टोंक में कार्यरत एडीएम रामरतन सौकरिया का तबादला कर दिया गया है। उनकी जगह अब विनोद कुमार मीणा टोंक के नए एडीएम होंगे। विनोद कुमार मीणा अभी मालपुरा में एडीएम पद पर कार्यरत हैं। इसी प्रकार निवाई की सहायक कलेक्टर अनीता खटीक का ट्रांसफर इंदिरा गांधी पंचायतीराज संस्थान जयपुर किया गया है। पीपलू 'क्ड गणराज बड़गौती को रामगढ़ पचवारा (करौली) उपखण्ड अधिकारी लगाया गया है।

# नीट परीक्षा पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस ने फूंका शिक्षा मंत्री का पुतला

**■ कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि पेपर लीक के कारण 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों का भविष्य संकट में पड़ गया है**

**फुलेरा।** गत 3 मई 2026 को आयोजित नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक प्रकरण को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इटावा रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय के बाहर केंद्र सरकार एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान शिक्षा मंत्री का पुतला दहन कर परीक्षा रद्द होने पर रोष व्यक्त किया गया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि पेपर लीक के कारण 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों का भविष्य संकट में पड़ गया है तथा छात्रों को मानसिक प्रताड़ना झेलनी पडी है। वक्ताओं ने कहा कि सरकार परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और सुरक्षा बनाए रखने में विफल रही है।



नीट परीक्षा में पेपर लीक को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में नगर कांग्रेस अध्यक्ष अमरचंद सैनी, दयानंद चौधरी, राकेश परिहार, शैलेंद्र शर्मा, भंवरलाल निठारवाल, मूलचंद देवंदा, मुकेश शर्मा, मुकेश वर्मा, प्रेमचंद सैनी, ईश्वर चंद्र गुर्जर, सांभर अध्यक्ष कमल शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष सीपी व्यास, अरविंद मेहहडा, सिराजुद्दीन मंसूरी, राजेश कचावटिया, सोमेश अजमेरा, अभिलाष तंबोली, सोनू चांगरा, चंद्र प्रकाश एवं हिमांशु सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस अवसर पर केंद्र सरकार से नीट परीक्षा प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई।



इस चैम्पियन बल्लेबाज ने साबित कर दिया है कि पुरानी पीढी अभी भी सर्वश्रेष्ठ है। विराट कोहली ने आईपीएल शतक को आलोचकों का करारा जवाब बताया है, जिसमें कोहली ने साबित कर दिया कि पुरानी पीढ़ी अभी भी सर्वश्रेष्ठ है।

– सुनील गावस्कर

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, विराट कोहली के बारे में बोलते हुए।

**आज का खिलाड़ी**

**फ्रेडरिक सोयेज**



**पेरिस** ओलंपिक 2024 में फ्रांस की पुरूष हॉकी टीम के कोच रहे फ्रेडरिक सोयेज भारत की अंडर 21 टीम के अगले मुख्य कोच हो सकते हैं। वह दो बार के ओलंपिक पदक विजेता और चेन्नई में 2025 जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली भारत की अंडर 21 टीम के कोच रहे पी आर श्रीजेश की जगह ले सकते हैं। श्रीजेश ने एक्स पर तल्ख लहजे में लिखी गई एक पोस्ट में मंगलवार को कहा कि विदेशी कोचों को तरजीह देने के लिये हॉकी इंडिया ने अच्छे प्रदर्शन के बावजूद उन्हें पद से हटा दिया। खेल प्रबंधन में मास्टर्स 48 वर्ष के सोयेज 1995 से 2010 तक फ्रांस के लिये अंतरराष्ट्रीय हॉकी खेले।

क्या आप जानते हैं ?... सैफ चैंपियनशिप : भारत ने सबसे अधिक बार (9 बार) यह खिताब जीता है।

## नाहिद राणा और लॉरा वोल्वाड्र्ट बने अप्रैल महीने के आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

दुबई, 14 मई। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा और दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की कप्तान लॉरा वोल्वाड्र्ट को अप्रैल माह के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। नाहिद राणा ने पहली बार यह सम्मान हासिल किया, जबकि वोल्वाड्र्ट ने पिछले सात महीनों में तीसरी बार यह पुरस्कार अपने नाम किया। नाहिद राणा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में शानदार गेंदबाजी करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने ओमान के कप्तान जतिंदर सिंह और संयुक्त अरब अमीरात के तेज गेंदबाज अजय कुमार को पीछे छोड़ते हुए पुरुष वर्ग का पुरस्कार जीता। राणा को न्यूजीलैंड के खिलाफ 2–1 से सीरीज जीतने वाली बांग्लादेश टीम में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' भी चुना गया था। उन्होंने तीन मैचों में कुल आठ विकेट लिए और उनकी इकॉनमी 4.46 रही। मीरपुर में खेले गए दूसरे मुकाबले में उन्होंने 32 रन देकर पांच विकेट झटके, जिसकी बदौलत बांग्लादेश ने 55 रन से जीत दर्ज की। चटगांव में खेले गए अंतिम मुकाबले में भी उन्होंने दो विकेट हासिल किए। महिला वर्ग में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वाड्र्ट ने लगातार शानदार बल्लेबाजी के दम पर यह पुरस्कार जीता। उन्होंने श्रीलंका की बल्लेबाज इमेशा दुलानी और ब्राजील की ऑलराउंडर लॉरा कार्डोसो को पीछे छोड़ा।

## एसबीएस अकादमी जीती

जयपुर, 14 मई। अंडर–12 पिंक सिटी कप में जयपुर क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 36 ओवर में 92 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाएं। नीरज ने सर्वाधिक 54 रनों का योगदान दिया। एसबीएस क्रिकेट अकादमी की ओर से मयंक ने 4 और राम शर्मा ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसबीएस क्रिकेट अकादमी ने 9 ओवर में 95 रन 2 विकेट के नुकसान पर बना कर जीत हासिल कर ली। आयुष्मान सोनी ने सर्वाधिक 71 रनों का योगदान दिया। जयपुर क्रिकेट अकादमी की ओर से नीरज ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच मयंक को चुना गया।

## मानिनी ने लगातार तीसरे साल 50 मीटर राइफल प्रोन इवेंट में पहला स्थान हासिल किया



जयपुर, 14 मई। मानिनी कौशिक ने 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करके डीवाईएसपी के तौर पर अपनी नियुक्ति का जश्न मनाया। भोपाल में टीम राजस्थान ने 50 मीटर राइफल 3 इवेंट में बेओन्ज़ मेडल जीता। उन्होंने क्वालिफिकेशन में 587 स्कोर करके दूसरा स्थान हासिल किया और आखिर में फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं। मोनिका जाखड़ और कृति राज राठौर ने 573–573 स्कोर करके टीम राजस्थान को पोडियम पर पहुंचाया।

## जयपुर ब्लूज़ व अरावली क्लब जीते, यथार्थ भारद्वाज का शतक



जयपुर, 14 मई। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग में आज खेले गए पूल बी के मैच में जयपुर ब्लूज ने आर सी सी को 128 रनो से हराया तथा अरावली क्लब ने स्टार क्रिकेट क्लब को 10 विकेट से हराया। जी आर ग्राउंड पर जयपुर ब्लूज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए यथार्थ भारद्वाज के शतक 107 रन (43 गेंद, 21 चौके व 3 छक्के), आलोक गुर्जर के 51 रन, हर्ष यादव के 53 रन, राहुल चौधरी के 35 रन, आर्यन सैनी के 33 रन व प्रतीक चौधरी के 28 रनो से 38 ओवर में 8 विकेट पर 375 रन बनाए। आर सी सी के लिए पराक्रम सिंह ने 60 पर 3, अक्षित शर्मा ने 72 पर 2, प्रणव चौधरी, शिवम कुमार व मानव साबू ने एक – एक विकेट लिया। जवाबी पारी में आर सी सी की टीम पराक्रम सिंह के 92 रन, मानित साबू के 63 रन व ध्रुव वशिष्ठ के 27 रनो से 38 ओवर में 8 विकेट पर 247 रन ही बना सकी। जयपुर ब्लूज के लिए प्रतीक चौधरी ने 58 पर 4, यथार्थ भारद्वाज ने 17 पर 2, देवरिषि व भीष्म ने एक एक विकेट लिया। आज से शुरू हुए पूल सी के मैच में के एल सैनी स्टेडियम पर स्टार क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विमल ठाकुर के 44 रन व अभिषेक वर्मा के 15 रनो से 31.5 ओवर में मात्र 106 रन बनाए। अरावली क्लब के लिए लोकेंद्र सिंह ने 23 पर 2, देवेंद्र शर्मा ने 14 पर 2, जय गोयल ने 19 पर 2, हंसराज रोलानिया ने 12 पर 2, प्रियम शर्मा व हर्ष कुमार मीणा ने एक – एक विकेट लिया। जवाबी पारी में अरावली क्लब ने राहुल शर्मा के 93 रन नाबाद व परम सिंह के नाबाद 13 रनो से 12.3 ओवर में बिना विकेट 108 रन बनाकर मैच जीत लिया।

## एनएसडीएफ फंड पर बड़ा खुलासा

नई दिल्ली, 14 मई। दिल्ली के लुटियंस क्षेत्र स्थित न्यू मोती बाग आवासीय परिसर में बने आधुनिक खेल सुविधाओं को लेकर अब नया विवाद सामने आया है। यहां तापमान नियंत्रित स्विमिंग पूल, टेनिस कोर्ट और अन्य खेल सुविधाएं मौजूद हैं, लेकिन इन तक पहुंच सीमित लोगों को ही मिलती है। इसी बीच एक जांच रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन सुविधाओं के निर्माण और मरम्मत में राष्ट्रीय खेल विकास कोष यानी एनएसडीएफ के पैसे का इस्तेमाल किया गया है। बता दें कि राष्ट्रीय खेल विकास कोष का गठन खिलाड़ियों की ट्रेनिंग, खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और खेल ढांचे के विकास के लिए किया गया था।

# मुंबई ने रोमांचक मुकाबले में पंजाब को हराया

## श्रेयस की टीम ने पांचवां मैच गंवाया, तिलक ने नाबाद 75 रन बनाये

धर्मशाला, 14 मई। मुंबई इंडियंस ने गुरुवार को धर्मशाला में खेले गए आईपीएल मुकाबले में पंजाब किंग्स को 6 विकेट से मात दी। मुंबई ने आखिरी ओवर में जीत हासिल की। मुंबई के लिए तिलक वर्मा ने नाबाद 75 रन बनाए। पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 200 रन बनाए। इसके जवाब में मुंबई इंडियंस ने तिलक वर्मा और रयान रिकल्टन की दमदार पारियों की बदौलत 19.5 ओवर में 4 विकेट पर 205 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। मुंबई की जारी सीजन में ये चौथी जीत है, जबकि पंजाब ने लगातार पांचवां मुकाबला गंवाया है। पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ धर्मशाला में खेले जा रहे मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 200 रन बनाए हैं। पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने सर्वाधिक 57 रन बनाए। इसके जवाब में मुंबई इंडियंस को रोहित शर्मा रयान रिकल्टन ने अच्छी शुरुआत दिलाई है। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी हुई। रयान रिकल्टन 23 गेंद में 48 रन बनाकर आउट हुए। नमन 6 गेंद में 9 रन ही बना सके। रोहित शर्मा ने 26 गेंद में 25 रन का योगदान दिया। मुंबई के लिए शार्दुल ठाकुर ने चार विकेट चटकाए। पंजाब किंग्स को पहले बैटिंग करते हुए प्रियांश आर्या के रूप में पहला झटका लगा। दीपक चाहर ने उन्हें क्लीन बोल्ड किया। प्रभसिमरन ने इस बीच शार्दुल का स्वागत तीन चौकों के साथ किया। प्रभसिमरन को 28 रन के स्कोर पर दूसरा जीवनदान मिला जब कोर्बिन बॉश ने अपनी ही गेंद पर उनका कैच टपका दिया। कूपर कोनोली ने आठवें ओवर में रघु शर्मा पर पारी का पहला छक्का जड़ा और फिर विल जैक्स पर भी दो चौके मारे।



प्रभसिमरन ने भी रघु पर लगातार दो छक्के जड़े और फिर बॉश पर छक्के और एक रन के साथ 29 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। पंजाब के रनों का शतक 11वें ओवर में पूरा हुआ। शार्दुल ने इसके बाद प्रभसिमरन और कप्तान श्रेयस अय्यर (04) को तीन गेंद के भीतर आउट करके पंजाब को दोहरा झटका दिया। शार्दुल पर छक्का जड़ने के बाद प्रभसिमरन ने अगली गेंद पर शॉट दोहराने की कोशिश की लेकिन मिड विकेट पर बॉश को कैच दे बैठे। अय्यर ने शारदुल पर चौके से खाता खोला लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड हो गए। राज बावा ने अगले ओवर में कोनोली (21) को बोल्ड करके पंजाब का स्कोर चार विकेट पर 111 रन किया। सूर्यांश शेडगे भी आठ रन बनाने के बाद शार्दुल की गेंद पर बावा के हाथों लपके गए। अजमतुल्लाह उमरजई ने बॉश पर छक्का जड़ा लेकिन इस तेज गेंदबाज ने शशांक सिंह (02) को पगबाधा कर दिया। पंजाब ने 15 ओवर में छह विकेट पर 135 रन बनाए। शार्दुल ने इसके बाद मार्को यानसेन (02) को भी पगबाधा किया। पारी के 18वें ओवर में उमरजई (38) ने चाहर की लगातार गेंदों पर चौका और दो छक्के मारे लेकिन अगली गेंद पर जैक्स को कैच दे बैठे। पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2026 का 58वां मुकाबला गुरुवार को धर्मशाला में हो रहा है। मुंबई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। सूर्यकुमार यादव निजी कारणों की वजह से नहीं खेल रहे हैं, जबकि हार्दिक पांड्या पूरी तरह फिट नहीं हैं। पंजाब किंग्स की टीम ने आईपीएल के 19वें सीजन की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की थी। टीम ने लगातार 6 मैच जीते थे और खिताब जीतने की प्रबल दावेदार बन गई थी लेकिन पिछले कुछ मैचों में श्रेयस अय्यर के नेतृत्व वाली पंजाब किंग्स की टीम जीत के लिए तरस रही है। टीम को लगातार चार मैचों में हार का मुंह देखना पड़ा है। पिछले मैचों में मिली हार से पंजाब के लिए प्लेऑफ की रेस मुश्किल हो गई है। क्योंकि टीम को अब अपने आखिरी तीन लीग मैच हर हाल में जीतने होंगे। वहीं दूसरी तरफ मुंबई इंडियंस की टीम अपना पिछला मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हारते ही टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। मुंबई जारी सीजन में 11 मैचों में से तीन में ही जीत दर्ज कर सकी है।

# आईपीएल 2026 : ऑरेंज कैप रेस में विराट कोहली तीसरे स्थान पर पहुंचे

## पर्पल कैप की रेस में भुवनेश्वर कुमार शीर्ष पर बरकरार

नई दिल्ली, 14 मई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की रेस लगातार रोमांचक होती जा रही है। बुधवार को रायपुर में खेले गए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मुकाबले के बाद दोनों सूचियों में बड़ा बदलाव देखने को मिला।

**ऑरेंज कैप की दौड़ में विराट कोहली की बड़ी छलांग :** आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने केकेआर के खिलाफ शानदार शतक जड़ते हुए टीम को 193 रनों के लक्ष्य तक पहुंचाया। इस पारी के साथ कोहली ऑरेंज कैप की सूची में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। विराट



कोहली ने इस सीजन 12 पारियों में 165.75 के स्ट्राइक रेट से 484 रन बनाए हैं। उनसे आगे सिर्फ गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन (501 रन) और सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन (508 रन) हैं। ऑरेंज कैप की दौड़ में इसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा 481 रन के साथ चौथे स्थान पर हैं। दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल 477 रन बनाकर पांचवें स्थान पर मौजूद हैं, जबकि गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल 467 रन के साथ छठे नंबर पर हैं।

**पर्पल कैप में भुवनेश्वर कुमार नंबर–1 :** गेंदबाजों की सूची में आरसीबी के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने पर्पल कैप की दौड़ में बढ़त बना ली है। केकेआर के खिलाफ उन्होंने 1 विकेट हासिल किया, जिसके बाद उनके कुल विकेट 22 हो गए हैं। भुवनेश्वर ने इस प्रदर्शन के साथ गुजरात टाइटंस के कगिसो रबाडा को पीछे छोड़ दिया है, जिनके नाम 21 विकेट हैं।

पर्पल कैप की सूची में चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कंबोज 19 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रिंस यादव, गुजरात टाइटंस के राशिद खान, कोलकाता नाइट राइडर्स के कार्तिक त्यागी और सनराइजर्स हैदराबाद के ईशान मलिंगा के नाम 16–16 विकेट दर्ज हैं।

## धोनी की वापसी पर सस्पेंस गहराया, लखनऊ मैच से पहले चेन्नई सुपर किंग्स को लगा बड़ा झटका

नई दिल्ली, 14 मई। आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स के प्रशंसकों को इस सीजन अब तक महेंद्र सिंह धोनी को मैदान पर देखने का इंतजार ही करना पड़ा है। सीजन शुरू होने से पहले चोटिल हुए धोनी अभी तक एक भी मुकाबला नहीं खेल पाए हैं। हालांकि उनकी फिटनेस में सुधार की खबरें लगातार सामने आती रही हैं, लेकिन इसके बावजूद वह टीम के साथ मैदान पर वापसी नहीं कर सके हैं। अब लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले एक और बड़ी खबर सामने आई है, जिसने फैंस की चिंता बढ़ा दी है। मौजूद जानकारी के अनुसार, चेन्नई सुपर किंग्स की टीम शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबला खेलने लखनऊ पहुंच रही है, लेकिन महेंद्र सिंह धोनी इस दौरे पर टीम के साथ नहीं गए हैं। रिपोट्र्स में दावा किया गया है कि फ्रेंचाइजी ने उनके लिए यात्रा की व्यवस्था भी की थी।

## एंड्रयू फ्लिंटॉफ बन सकते हैं सिडनी थंडर के नए मुख्य कोच, जल्द हो सकती है आधिकारिक घोषणा

नई दिल्ली, 14 मई । ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग फ्रेंचाइजी सिडनी थंडर जल्द ही इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर एंड्रयू फ्लिंटॉफ को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त कर सकती है। ऑस्ट्रेलियाई खेल वेबसाइट कोड स्पोर्ट्स के अनुसार फ्लिंटॉफ इस पद की दौड़ में सबसे आगे रहे और अब उनकी नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा जल्द होने की संभावना है। सिडनी थंडर पिछले कोच ट्रेवर बेलिस से अलग होने के बाद नए मुख्य कोच की तलाश में थी। इंग्लैंड को 2019 वनडे विश्व कप जिताने वाले बेलिस ने पांच वर्षों तक टीम का मार्गदर्शन किया था। उनके कार्यकाल में टीम 2024–25 सीजन के फाइनल तक पहुंची थी, लेकिन 2023–24 और 2025–26 सीजन में सिडनी थंडर अंतिम स्थान पर रही। ट्रेंट कोपलैंड, जो सिडनी थंडर के महाप्रबंधक हैं, ने बेलिस के जाने के बाद कहा था कि टीम विश्वस्तरीय टी20 कोच की तलाश कर रही है।

## सऊदी अरब में शुरू होगी 'ड्यून्स टी-20 लीग', युवराज बने ब्रांड एंबेसडर

नई दिल्ली, 14 मई । भारतीय क्रिकेट के दिग्गज युवराज सिंह अब सऊदी अरब में क्रिकेट को नई पहचान दिलाने की मुहिम का हिस्सा बन गए हैं। साउथ एशियन नेटवर्क लिमिटेड ने घोषणा की है कि युवराज सिंह को आगामी 'ड्यून्स टी20 लीग' का लीग एंबेसडर बनाया गया है। यह सऊदी अरब की पहली पेशेवर टी20 क्रिकेट लीग होगी, जिसकी शुरुआत अक्टूबर 2026 में प्रस्तावित है। इसके लिए एसएएन लिमिटेड ने यूनिक स्पोर्ट्स ग्रुप और प्रोलिथिक टैलेंट एजेंसी के साथ साझेदारी की है। यह लीग सऊदी अरब क्रिकेट फेडरेशन के सहयोग से आयोजित की जाएगी। छह टीमों वाली यह टी20 प्रतियोगिता अक्टूबर 2026 के दूसरे सप्ताह से शुरू होगी। आयोजकों के मुताबिक, लीग का उद्देश्य सऊदी अरब और पूरे क्षेत्र में क्रिकेट के विकास को तेज करना, स्थानीय खिलाड़ियों को मंच देना और अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल एवं मनोरंजन अनुभव उपलब्ध कराना है।

## प्रीमियर लीग : मैन सिटी की जीत से आर्सेनल पर बढ़ा दबाव, खिताबी दौड़ हुई और भी रोमांचक

नई दिल्ली, 14 मई। प्रीमियर लीग का खिताबी मुकाबला अब बेहद रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है। मैनचेस्टर सिटी ने क्रिस्टल पैलेस को 3–0 से हराकर आर्सेनल पर दबाव बढ़ा दिया है। एतिहाद स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में पेप गार्डियोला की टीम ने शुरुआत से ही नियंत्रण बनाए रखा और आसानी से जीत दर्ज कर ली। बता दें कि इस मुकाबले में मैनचेस्टर सिटी के कोच पेप गार्डियोला ने अपनी टीम में कई बदलाव किए थे। एरलिंग हालांड और जेरेमी डोकू जैसे बड़े खिलाड़ी शुरुआती एकादश में शामिल नहीं थे। इसके बावजूद टीम के प्रदर्शन में कोई कमी दिखाई नहीं दी। गौरतलब है कि लगातार व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए गार्डियोला अपने खिलाड़ियों को रोटेशन के जरिए मौका दे रहे हैं। मौजूद जानकारी के अनुसार, मैच का पहला गोल 32वें मिनट में आया जब फिल फोडेन ने शानदार बैक पास देकर एंटोइन सेमेन्यो को मौका बनाया।

# आरसीए के तत्वावधान में विभिन्न जिला संघों पर आगामी 25 मई से आयोजित की जाएगी राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड : डॉ. मोहित

जयपुर, 14 मई। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव के अनुसार बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2026 –27 की पूर्व तैयारियों के लिए आरसीए द्वारा आगामी 25 मई से राज्य के विभिन्न जिला केंद्रों पर राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता बीसीसीआई के नियमों के आधार पर खेली जाएगी।

प्रतियोगिता के लीग मैच दिनांक 25 मई से 1 जून 2026 के दौरान जयपुर, उदयपुर व जोधपुर में आयोजित किये जायेंगे। प्रतियोगिता के मैच रेड बॉल से खेले जाएंगेव सभी जिला क्रिकेट संघोको प्रतियोगिता में भाग लेने वाले जिले के खिलाड़ियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन जिसके लिए निम्न मूल दस्तावेज आवश्यक होंगे : – कम्प्यूटरीकृत जन्म प्रमाण पत्र, वास्तविक प्रमाण पत्र, पिछले तीन वर्षों की स्कूल/कॉलेज की मार्कशीट, आधार



कार्ड/वोटर आईडी/ ड्राइविंग लाइसेंस/ पासपोर्ट/पैन कार्ड। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए एनओसी प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 मई 2026 है।

**15 मई को जिला क्रिकेट संघ के मध्य आरसीए अकादमी में दूधिया रोशिनी में खेला जायेगा फ्रेंडली मैच –** आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव के अनुसार आरसीए एडहॉक कमेटी आरसीए के सभी जिला क्रिकेट संघो से समन्वय व राज्य की क्रिकेट के विकास मेउनकी सहभागिता के लिए प्रयासरत है , उसी कड़ी में कल दिनांक 15 मई को जिला क्रिकेट संघ के सम्मानीय पदाधिकारियों के मध्य आरसीए अकादमी में दूधिया रोशिनीमें राज्य के खेल मंत्री कर्नल राजवर्धन सिंह राठौड़ जी व सहकारिता मंत्री श्री गौतम कुमार दक जी की गरिमामय उपस्तिथि में फ्रेंडली मैच आयोजित किया जायेगा।

# श्रीलंका में त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए इंडिया-ए टीम का ऐलान

## 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को मौका

नई दिल्ली, 14 मई। एक अहम घटनाक्रम में, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने श्रीलंका में होने वाली आगामी त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए इंडिया ए टीम की घोषणा कर दी है। गौरतलब है कि इंडिया ए आगामी एक दिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला में श्रीलंका ए और अफगानिस्तान ए से भिड़ेगी। टीम में शामिल किए गए सबसे बड़े नामों में से एक 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी का है। इस स्टार बल्लेबाज ने आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) 2026 में राजस्थान रॉयल्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया है और इसी प्रदर्शन के चलते उन्हें इंडिया ए टीम में जगह मिली है। यह देखना दिलचस्प होगा कि श्रृंखला में उनका प्रदर्शन कैसा रहता है।

यह रोचक तथ्य है कि एक दिवसीय त्रिपक्षीय श्रृंखला के बाद, भारत ए और श्रीलंका ए के बीच दो बहुदिवसीय मैच खेले जाएंगे; इन मैचों के लिए टीम की घोषणा बाद में की जाएगी। तीनों टीमों के बीच श्वेत गेंद की श्रृंखला दंबुल्ला में खेली जाएगी, जबकि भारत और श्रीलंका के बीच बहुदिवसीय मैच गाले में होंगे। वैभव सूर्यवंशी के टीम में शामिल होने से सभी की निगाहें उन पर टिकी होंगी। 15 वर्षीय वैभव ने आईपीएल के मौजूदा सीजन में राजस्थान रॉयल्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया है।



अब तक खेले गए 11 मैचों में वैभव ने 440 रन बनाए हैं और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शतक भी लगाया है। श्रीलंका और अफगानिस्तान में होने वाली दोनों ही मैचों में वैभव पर सबकी नजर रहेगी, क्योंकि भारतीय टीम इंडिया ए का लक्ष्य सकारात्मक परिणाम दर्ज करना होगा।

**त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारतीय टीम:** तिलक वर्मा (कप्तान), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग (उप–कप्तान), आयुष बडोनी, निशांत सिंधु, हर्ष दुबे, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), कुमार कुशाग्रा (विकेटकीपर), विप्रज निगम, यश ठाकुर, युद्धवीर सिंह, अंशुल कंबोज, अरशद खान।

# थाईलैंड ओपन : पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन क्वार्टरफाइनल में

## सात्विक-चिराग की जोड़ी भी आगे बढ़ी



बैंकॉक, 14 मई । भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ियों पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी–चिराग शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और टूर्नामेंट की छठी वरीयता प्राप्त पीवी सिंधु ने महिला एकल के दूसरे दौर में डेनमार्क की अमाली शुल्ज को सीधे गेमों में 21–13, 21–15 से हराया। सिंधु ने यह मुकाबला महज 28 मिनट में अपने नाम किया।

अब क्वार्टर फाइनल में सिंधु का सामना जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व नंबर–3 अकाने यामागुची से होगा, जहां भारतीय स्टार के सामने कड़ी चुनौती रहने वाली है। पुरुष एकल वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन ने चीन के झू शुआन चेन को 21–12, 21–13 से हराकर अंतिम–8 में प्रवेश किया। 39 मिनट तक चले इस मुकाबले में लक्ष्य ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया।

क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य सेन का मुकाबला चीनी ताइपे के ली चिया हाओ और थाईलैंड के दूसरी वरीयता प्राप्त कुनलावुत वितिदसर्न के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। पुरुष युगल में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने मलेशिया की ब्रायन जेरेमी गूंटिंग और मोहम्मद हैकल की जोड़ी को 21–12, 21–19 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। विश्व नंबर–4 भारतीय जोड़ी ने यह मुकाबला 44 मिनट में जीता।

अब अगले दौर में सात्विक–चिराग का सामना जापान की छठी वरीयता प्राप्त ताकुमी नोमुरा और युइची शिमोगामी की जोड़ी से होगा। हालांकि, युवा भारतीय खिलाड़ी देविका सिहाग का अभियान दूसरे दौर में समाप्त हो गया। इस साल थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 खिताब जीतने वाली देविका को मेजबान थाईलैंड की पिचामोन ओपाटनिपुथ ने 23–21, 21–11 से हराया। दिन में आगे भारत के पूर्व विश्व नंबर–1 किदांबी श्रीकांत भी चीनी ताइपे के सू ली यांग के खिलाफ अपने दूसरे दौर का मुकाबला खेलेंगे।

# नीरज चोपड़ा और मनु भाकर विदेश में करेंगे स्पेशल ट्रेनिंग

## खेल मंत्रालय का बड़ा दांव

नई दिल्ली, 14 मई। पीठ की चोट से उबर रहे भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 25 मई से स्विट्जरलैंड के ओलंपिक ट्रेनिंग केंद्र में जाएंगे जबकि निशानेबाज मनु भाकर ट्रेनिंग के लिए इटली चली गईं। खेल मंत्रालय ने इस साल होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों को देखते हुए विदेशों में ट्रेनिंग के इनके प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। नीरज के दोनों प्रतियोगिताओं में खेलने की उम्मीद है जबकि मनु सिर्फ एशियाई खेलों में हिस्सा लेंगी क्योंकि निशानेबाजी राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा नहीं है।

मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने यहां अपनी 173वीं बैठक में नीरज के स्विट्जरलैंड के बीन में 47 दिन के ऑफ सत्र ट्रेनिंग शिविर के आग्रह के अलावा मनु के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दे दी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने बयान में कहा, ''तुर्किये में पीठ की चोट के लिए रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के कोर खिलाड़ी दो बड़ी बहु खेल प्रतियोगिताओं



की तैयारी के लिए 25 मई से 10 जुलाई तक बीन के ओलंपिक ट्रेनिंग केंद्र में ट्रेनिंग करेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 23 जुलाई से दो अगस्त तक स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में किया जाएगा जबकि एशियाई खेल 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक जापान के आइची–नगोया में होंगे। नीरज ने इस साल अभी तक किसी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है क्योंकि उनका पहले से तय सत्र का पहला टूर्नामेंट दोहा डाइमंड लीग खाड़ी क्षेत्र में चल रहे सैन्य संघर्ष के कारण स्थगित हो गया था। नीरज ने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था और 2018 तथा 2022 एशियाई खेलों में भी शीर्ष पर रहे थे।

# वीनस विलियम्स 45 साल की उम्र में करेगी फ्रेंच में वापसी

## हेल बैपटिस्ट के साथ खेलेंगी महिला युगल

नई दिल्ली, 14 मई । अमेरिका की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स एक बार फिर ग्रैंड स्लैम कोर्ट पर नजर आएंगी। 45 वर्षीय वीनस इस महीने शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन 2026 में महिला युगल मुकाबलों में हिस्सा लेंगी। वह युवा अमेरिकी खिलाड़ी हेली बैपटिस्ट के साथ जोड़ी बनाकर खेलेंगी, जो उनसे 21 साल छोटी हैं। फ्रेंच ओपन आयोजकों ने बुधवार को महिला युगल स्पर्धा के लिए खिलाड़ियों की सूची जारी की, जिसमें वीनस विलियम्स और हेली बैपटिस्ट की जोड़ी भी शामिल है। रोलां गैरां में होने वाला यह प्रतिष्ठित क्ले कोर्ट टूर्नामेंट 24 मई से शुरू होगा। हालांकि वीनस इस बार महिला एकल वर्ग में हिस्सा नहीं लेंगी। वीनस विलियम्स ने इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में वाइल्ड कार्ड के जरिए वापसी की थी, जहां वह पहले दौर में हार गई थीं। इसके साथ ही वह ऑस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य ड्रॉ में खेलने वाली सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी भी बनी थीं। सात ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीत चुकी वीनस एक समय महिला एकल और युगल दोनों वर्गों में विश्व नंबर–1 रह चुकी हैं।

# पाकिस्तान ने नज़र उठाने की कोशिश की तो, जो अब तक नहीं हुआ वह होकर रहेगा- राजनाथ

## राव दूदाजी मूर्ति अनावरण पर रक्षा मंत्री ने कहा, भजनलाल शर्मा का नाम सफल व कामयाब मुख्यमंत्री के रूप में लिया जाएगा

नागौर/जयपुर, 14 मई। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में देश की सुरक्षा नीति में व्यापक और ऐतिहासिक बदलाव हुए हैं। भारत ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि हमारी आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति है। अगर पाकिस्तान ने नजर उठाने की कोशिश की, तो जो अब तक नहीं हुआ, वह होकर रहेगा।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा, राव दूदाजी ने वीरता व स्वाभिमान की ऐसी परम्परा स्थापित की, जिसने राजस्थान को गौरवान्वित किया। उन्हीं के वंश में मीरा बाई जैसी कृष्ण भक्त हुई, जिनकी वाणी सदियों बाद भी भक्ति और मानवता का संदेश दे रही है।**



*केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार को नागौर जिले के मेड़ता में श्री राव दूदाजी के मूर्ति अनावरण समारोह में शामिल हुए।*

केन्द्रीय रक्षा मंत्री गुरुवार को नागौर जिले के मेड़ता में श्री राव दूदाजी के मूर्ति अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2023 में चुनाव के बाद पर्यवेक्षक के रूप में मैं यहां आया था और विधायक दल ने भजन लाल शर्मा को मुख्यमंत्री के रूप में चुना था। उसके बाद राजस्थान प्रगति के हर मापदंड को तेजी से पूरा करते हुए आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भजनलाल शर्मा का नाम सफल और कामयाब मुख्यमंत्री के रूप में लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राव दूदा जैसे वीर शिरोमणि का जीवन नई पीढ़ी के लिए आदर्श है। राव दूदा का अर्थ है, संकल्प, समर्पण, शक्ति और शौर्य। अश्व पर सवार दूदा जी की प्रतिमा हमें एक राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने का संदेश देती है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अस्मिता और मातृभूमि की रक्षा के लिए राजस्थान के वीर किसी भी बलिदान से पीछे नहीं हटते हैं। राव दूदाजी ने वीरता-स्वाभिमान की ऐसी परम्परा स्थापित की है, जिसने पूरे राजस्थान को विश्वभर में गौरवान्वित किया है। साथ ही, उन्हीं के वंश में मीरा बाई जैसी कृष्ण भक्त भी हुईं। मीरा की वाणी कालजयी हैं। सदियों बाद भी उनकी वाणी भक्ति और मानवता का सन्देश दे रही है।

केन्द्रीय कला, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के समय भारतीय सेना ने अद्भुत क्षमता का परिचय देते हुए आतंक के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर भारत के प्रत्येक नागरिक का मस्तक गर्व से ऊंचा करने का काम किया।

इस दौरान केन्द्रीय रक्षा मंत्री ने मीरा बाई के पेनोरमा का अवलोकन भी किया। इससे पहले उन्होंने श्री राव दूदा मेड़तिया जी की अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने श्री चारभुजा नाथ एवं मीराबाई मंदिर में दर्शन किए एवं देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल, महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ मंजू बाघमार, पंजाब के पूर्व राज्यपाल वीपी सिंह बदनौर, किसान आयोग के अध्यक्ष सी आर चौधरी, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, विधायक पुष्पेन्द्र सिंह राणावत और लक्ष्मण राम, पूर्व राज्यसभा सांसद गज सिंह सहित, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मूर्ति अनावरण आयोजन समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# राजस्थान के एक्टिंग चीफ जस्टिस ने एस्कॉर्ट छोड़ी

जयपुर, 14 मई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से ऊर्जा संरक्षण को लेकर देशवासियों से किये गये आ ान के बाद, राजस्थान हाईकोर्ट के एक्टिंग सीजे संजीव प्रकाश शर्मा ने अपने वाहन के साथ चलने वाली एस्कॉर्ट कार को छोड़ दिया है। एसीजे शर्मा अब अपने वाहन से बिना पायलट गाड़ी के आवाजाही कर रहे हैं। इसी तरह निचली अदालतों के भी कई मजिस्ट्रेट कार पूलिंग कर अदालतों में पहुंच रहे हैं।

- **उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा रोडवेज़ बस से फागी पहुँचे।**

गौरतलब है कि बीते दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने देश के नाम अपने संबोधन में देशवासियों से आ ान किया था कि वे ऊर्जा और खाद्य तेल का कम से कम उपयोग करें। इसके बाद उन्होंने अपने काफिले के वाहनों की संख्या भी काफी सीमित कर दी। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने साथ चलने वाले वाहनों के बेड़े को हल्का किया। इसी तरह डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा आज रोडवेज बस के जरिए फागी पहुंचे।

# चुनाव आयुक्त के चयन में स्वतंत्र सदस्य क्यों नहीं- सुप्रीम कोर्ट

## अदालत ने कहा, चयन समिति में विपक्ष के नेता की भूमिका प्रतिकात्मक, क्योंकि निर्णय 2:1 के अनुपात से पहले ही तय

नई दिल्ली, 14 मई। देश में चुनाव आयोग के शीर्ष पदों, मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार के कानून पर सवाल खड़े किए हैं। अदालत ने कहा कि मौजूदा चयन प्रणाली में कार्यपालिका का प्रभाव इतना अधिक दिखाई देता है कि यह चुनाव आयोग की स्वतंत्रता पर सवाल खड़ा करता है।

यह टिप्पणी उस समय आई, जब सुप्रीम कोर्ट की बेंच, जिसमें न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा शामिल थे, 2023 के उस कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसके तहत सीईसी और ईसीएस की नियुक्ति प्रक्रिया तय की गई है। सुनवाई अभी पूरी नहीं हुई है और मामले की अगली तारीख पर आगे विचार किया जाएगा।

- **सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि केवल स्वतंत्रता का दावा पर्याप्त नहीं, बल्कि चुनाव आयोग की स्वतंत्रता वास्तविक और स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए।**

वर्तमान कानून के अनुसार, चयन समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केन्द्रीय मंत्री शामिल होते हैं। इसी संरचना पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाते हुए कहा कि इसमें किसी भी स्वतंत्र सदस्य को शामिल क्यों नहीं किया गया। अदालत ने टिप्पणी की कि इस व्यवस्था में निर्णय प्रक्रिया लगभग तय हो जाती है, क्योंकि दो सदस्य सरकार से जुड़े होते हैं और तीसरे सदस्य का प्रभाव सीमित रह जाता है।

सुनवाई के दौरान अदालत ने यह भी कहा कि चयन समिति में विपक्ष के नेता की भूमिका केवल प्रतीकात्मक बनकर रह जाती है। कोर्ट ने सवाल किया कि यदि अंतिम निर्णय 2:1 के अनुपात में पहले से ही तय है, तो इस समिति में संतुलन का दावा कितना वास्तविक है। कोर्ट ने यह भी पूछा कि क्या किसी कैबिनेट मंत्री से यह उम्मीद की जा सकती है कि वह प्रधानमंत्री के निर्णय के खिलाफ जाएगा।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि केवल स्वतंत्रता का दावा पर्याप्त नहीं है, बल्कि चुनाव आयोग की स्वतंत्रता वास्तविक और स्पष्ट रूप से दिखाई भी देनी चाहिए। कोर्ट ने दोहराया कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर का हिस्सा हैं और इसके लिए चुनाव आयोग की स्वतंत्रता अनिवार्य है।

सुनवाई के दौरान इस मामले को संविधान पीठ (पांच जजों की बड़ी बेंच) को भेजने पर भी विचार हुआ, क्योंकि यह अनुच्छेद 14 और 324 की व्याख्या से जुड़ा महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रश्न है। हालांकि, इस पर सभी पक्षों में सहमति नहीं बन सकी और सुनवाई को आगे जारी रखने का निर्णय लिया गया।

# आयात बिल घटाने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कोयले (जो प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है) को गैस, रसायन और ईंधन में बदल दिया जाए, जिन्हें भारत वर्तमान में उच्च लागत पर आयात करता है।

नाम के विपरीत, कोल गैसीकरण में कोयले को जलाया नहीं जाता। इसमें क्रश किए गए कोयले को सीमित ऑक्सीजन और भाप के साथ बहुत उच्च तापमान और दबाव में गर्म किया जाता है।

असल में, कोयला आयातित प्राकृतिक गैस और पेट्रोकेमिकल फीडस्टॉक का मजबूत विकल्प बन जाता है।

भारत का एलएनजी, मेथनॉल, अमोनिया, अमोनियम नाइट्रेट और अन्य प्रतिस्थापन योग्य उत्पादों के लिए आयात बिल वित्त वर्ष 25 में 2.77 लाख करोड़ रुपये था। कोल गैसीकरण इस बिल को सीधे प्रभावित करता है।

उल्लेखनीय है कि 2024 में, कोयला मंत्रालय ने झारखंड में भारत का पहला भूमिगत कोयला गैसीकरण पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया था, ताकि ऐसे भंडार का लाभ उठाया जा सके। यह परियोजना इसलिए भी आशाजनक है, क्योंकि भारत में बड़े पैमाने पर कोयले मिलता है।

भारत 2030 तक 100 मिलियन टन प्रति वर्ष कोयला गैसीकरण हासिल करना चाहता है। यह पहले उठाए गए कदमों पर आधारित है:

2018: तालचर कोयला गैसीकरण-आधारित उर्वरक घोषणा, 2020: व्यावसायिक कोयला खनन नीलामी में प्रोत्साहन, 2021: कोयला आधारित हाइड्रोजन का रोडमैप, जनवरी 2024: 8 परियोजनाओं के लिए 8,500 करोड़ रुपये का समर्थन, और मई 2026: नई 37,500 करोड़ रुपये की विस्तार योजना।

# असम पुलिस ने दूसरे दिन भी पवन खेड़ा से 8 घंटे पूछताछ की

गुवाहाटी, 14 मई। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा गुरुवार को लगातार दूसरे दिन असम पुलिस की क्राइम ब्रांच के समक्ष पेश हुए। यह पूछताछ असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा से जुड़े कथित बहु-विदेशी पासपोर्ट मामले को लेकर चल रही जांच के संबंध में की जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, गुरुवार को पवन खेड़ा से करीब 8 घंटे तक मैराथन पूछताछ की गई। हालांकि, क्राइम ब्रांच कार्यालय में प्रवेश करते समय और बाहर निकलने के बाद मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों का उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

- **खेड़ा को 25 मई को फिर उपस्थित होने के लिए कहा गया है।**

पत्रकारों ने जब उनसे पूछा कि क्या वे अब भी अपने पुराने आरोपों और बयानों पर कायम हैं, तब भी उन्होंने चुप्पी बनाए रखी। जानकारी के मुताबिक, क्राइम ब्रांच ने पवन खेड़ा को आगे की पूछताछ के लिए 25 मई को फिर से उपस्थित होने का निर्देश दिया है। इससे पहले बुधवार को भी उनसे लगभग 11 घंटे तक पूछताछ की गई थी, जिसके बाद देर रात उन्हें जाने की अनुमति दी गई थी।

# दिल्ली में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने एक्स पर लिखा, "दिल्ली में एक और निर्भया मामला! लड़कियां स्कूल में सुरक्षित नहीं, बसों में सुरक्षित नहीं।" यह घटना 2012 के दिल्ली बस गैंगरेप मामले की याद दिलाती है, जिसमें 23 वर्षीय पैरामेडिक छात्रा (बाद में निर्भया के नाम से जानी गई) को दक्षिण दिल्ली की एक चलती बस में छह पुरुषों ने बेरहमी से पीटा, दुष्कर्म किया और फिर गंभीर रूप से घायल स्थिति में सड़क पर फेंक दिया। गंभीर चोटों के चलते 29 दिसंबर को सिंगापुर के माउंट एलिज़ाबेथ अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई थी।

# 20 साल बाद ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ने बताया कि इस मामले में मुख्य व प्रथम गवाह और शिकायतकर्ता गृह विभाग में एक वरिष्ठ अफसर है। परंतु हैरानी की बात है कि उनके द्वारा दर्ज एफआईआर में जांच अधिकारी बिना आदेश के बदल दिया गया। एफआईआर को एक थाने से दूसरे थाने भेजा गया और लगभग 20 वर्ष तक कोई जांच नहीं की गई परंतु आरोपियों को पुलिस द्वारा प्रताड़ित किया गया।

# वकील ममता ने हाईकोर्ट के सामने अपना पक्ष रखा

## हाईकोर्ट ने 2021 के विधानसभा चुनाव में हिंसा के मामले में सुनवाई की

कोलकाता, 14 मई। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी गुरुवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय पहुंचीं और 2021 के विधानसभा चुनाव बाद हिंसा से जुड़े मामले में अदालत के समक्ष पक्ष रखा। वे सुबह वकील के परिधान में उच्च न्यायालय परिसर पहुंचीं और मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल की खंडपीठ में सुनवाई के दौरान दलीलें पेश कीं।

ममता बनर्जी ने अदालत में कहा कि वे पहली बार कलकत्ता उच्च न्यायालय में बहस कर रही हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 1985 में बार काउंसिल में उनका पंजीकरण हुआ था और तब से वे सदस्यता का नवीनीकरण कराती रही हैं।

- **ममता बनर्जी ने कहा कि उनका 1985 में बार काउंसिल में पंजीकरण हुआ था और वे तब से सदस्यता का नवीनीकरण कराती रही हैं। हालांकि वे पहली बार कलकत्ता हाईकोर्ट में बहस कर रही हैं।**

अदालत में ममता ने आरोप लगाया कि चुनाव के बाद राज्य में महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि विवाहित महिलाओं को दुष्कर्म की धमकियां दी जा रही हैं, घरों में लूटपाट और आगजनी हो रही है तथा पुलिस कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही। उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि अनुमति मिलने पर इन शिकायतों को अतिरिक्त हलफनामे के रूप में प्रस्तुत करेंगी और राज्य के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह बुलडोजर राज्य नहीं है, यह पश्चिम बंगाल है। कृपया राज्यवासियों को बचाइए।

वहीं, राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता धीराज त्रिवेदी ने इन आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने अदालत में कहा कि याचिका में कहीं भी स्पष्ट रूप से यह नहीं बताया गया है कि किस स्थान पर क्या घटना हुई। ?

उनका कहना था कि राज्य पुलिस सतर्क और सक्रिय है तथा जिन 2000 से अधिक शिकायतों का उल्लेख किया जा रहा है, उनके समर्थन में कोई ठोस विवरण नहीं दिया गया है।

# होर्मुज़ के पास गुजरात के एक और जहाज़ पर हमला

नई दिल्ली, 14 मई। मिडिल ईस्ट में जारी तनातनी के बीच होर्मुज़ स्ट्रेट से सटे ओमान तट पर गुजरात का एक और मालवाहक जहाज डूब गया। हाजी अली नाम का जहाज 13 मई की सुबह ओमान के समुद्री क्षेत्र से गुजर रहा था, इसी दौरान उस पर ड्रोन या मिसाइल जैसे हथियार से हमला किया गया, हमले के बाद जहाज में आग लग गई। हालांकि, ओमान कोस्टगार्ड ने सभी 14 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बचा लिया। भारत ने बुधवार को ओमान के तट पर भारतीय झंडे वाले जहाज पर हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। ष

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान जारी करते हुए कहा कि ऐसे हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

# 16 राज्यों व 3 केन्द्र शासित प्रदेशों में होगी एसआईआर

## चुनाव आयोग ने इस संबंध में निर्देश जारी किया

नई दिल्ली, 14 मई। चुनाव आयोग ने 16 राज्यों और 3 केन्द्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची अपडेट करने से जुड़ी प्रक्रिया विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करने का निर्देश जारी कर दिया है। एसआईआर के पहले दो चरणों में 13 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के लगभग 59 करोड़ मतदाता शामिल थे। तीसरे चरण में हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख को छोड़कर पूरा देश कवर होगा।

आंध्र प्रदेश (4,16,16,061), अरुणाचल प्रदेश (8,87,607), चंडीगढ़ (5,18,663), दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव (4,27,849), हरियाणा (2,06,63,155), झारखंड (2,64,89,777 मतदाता), कर्नाटक (5,55,74,064), महाराष्ट्र (9,86,64,413), मणिपुर (20,91,999), मेघालय (23,43,252), मिजोरम (8,75,004), नागालैंड (13,56,858), दिल्ली (1,48,23,234), ओडिशा (3,34,33,659), पंजाब (2,14,56,297), सिक्किम (4,71,094), त्रिपुरा (28,97,674), तेलंगाना (3,39,20,705) और उत्तराखंड (79,76,466) शामिल हैं।

- **एसआईआर के इस तीसरे चरण में हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को छोड़ कर पूरा देश कवर किया जाएगा।**

मतदाता सूची अपडेट करने के दौरान 3.94 लाख से अधिक बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर 36.73 करोड़ मतदाताओं से मिलेंगे। इसमें उनकी सहायता 3.42 लाख बूथ स्तरीय एजेंट (बीएलए) करेंगे। बीएलए राजनीतिक दलों की ओर से गणना चरण के दौरान नियुक्त किये जाते हैं। चुनाव आयोग ने सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध किया है कि वे प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए बीएलए नियुक्त करें।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एक संदेश में कहा, मैं सभी मतदाताओं से अपील करता हूँ कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तीसरे चरण में पूरे उत्साह के साथ भाग लें और अपने गणना फॉर्म भरें। आयोजन का उद्देश्य मतदाता सूची में केवल पात्र मतदाताओं को ही शामिल करना और अपात्र व्यक्ति का हटाना है।

# सतीशन मु.मंत्री बने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की कि उनके पास राज्य के विधायकों का समर्थन है और उन्हें ही मुख्यमंत्री बनाना चाहिए।

लेकिन सभी तरफ से दबाव के बाद, राहुल गांधी ने सुरक्षित विकल्प अपनाया और सतीशन को मुख्यमंत्री चुन लिया।

इस प्रक्रिया में पार्टी के वफादार और मूल्यवान सदस्य रमेश चैन्निथला नाराज़ और दुखी हैं। वे अपने निर्वाचन क्षेत्र चले गए और किसी से नहीं मिले। उन्होंने कहा कि 2011 में जब उन्होंने पार्टी को जीत दिलाई थी, तो उन्हें ओमन चांडी को रास्ता देने को कहा गया, क्योंकि वे वरिष्ठ थे। और अब उन्हें बताया जा रहा है कि वे बहुत वरिष्ठ हैं और युवा नेताओं को अवसर दिया जाना चाहिए।

सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी ने के.सी. वेणुगोपाल को लॉलीपॉप ऑफर की है कि वे एआईसीसी में काम करते रहें और 10 महीने बाद कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव होने हैं, उसमें उन्हें अवसर मिलेगा। राहुल गांधी वादे करने के लिए जाने जाते है, पर उनके अधिकांश वादे पूरे नहीं होते।

ऐसा ही सचिन पायलट के साथ हुआ था। राहुल गांधी ने राजस्थान में कांग्रेस की जीत होने पर उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का वादा किया था। लेकिन बाद में अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री बनाया गया और सचिन को उपमुख्यमंत्री पद ऑफर किया गया। यदि सचिन ने इसे स्वीकार न किया होता, तो राहुल गांधी और नेतृत्व पर दबाव पड़ सकता था और खेल अलग दिशा में जा सकता था।

- **केरल के वरिष्ठ नेता एके एंटनी ने भी राहुल को केरल की जनभावना को स्वीकार करने की सलाह दी। पर, सबसे ज्यादा प्रभाव राहुल पर आईयूएमएल के दबाव का पड़ा, क्योंकि आईयूएमएल की राहुल के पुराने चुनाव क्षेत्र वायनाड में निर्णायक भूमिका ही नहीं है, बल्कि उसके 22 विधायकों के संख्या बल का भी दबाव है। साथ ही आईयूएमएल कई और सीटों पर भी कांग्रेस को जीतने में मदद करती है।**

ठीक उसी तरह, सतीशन अपनी मांगों और हक के लिए दृढ़ता से खड़े रहे और उन्होंने बाजी पलट दी।

यह प्रकरण कांग्रेस नेताओं के लिए सबक है कि खेल को समझदारी और रणनीति से कैसे खेला जाए।

# हद है चाकरी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के प्रिय हैं, और वे वेणुगोपाल द्वारा निशाना बनाए जाने से बचना चाहते हैं।

जिन्होंने ट्वीट किया है, उन्होंने भी केसी वेणुगोपाल के कांग्रेस पार्टी के प्रति महान निष्ठा, बलिदान और समर्पण की तारीफ में लिखा है।

हरीश चौधरी ने केवल एक शब्द लिखा: "स्टेट्समैन"

एआईसीसी में अधिकांश कांग्रेस नेता सतर्कता बरत रहे हैं।

सिर्फ सचिन पायलट हैं, जिन्होंने केरल के मुख्यमंत्री बनने पर वी. डी. सतीशन को बधाई दी है।

अन्य सभी वेणुगोपाल समर्थक मौन हैं, जिनमें तेलंगाना के मुख्यमंत्री रैवन्ता रेड्डी, अजय माकन, मुकुल वासनिक और कई अन्य शामिल हैं।

यह संभवत: कांग्रेस पार्टी के पतन की नई पराकाष्ठा है।

# शी-ट्रंप वार्ता कोई ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चुकी है। ट्रम्प का दृष्टिकोण अधिक लेन-देन और शुल्क-केन्द्रित है, जबकि शी का चीन रणनीतिक आत्मनिर्भरता और पश्चिम पर निर्भरता कम करने पर केन्द्रित है। जब वे सहयोग की बात करते हैं, तब भी दोनों टैक्नॉलजी, ट्रेड, सैमिकंडक्टर, ए.आई., रेयर अर्थ्स और इंडो-पैसिफिक में सैन्य प्रभाव की एक साथ तैयारी कर रहे होते हैं।

तीसरा, यह बैठक जितनी भू-राजनीति के बारे में है, उतनी ही घरेलू राजनीति से भी जुड़ी है। ट्रम्प चीन के प्रति कठोरता दिखाते हैं, क्योंकि यह अमेरिका के औद्योगिक और राष्ट्रवादी मतदाताओं में लोकप्रिय है। वहीं शी, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी या जनता के सामने कमजोर नहीं दिख सकते। इसलिए दोनों नेता कम कॉम्प्रोमाइज़ के साथ नैगोसिएशन में उतरते हैं। यही कारण है कि ऐसी बैठकें अक्सर स्थायी समझौते के बजाय, केवल माहौल और टैम्परेरी अण्डरस्टैण्डिंग पैदा करती हैं।

भारत के लिए, इसके निहितार्थ महत्वपूर्ण हैं। जब अमेरिका-चीन तनाव नियंत्रित रहते हैं तो भारत को लाभ होता है। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच पूरी तरह से अनबन, वैश्विक व्यापार, तेल की कीमतों, इन्वैस्टमैंट फ्लो और निर्यात बाजारों को नुकसान पहुँचाएगी। साथ ही, अमेरिका -चीन के बीच बढ़ती दूरी से भारत को रणनीतिक रूप से भी लाभ हो रहा है, क्योंकि बहुराष्ट्रीय कंपनियां और पश्चिमी सरकारें भारत को एक वैकल्पिक मैनुफैक्चरिंग, भू-राजनीतिक और तकनीकी पार्टनर के रूप में देख रही हैं।

लेकिन नई दिल्ली के सामने एक नाजुक संतुलन की चुनौती भी है। वह न तो वॉशिंगटन और न ही बीजिंग पर अत्यधिक निर्भर हो सकती है। भारत की वर्तमान रणनीति सोची समझी मल्टी अलाइनमैंट वाली लगती है: अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ संबंध गहरे करना, साथ ही चीन के साथ इतना जुड़ाव बनाए रखना कि खुले तौर पर टकराव से बचा जा सके।

सारांश यह है कि ट्रम्प-शी की बैठक एक नई वैश्विक सच्चाई को उजागर करती है: अमेरिकी प्रभुत्व और कोऑपरेटिव ग्लोबलाइज़ेशन का युग समाप्त हो गया है। उभरता हुआ वर्ल्ड ऑर्डर, बाइपोलर, लेन-देन वाला, आर्थिक रुप से बंटा हुआ और स्ट्रैटेजिक रुप से संदिग्ध होता जा रहा है। मीटिंग से कुछ समय के लिए माहौल की गर्मी और तनाव कुछ कम हो सकता है, लेकिन इससे इतिहास की मूल दिशा नहीं बदलती।

# यूपी में आँधी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मामले में घायल व्यक्ति की पहचान नन्हे मियां के रूप में हुई। जमीन पर गिरने के बाद उन्हें चोटें आईं, उनके हाथ और पैर में फ्रैक्चर हो गए। यह घटना बरेली जिले के भामोरा थाना क्षेत्र के बमियाना गांव में हुई। नन्हे मियाँ ने एनडीटीवी को बताया, "मैं 30-40 फीट ऊँचाई तक उड़ गया था। मुझे नहीं पता मैं कहाँ गिरा। मैं कम से कम 50 फीट दूर गिरा था। उन्होंने बताया कि वे रस्सी पकड़े हुये थे तथा उन्हें उम्मीद थी कि यह उन्हें सुरक्षित रखेगी, लेकिन तेज हवा ने रस्सी तोड़ दी। एक अधिकारी, जो चिकित्सा व्यवस्था के दौरान मौजूद थे, ने नन्हे मियां से बातचीत की और उन्हें भरोसा दिलाया कि प्रशासन उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलों को निर्देश दिया कि तूफान, बारिश और बिजली से हुए नुकसान की जानकारी हर तीन घंटे में अपडेट करें। गुरुवार को एक सरकारी बयान में कहा गया कि राहत उपायों, जिनमें मुआवजा वितरण भी शामिल है, को सोशल मीडिया पर प्रचारित किया जाए। अधिकारियों के अनुसार, बुधवार को पूरे राज्य में हुई बारिश और तूफान में कम से कम 89 लोग मारे गए, 53 घायल हुए, 87 घर क्षतिग्रस्त हुए तथा 114 पशु भी मारे गए। प्रयागराज, भदोही, फतेहपुर और सोनभद्र जिलों से भारी तबाही की खबरें आई हैं।

# एयर इंडिया फ्लाइट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

क्योंकि यह भोजन भारतीय संस्कृति में इतनी गहराई से जुड़ा हुआ है कि अधिकांश लोग इसे मंदिर के प्रसाद, उत्सवों के दौरान सुबह के भोजन, रविवार के नाश्ते या सड़क किनारे के भंडारों से जोड़ते हैं, न कि एयरलाइन की ट्रे टेबल से। प्रीति जैन ने इस पल को एक्स पर साझा किया, जिसने तुरंत ध्यान खींचा। उन्होंने लिखा: "मेरे परिवार में और शायद मेरे पूरे दोस्तों में यह पहला मौका है कि उड़ान में हलवा पूरी चना परोसा गया। यह हमारी दिल्ली से बाली की उड़ान पर हुआ। मेरे पति यह देखकर हैरान थे, उन्होंने इसे नहीं खाया, क्योंकि उन्हें ठंडी पूड़ी ज्यादा पसंद नहीं हैं। मैं (इस भोजन को पाकर) बहुत खुश थी और मैंने उनके भोजन को भी खा लिया। मज़ाक में कह रही हूँ कि क्या किसी और को कभी एयर इंडिया की उड़ान में यह परोसा गया है?" यह पोस्ट ऑनलाइन तुरंत वायरल हो गया। और सच कहें, तो यह समझना आसान है। बहुत से भारतीयों के लिए यह भोजन भावनाओं से जुड़ा है। यह उन भोजनों में से है, जो पहली ही बाइट लेने से पहले खुशी का अहसास दिला देते हैं, और यही कारण है कि इसे अंतरराष्ट्रीय उड़ान पर देखना बेहद अप्रत्याशित लगा। एक यूजर ने मजाक में लिखा, "(यह भोजन) शायद पास के किसी भंडारे से लिया गया होगा।" एक अन्य यूज़र ने इंटरनेट की भावना को सही तरीके से व्यक्त किया, "हलवा पूड़ी चना को इन-फ्लाइट भोजन के रूप में पाना सच में सबसे ज्यादा अप्रत्याशित देसी एयरलाइन अनुभवों में से एक है।" कुछ लोग अपनी उड़ान के खाने के अनुभव याद करके भावुक भी हो गए। एक व्यक्ति ने साझा किया, "एक बार 8-10 दिन के ऑनसाइट काम के बाद लौटते समय, मुझे दाल चावल परोसा गया। यह भोजन आश्चर्यजनक था, मेरी ऐसा ही कुछ खाने की इच्छा भी हो रही थी।" प्रीति ने भी बताया कि उनके पति ने इसे नहीं खाया, क्योंकि उन्हें ठंडी पूड़ी पसंद नहीं हैं, और कई लोग इससे सहमत भी हुए। लेकिन लोगों ने स्वीकार किया कि यह मेनू विकल्प अविस्मरणीय था।

# ब्रिक्स देशों ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सक्रियता तथा इस समूह का रणनीतिक, आर्थिक और बहुपक्षीय सहयोग को मज़बूत करने पर केन्द्रित दृष्टिकोण को दर्शाता है। इस दौरान रूस, ईरान, इंडोनेशिया, यूएई, दक्षिण अफ्रीका, इथियोपिया और अन्य ब्रिक्स भागीदार देशों के विदेश मंत्रियों और वरिष्ठ प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908